सुप्रभात
रांची, बुधवार
20.03.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11. अंक : 247 | 12

29 को रिलीज होगी फिल्म महादेव का गोरखपुर




## झामुमो को बड़ा झटका : गुरुजी को भेजा पार्टी से इस्तीफा पत्र, विधायकी भी छोड़ी

# भाजपा में गयीं सीता, कहा- मोदी ही झारखंड बचा सकते हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपनी पार्टी नीतियों से खफा सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम लिया है। दिल्ली में मंगलवार को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की पुत्रवधू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन दुमका के जामा विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रही हैं। जामा के पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी ने सीता सोरेन ने भाजपा में जाने से पहले झामुमो से इस्तीफा दे दिया था। बाद में उन्होंने पार्टी के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया। उनकी बेटियों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर सीता सोरेन ने कहा कि आज हमने एक विशाल परिवार को छोड़ दिया। अब आगे की पारी में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। (शेष 11 पर)



**विकसित झारखंड, सपना ही रह गया**

सीता सोरेन ने कहा, झारखंड अलग राज्य के लिए गुरु जी के साथ उनके पति (स्व. दुर्गा सोरेन) ने विकसित झारखंड का सपना देखा था। वह कहीं ना कहीं यह काफी पीछे छूट गया, दुर्गा सोरेन का सपना, सपना ही रह गया। पति के सपनों को पूरा करने के लिए वह राजनीति में आयीं। तीन बार जामा से विधायक बनी, पर हर बार निराशा हाथ लगी, हम जो चाहते थे काम करना, वह काम पूरा नहीं होता था। हमें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। झारखंड के युवा नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर है।

**गुरुजी को दिये पत्र में कहा:** सीता सोरेन ने पार्टी प्रमुख और ससुर शिबू सोरेन को भेजे इस्तीफे में कहा वह भारी मन से पार्टी छोड़ रही हैं। उन्होंने लगातार अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरे पति ने भी अपने त्याग, समपर्ण और नेतृत्व क्षमता के बल पर एक महान पार्टी बनायी थी। आज वह पार्टी नहीं रही, मुझे यह देख कर गहरा दु:ख होता है कि पार्टी अब उन लोगों के हाथों में चली गयी है, जिनके दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे मूल्यों और आदर्शो से मेल नहीं खाते। साथ ही शिबू सोरेन (गुरुजी बाबा के) अथक प्रयासों के बावजूद जिन्होंने हम सभी को एकजुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया। अफसोस कि उनके प्रयास भी विफल रहे। मुझे हाल ही में यह जानकारी हुई कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है। मैं अत्यन्त दु:खी हूं। मैंने यह दृढ़ निश्चय किया कि मुझे अब जेएमएम परिवार को छोड़ना होगा। अत: मैं अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहीं हूं। आप से निवेदन करती हूं कि मेरे इस्तीफे को स्वीकार किया जाये।

### पीएम मोदी का कार्य देख लिया फैसला

सीता सोरेन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में लगातार विकास पथ पर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के कामों को देखते हुए उन्होंने मन बनाया की अब भाजपा में ही आगे देश का भविष्य है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव काफी नजदीक है, घोषणा हो चुकी है। पूरे देश से खबर है कि भाजपा ही फिर से सत्ता में काबिज होगी। सीता ने कहा कि मैंने भी काफी संघर्ष झारखंड में किया है। झामुमो में 14 साल बिताया है, लेकिन जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। सीता सोरेन ने अपने इस्तीफा पत्र लिखकर पहले शिबू सोरेन को भेजा। बाद में विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायकी से इस्तीफा दिया। सभी इस्तीफा सीता ने मेल के माध्यम से दिया है।

### सीता सोरेन बोलीं, झारखंड की सभी सीटों पर कमल खिलेगा

सीता ने कहा कि झारखंड को झुकायेगें नहीं, बल्कि झारखंड को बचायेंगे। भाजपा ही झारखंड को बचा सकतू है। मोदी जी के मार्गदर्शन में अब आगे का काम करेंगे। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 14 सीटों पर कमल खिलायेगी। जनता कह रही है कि बदलाव कैसे हो, यही कारण है कि वह बदलाव के पद पर आगे बढ़ते हैं। झारखंड विकास से आज भी कोसों दूर है, इसी मकसद को देखते हुए अब मोदी जी के महापरिवार में शामिल हुए हैं।

## न्यूज डायरी

### वंदना दादेल फिर गृह सचिव बनायी गयीं



रांची। वरिष्ठ आइएएस अधिकारी वंदना डाडेल झारखंड की नयी गृह सचिव बनायी गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अरवा राजकमल की जगह इन्हें नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### चतरा में सीबीआइ का छापा, दो गिरफ्तार

**रांची।** चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में सीबीआइ की एसीबी टीम ने परियोजना में कार्यरत सीसीएल के ओवरसियर रामभजु और दलाल अशोक राम को 25 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

### दुमका पेट्रोल हत्याकांड में दो दोषी करार, सजा 28 को

**दुमका।** चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त शारूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू दोषी सिद्ध पाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रमेश चंद्रा की कोर्ट में सजा के बिन्दु पर 28 मार्च को सुनवाई होगी। घटना 23 अगस्त, 2022 को नगर थाना क्षेत्र के जरुवाडीह की है। युवती पर पेट्रोल डालकर मारने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान पीड़िता की 27 अगस्त को रांची में मौत हो गयी थी। न्यायालय ने दोनों आरोपितों को हत्या एवं हत्या का साजिश करने का दोषी पाया। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न्यायालय के समक्ष अभियुक्तों की पेशी हुई।

### नाराज पारस ने मोदी कैबिनेट से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** लोजपा प्रमुख पशुपति नाथ पारस ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। एनडीए के बिहार में हुए सीट बंटवारे के बाद से वो नाराज चल रहे थे। उन्हें एक भी सीट नहीं मिली थी। वहीं उनके भतीजे को पांच सीटें दी गयी हैं। पारस ने कहा, हमारी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हमने ईमानदारी से एनडीए की सेवा की है।

### यूपीएससी प्रीलिम्स की तारीख बदली

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को ले कर यूपीएससी ने सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2024 की तारीख में बदलाव कर दिया है। पहले यह एग्जाम 26 मई 2024 को होना था, अब इन्हें 16 जून को कराया जायेगा। अप्रैल से जून 2024 तक देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होंगे। ऐसे में इस एग्जाम को टालने का फैसला लिया गया है।

# जानबूझकर हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाते हैं इंडी नेता : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर इंडिया' गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ने इसे नष्ट करने की घोषणा कर अपने बुरे इरादे' का प्रदर्शन किया है। मोदी ने तमिलनाडू में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी इंडिया' गठबंधन के अहम घटक हैं। पीएम ने कहा कि इंडिया' गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनके द्वारा हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है। उन्होंने कहा, इंडी' अलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। किसी दूसरे धर्म का अपमान द्रमुक और कांग्रेस का इंडी अलायंस नहीं करता। अन्य किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। पर हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। उन्होंने नारी शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में शक्ति का अर्थ है मातृ शक्ति और नारी शक्ति।



### जनता इनलोगों को सजा देगी

कांग्रेस और द्रमुक वाले इंडिया गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे। पीएम ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को शक्ति' के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं। मैं शक्ति उपासक हूं।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीएए पर रोक की मांग वाली याचिका ठुकरायी

## केंद्र सरकार को नोटिस, अगली सुनवाई नौ अप्रैल को

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)- 2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जबाव देने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फिलहाल सीएए कानून के अमल पर रोक नहीं लगा रहे हैं, पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा, हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगायी। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा, दो सौ 37 याचिकाएं हैं। सीएए पर रोक लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल श्री मेहता से बयान देने को कहें कि याचिकाओं पर फैसला होने तक किसी को नागरिकता नहीं दी जायेगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जायेगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, 'मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं। पीठ के समक्ष दलील देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल और जयसिंह ने कहा कि पहले जब शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी 2020 को मामले में केंद्र को नोटिस जारी किया था तो उसने रोक के सवाल पर विचार नहीं किया था, क्योंकि तब तक सीएए संबंधी कोई नियम अधिसूचित नहीं किया गया था। श्री सिब्बल ने कहा, चार साल बाद 11 मार्च को अधिसूचना जारी की गयी। अगर किसी को नागरिकता मिलती है तो वह अपरिवर्तनीय होगी। आप इसे वापस नहीं ले सकते। यह निष्फल हो जायेगी। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता जयसिंह ने भी कहा कि जब तक अदालत इस मामले की सुनवाई नहीं कर लेती तब तक सीएए पर रोक लगायी जानी चाहिए। सीएए में उन व्यक्तियों को नागरिकता देने का प्रस्ताव है, जो अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदाय के अवैध प्रवासी हैं और 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था।

### प्रमोशन में आरक्षण पर कोर्ट ने लगायी रोक

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण झारखंड सरकार अभी नहीं दे सकती है, जब तक की झारखंड सरकार सुप्रीमकोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1, 2 एवं एम नागराज के केस में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनाती। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है। क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज जजमेंट एवं जरनैल सिंह जजमेंट में जो गाइडलाइन दिया गया था उसका पालन नहीं किया गया है। अदालत ने 2003 से लंबित इस याचिका को मंगलवार को निष्पादित कर दिया। अपने फैसले में अदालत ने कहा है कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प अभी प्रभावी नहीं होगा।

## हटिया डीएसपी से इडी ने की लंबी पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी ने मंगलवार को हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से लंबी पूछताछ की। उन पर साहिबगंज में अपने पदस्थापन के दौरान बरहरवा टोल प्लाजा विवाद मे दर्ज प्राथमिकी का सुपरविजन 24 घंटे में करने का आरोप है। सुपरविजन में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष करार दिया था। इस विवाद में दर्ज प्राथमिकी के जांच अधिकारी पूछताछ के दौरान इडी के समक्ष यह स्वीकार कर चुके हैं कि जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं की गयी। प्रमोद मिश्रा से इस मामले में पूर्व में भी पूछताछ हो चुकी है।

**आज प्रीति कुमार का बुलावा**

डीएसपी पर पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत की अवधि में गलत तरीके से मिलने का भी आरोप लगा है। वहीं बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में प्रीति कुमार से ईडी 20 मार्च पूछताछ करेगी। 12 जनवरी को भी उनसे पूछताछ की थी। इडी ने जमीन घोटाले की जांच के दौरान राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर छापेमारी की थी। उस दौरान बक्से में जमीन के दस्तावेज मिले थे। इसी मामले की जांच के दौरान बरियातू फायरिंग रेंज के पास की आठ एकड़ जमीन और बर्लिन अस्पताल की जमीन की भी जानकारी मिली थी।

# झामुमो छोड़नेवालों को संथाल ने हमेशा नकारा है

**सुधीर**

**रांची।** संथाल परगाना झामुमो का गढ़ रहा है। यहां सिर्फ दिशोम गुरु शिबू सोरेन (गुरुजी) का नाम बिकता है। गुरुजी के नाम से ही लोग वोट करते हैं। यही कारण है कि गुरुजी के कई करीबियों ने उनका साथ छोड़ा और अन्य दलों से जाकर अपना भाग्य आजमाया, लेकिन किसी भी राजनेता ने इस चुनावी दंगल में जीत का स्वाद नहीं चखा। उनमें भी एक खराब रिकॉर्ड यह रहा है कि कि जिसने भी भाजपा का दामन थामा, उसे जीत नहीं मिली। हार का सामना करना पड़ा। संथाल पर अगर एक नजर दौड़ायें तो झामुमो छोड़ने वालों में सबसे बड़ा नाम सूरज मंडल का है। इनके अलावा साइमन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और स्टीफेन मरांडी ने भी झामुमो छोड़ दूसरे दल में गये और हार का मुंह देखा। मंगलवार को इनमें एक नया नाम गुरुजी शिबू सोरेन के घर की बड़ी बहू सीता सोरेन का भी जुड़ गया है। सीता ने भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा का दामन थाम लिया है और झारखंड में कमल खिलाने का दावा कर रही हैं।

**सूरज नें छोड़ा था झामुमो का हाथ**

झारखंड को राजनीति में एक समय सूरज मंडल का बड़ा नाम रहा है। ये भी कभी शिबू सोरेन के राइट हैंड हुआ करते थे। गुरुजी के बाद नंबर दो की हैसियत रखते थे। वह पहली बार पोड़ैयाहाट से विधायक बने और 1994 में गोड्डा लोकसभा सांसद। इससे पूर्व झारखंड स्वायत्तशासी परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे। लेकिन धीरे-धीरे उनकी पकड़ पार्टी पर मजबूत होता देख उन्हें झामुमो ने निष्काषित कर दिया गया। फिर उन्होंने अपनी पार्टी झारखंड विकास दल बनाया और चुनाव लड़ा, लेकिन असफल रहे और लगभग 7 साल से भाजपा में है। चर्चा थी कि उन्हें गोड्डा से चुनाव लड़ाया जाएगा, लेकिन आज वे राजनीतिक रूप से हाशिये पर हैं।

**साइमन मरांडी की कभी झामुमो में थी अच्छी पकड़**

साइमन मरांडी भी गुरुजी शिबू सोरेन के काफी करीबी लोगों में गिने जाते रहे थे। वे राजमहल से झामुमो के टिकट पर सांसद भी रहे। वहीं, वे लिट्टीपाड़ा से विधायक भी रहे। उनकी पत्नी सुशीला हांसदा भी कई बार विधायक रहीं, लेकिन टिकट को लेकर झामुमो से नाराजगी हुई और फिर वे भाजपा में चले गये। 2014 में वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन झामुमो के डॉ अनिल मुर्मू से हार गये। अनिल मुर्मू के आकस्मिक निधन के बाद 2017 में वे फिर झामुमो में आये और पार्टी टिकट पर फिर से जीते। (शेष 11 पर)

## होली आते ही बढ़ जाती है हर्बल रंग, गुलाल और अबीर की मांग

# झारखंड में बड़ी मात्रा में तैयार होता हर्बल रंग और गुलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** होली का त्योहार नजदीक आ गया है। होली के दौरान रंग अबीर गुलाल का खास महत्व होता है। बदलते वक्त के साथ लोग केमिकल रंग की जगह हर्बल रंग के इस्तेमाल को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में हर्बल अबीर गुलाल और रंग की मांग बढ़ गयी है। झारखंड में पलाश के फूल, गुलाब, पालक, नीम के पत्ते से हर्बल रंग और गुलाल तैयार करने की पुरानी परंपरा है।और रंग की मांग बढ़ गयी है। झारखंड में पलाश के फूल, गुलाब, पालक, नीम के पत्ते से हर्बल रंग और गुलाल तैयार करने की पुरानी परंपरा है। (शेष 11 पर)

### ऐसे तैयार होता है हर्बल रंग और गुलाल

हर्बल अबीर, गुलाल को तैयार करने में रंग के हिसाब से अलग-अलग सामग्री की जरूरत पड़ती है। इसमें पलाश का फूल, रंग के हिसाब से गेंदा का फूल, चुकंदर, पालक, नीम के पत्ते, आरारोट, टेलकम पाउडर, गुलाब की जरूरत होती है। अगर 500 ग्राम गुलाबी रंग का अबीर गुलाल तैयार करना है तो 150 ग्राम पलाश के फूल, 250 ग्राम आरारोट, टेलकम 250 ग्राम, 200 ग्राम चुकंदर, 100 ग्राम गुलाब के फूल, 50 ग्राम नीम के पत्तों की जरूरत होती है। सबसे पहले पलाश के फूल को सुखा लिया जाता है। इससे बाद इसके काले पंखुड़ियों को निकाल दिया जाता है। पलाश के फूल अगर सूखे नहीं हैं तो उसे उबालने के बाद पानी को निकाल लिया जाता है। इसमें चुकंदर के छोटे



छोटे टुकड़े को मिक्स कर दिया जाता है। इसी दौरान पानी को उबाला जाता है और फिर उसमें पहले आरारोट, टेलकम पाउडर, पलाश के फूल (अगर सूखा हुआ नही है तो उसका पानी), सुखे गुलाब के फूल के पत्ते और नीम के पत्तों को मिला दिया जाता है। फिर इसे मशीन में मिला दिया जाता है। बाद में सभी को गर्म पानी मे आपस मे मिलाकर सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। पीले रंग के अबीर, गुलाल बनाने के लिए चुकंदर की जगह गेंदा फूल का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, हरे रंग के लिए चुकंदर, गेंदा फूल की जगह पालक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, रंग तैयार करने के लिए आरारोट और टेलकम पाउडर की मात्रा बेहद ही कम लगाई जाती है। उसमें रंग के हिसाब से चुकंदर, पालक, गेंदा के फूल की मात्रा अधिक होती है। 100 ग्राम रंग बनाने के लिए 100 ग्राम पलाश के फूल, 50 ग्राम चुकंदर/पालक/गेंदा फूल/, 10 ग्राम से हिसाब से टेलकम पाउडर और आरारोट आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## हैरान हैं हम सभी, भाजपा में जाने का फैसला जल्दबाजी वाला : महुआ माजी



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले झामुमो को बड़ा झटका लगा है। सीता सोरेन ने झामुमो के बाद विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा देकर मंगलवार को नई दिल्ली में बीजेपी का दामन थाम लिया। झामुमो से राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा है कि पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है। इस बीच उन्होंने ऐसा निर्णय क्यों लिया, इसकी उन्हें अधिक जानकारी नहीं है। महुआ माजी ने कहा कि सीता सोरेन के इस्तीफे की खबर सुनकर हम सब हैरान हैं। यह हमारी पार्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे फैसले जल्दबाजी वाले होते हैं।


### आम सूचना

झारखंड भवन उपविधि 2016 यथा संशोधित की धारा 61.16 में ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत अनिवार्य प्रावधान के अंतर्गत **"पर्ल आर्किड"** अरगोड़ा कठहल मोड़ रोड, रॉंची में EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स के आबंटन/बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स का आबंटन/बिक्री नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के गाइड लाइन के नियमानुसार किया जाएगा।

निवेदक
मोती इन्फ्रास्ट्रचर्स
अरगोड़ा, कठहल मोड़ रोड, रॉंची
फोन नं. 9430737562


### BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 43 of 2023

BETWEEN

BANK OF INDIA, TANDWA BR., CHATRA ....APPLICANT BANK

VS.

DEEPAK KUMAR ....DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | DEEPAK KUMAR S/O LATE BHIRGU NARAYAN PANDEY @ LATE BHIRGU NANDAN PANDEY | R/O VILLAGE - KHAPIYA, P.O. - KEREDARI, P.S. - KEREDARI, KEREDARI, DIST. - HAZARIBAGH - 825311 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 25,56,196.00/- (Rupees Twenty Five Lakhs Fifty Six Thousand One Hundred Ninety Six Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 10th day of May, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **4th day of March, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR

### कार्यालय नगर परिषद रामगढ

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् के द्वारा निकाले गए निविदा संख्या NIT/RGH/NP/04/2023-24 (3rd CALL) जिसका PR 322832 District (23-24).D अपरिहार्य करणों से स्थगित किया जाता है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 323120 District (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
ई–मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

पत्रांक. ............ लोहरदगा, दिनांक. ....................

**शुद्धि पत्र**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा निकाली गई अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 28/2023-24, PR No. 321787 Lohardaga (23-24)*D है। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 323147 Lohardaga(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivisionBarhi/IFB- 02/2023-24 दिनांक 15–03–2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जिला–गिरिडीह, प्रखण्ड–गॉवा, ग्राम–मेलवा के पास सकरी नदी के दॉया तट पर हो रहे कटाव निरोधक कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 1,04,51,000.00 (एक करोड चार लाख एकावन हजार)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रू0 10,000.00 (रूपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि)। |
| 4 | अग्रधन की राशि | रू0 2,10,000.00 (दो लाख दस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 10–04–2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय। | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 10–04–2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 12–04–2024 को 2:00 बजे अपराह्न में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825402 |
| 11 | ई–प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9431108950 |

नोटः केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, बरही

PR 323109 (Water Resource)23-24*D

## सीता सोरेन ने मोदी की गारंटी और गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर जताया विश्वास

# झारखंड की दुर्दशा और अपनी उपेक्षा से आहत सीता सोरेन ने झामुमो छोड़ा : बाबूलाल मरांडी

### सीता सोरेन के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी : मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने सीता सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखे हैं, उसमें उनकी पीड़ा, दर्द स्पष्ट झलक रहा है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया बनकर झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में मुख्यमंत्री के उम्मीदवार होते, लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया। जिन्होंने कोई संघर्ष नहीं किया, वे शीर्ष पर पहुंच रहे हैं। इसलिये, सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि सीता पार्टी के कार्य कलापों के अतिरिक्त झामुमो के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार से भी खफा रही। उन्होंने लगातार सड़क से सदन तक झामुमो-कांग्रेस और राजद के गठबंधन से चल रही सरकार द्वारा किये जा रहे जल, जंगल, जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट पर मुखर होकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने खुलकर अत्याचार और भ्रष्टाचार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैये में कोई सुधार की गुंजाइश नहीं देखते हुए उन्होंने अपने लिये अलग राह चुनी। सीता सोरेन को मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संकल्प प्रभावित किया। भाजपा आदिवासी, दलित, पिछड़े, महिला, वंचित सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित है। जनजाति समाज को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्यधारा में तेजी से जोड़ा जा रहा है। सीता सोरेन के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी।

### सीता सोरेन के पत्र पर झामुमो निरुत्तर : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झामुमो ने मां समान बड़ी बहू सीता सोरेन का अपमान किया। उन्होंने कहा कि सीता ने खुद पत्र में स्वीकार किया है कि पार्टी के भीतर उनको हमेशा अपमानित किया जाता रहा है। उनकी और उनके बेटियों की हमेशा अनदेखी की जाती रही है। झामुमो के प्रवक्ता ने सीता सोरेन के द्वारा उठाये गये मुद्दों का कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके लिये घर का भेदी लंका ढाये जैसे अपमानजनक बातों को लिखकर अपनी असलियत दिखा दी।

### कोई भी पार्टी छोड़ता है तो वह पार्टी के लिए ठीक नहीं होता: भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को जामा विधायक सीता सोरेन के भाजपा से जुड़ने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता यदि पार्टी छोड़ता है तो यह पार्टी के लिए ठीक नहीं होता, लेकिन सीता सोरेन ने कुछ निश्चय करके त्याग पत्र दिया है तो फिर इस विषय में कुछ कहना ही नहीं। दुमका से लोकसभा का चुनाव कल्पना सोरेन या हेमंत सोरेन के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी संतुलित करके चलती है। हर समर्पित कार्यकर्ता पर ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। गुरुजी के निर्णय को सर्वमान्य मानते हुए दुमका लोकसभा के किसी भी उम्मीदवार की जीत को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर कार्यकर्ता समर्पित होगा।

वहीं भाजपा प्रवक्ता के बयान सीता हुई लंका से आजाद पर कहा कि भगवान राम के रामेश्वरम पूजा की जानकारी है या नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान राम मां सीता के साथ पूजा रामेश्वरम में की थी। जब रावण का अहंकार का नाश हुआ तो अहंकारी का विनाश तय है।

## अब सीता सोरेन के सहारे संथाल को साधने की भाजपा की कवायद शुरू

**इसके पहले कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम कोल्हान क्षेत्र में भाजपा को दिलायी बढ़त**



**शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने से गठबंधन दल मनोवैज्ञानिक रूप से हुआ कमजोर**

उदय चौहान

**रांची।** अब सीता सोरेन के सहारे भाजपा संथाल परगना साधने की कवायद शुरू की है। सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थामने के बाद शिबू सोरेन परिवार में खटपट तेज होने की अटकलें लगायी जा रही है। इसी के साथ गठबंधन दलों का मनोबल कमजोर होने की बात कही जा रही है। दरअसल, सीता सोरेन सिर्फ शिबू सोरेन की बड़ी बहू ही नहीं जामा से तीन बार की विधायक भी हैं। इनके भाजपा में शामिल होने से कमल खिलाने में मदद मिलेगी। कहा गया है कि राजमहल के भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी को भी दिल्ली तलब किया गया है। हांलाकि, दुमका लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सुनील सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन, झामुमो के गढ़ समझे जाने वाले संथालपरगना में भाजपा हर हाल में सभी लोकसभा सीट पर कब्जा जमाना चाहती है।

इसके पहले कांग्रेस की गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम कर उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलायी है। दरअसल, कोल्हान क्षेत्र में भाजपा का खेवनहार मजबूत नेता दिखायी नहीं दे रहा था। अब, गीता कोड़ा के सहारे भाजपा मजबूत हो गयी है। चर्चा तो यह भी है कि शिबू सोरेन के संघर्ष के साथी लोबिन हेम्ब्रम भी भाजपा में आने के लिये लालायित है। चुनाव के पहले लोबिन के भी भाजपा का दामन थामने की खबर चौंका सकती है।

खैर! गीता कोड़ा के बाद सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम कर ऑपरेशन कमल को सफल बना दिया है। इन दोनों नेत्री के भाजपा में आने से भगवा रंग और अधिक चटक होगा। यही नहीं, शिबू सोरेन परिवार की विरासत पर भी ग्रहण लग सकता है।

### अप्रैल के अंतिम सप्ताह में स्टेट बोर्ड का आयेगा रिजल्ट

**रांची।** जैक दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट अप्रैल के अंतिम महीने में घोषित कर सकता है। जैक की ओर से इसकी तैयारी चल रही है। जैक के अनुसार कॉपी मूल्यांकन का काम शुरू हो चुका है। जैक इस तैयारी में है कि समय पर छात्रों का रिजल्ट जारी कर दिया जाये। बताते चलें कि 6 से 26 फरवरी तक स्टेट बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा आयोजित हुई थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई थी। पहली पाली में मैट्रिक और दूसरी पाली में 12वीं की परीक्षा ली गई थी। इन परीक्षाओं में लगभग 7 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के बाद से ही छात्र रिजल्ट के इंतजार में हैं। वहीं जैक के अधिकारी भी रिजल्ट कती तैयारी में लगे हैं। वह स्टेट बोर्ड की परीक्षा का फुलप्रुफ रिजल्ट देना चाहते हैं। यही कारण है कि रिजल्ट देने में हड़बड़ी की बजाये काफी सावधानी बरत रहे हैं।

## कड़िया मुंडा से मिलकर सांसद संजय सेठ ने लिया आशीर्वाद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को खूंटी जाकर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और पद्म विभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के क्रम में श्री मुंडा ने सांसद को श्रीफल और शगुन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। सांसद श्री सेठ ने कड़िया मुंडा से कई बिंदुओं पर उनका मार्गदर्शन लिया। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सांसद को कड़िया मुंडा ने विजय होने का आशीर्वाद दिया। श्री सेठ ने कहा कि कड़िया मुंडा सिर्फ भाजपा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक है। वह एक ऐसे व्यक्तित्व है, जो राजनीति से परे हैं।

## सीसीएल आम्रपाली और चंद्रगुप्त क्षेत्र ने समय से पहले उत्पादन लक्ष्य पूरा किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल के आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 21 एमटी का उत्पादन लक्ष्य निर्धारित समय से 13 दिन पूर्व प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 18 एमटी कोयले का उत्पादन किया था। पिछले वर्ष की तुलना में आम्रपाली क्षेत्र ने 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक 21 एमटी कोयले का उत्पादन किया है। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारियों को पूरी टीम पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन में लगी हुई है।

आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त सीसीएल का महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी क्षेत्र है। इसके अंतर्गत आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त नामक दो परियोजनाएं है। आम्रपाली परियोजना में लगभग 467 एमटी कोयले का भंडार है। दूसरी परियोजना चंद्रगुप्त में 527 एमटी कोयले का भंडार है। इस वित्तीय वर्ष में आम्रपाली परियोजना 23 एमटी उत्पादन की ओर अग्रसर है।

ज्ञात हो कि इस वर्ष सीसीएल का उत्पादन लक्ष्य 84 एमटी है। सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में पूरी टीम लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है। वार्षिक उत्पादन के लिए श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यालय से वरीय अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों का नियमित दौरा कर रहे हैं। साथ ही, श्रमिकों को सम्मानित भी किया जा रहा।

**एक साल पहले ही खत्म हो चुका है करार, मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक बेनतीजा**

# टेंडर के खेल में फंसा स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य उपकरणों का रखरखाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर बायोमेडिकल उपकरण प्रबंधन और रखरखाव कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिला और उपजिला अस्पतालों में मौजूद स्वास्थ्य उपकरणों के देखभाल, मेंटेनेंस और सर्वोत्म मरम्मत सेवाएं देनी है। इसके लिए राज्य सरकार ने हैदराबाद स्थित निजी कंपनी मेसर्स मेडिसिटी हेल्थकेयर सर्विसेज के बीच निविदा आमंत्रित करने के की शर्तों के आधार पर करार किया था। करीब एक वर्ष पहले यह करार खत्म हो चुका है। इसके बाद से न तो इसे एक्टेंशन मिला है और ना ही इसके लिए नया करार हुआ है। ऐसे में मशीनों का रखरखाव अब भगवान भरोसे है। अस्पतालों में अगर मशीनें खराब हो जाती हैं तो इसका मेंटेनेंस भी अभी संभव नहीं है। ऐसे में नुकसान सिर्फ मरीजों को होगा। उन्हें निजी अस्पतालों और क्लिनिकों के भरोसे रहना होगा।

### पिछला भुगतान भी है लंबित

इस संबंध में जब सेवा प्रदाता मेडिसिटी के प्रतिनिधियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उनका काफी बकाया भुगतान सरकार के पास लंबित है, फिर भी वे सरकारी सुविधाओं के लिए सेवाएं जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं। नाम न बताने की शर्त पर कार्यरत अधिकारियों ने खुलासा किया कि मेडिसिटी इंजीनियर अभी भी हमारे अनुरोधों और कॉलों पर मरीजों एवं झारखंड की जनता की देखभाल के लिए अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**इन उपकरणों के रखरखाव की है जरुरत :** वेंटिलेटर, डिफैब्रिलेटर, ईसीजी मशीनें, बेबी वार्मर, सीटी स्कैन मशीनें, अल्ट्रासाउंड मशीनें, कृत्रिम सांस, डिफैब्रिलेटर्स, ऑपरेशन थिएटर उपकरण, आईसीयू उपकरण, एनआईसीयू उपकरण लैब उपकरण आदि, रक्त–गैस विश्लेषक और सभी रिकॉर्ड–कीपिंग।

### 22 जुलाई 2023 की बैठक रही बेनतीजा

4 जुलाई 2023 को वर्तमान सेवा प्रदाता मेडिसिटी हेल्थकेयर हैदराबाद की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस संदर्भ में स्थिति पर चर्चा और विश्लेषण करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक 22 जुलाई 2023 को बुलाया था। लेकिन इसका नतीजा नहीं निकल सका है। करार खत्म होने का सबसे बड़ा असर ये होगा कि झारखंड के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में लगे मेडिकल उपकारों पर मेंटेनेंस के आभाव में जंग लग सकता है।

## हजारीबाग लोस सीट पर भाजपा का रहा है दबदबा

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** हजारीबाग लोकसभा सीट पर हमेशा से भाजपा का दबदबा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने भाजपा से जीत का हैट्रिक जड़ा था। वहीं, उनके पुत्र जयंत सिन्हा ने लगातार दो बार जीत हासिल की थी। इस साल के लोकसभा चुनाव में झारखंड की हजारीबाग सीट पर भाजपा और गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर होने के आसार हैं।

उल्लेखनीय है कि अब तक भाजपा हजारीबाग लोस सीट से सात मर्तबा चुनाव जीती है। जबकि कांग्रेस को केवल दो ही बार जीत मिली है। हजारीबाग सीट से सबसे पहले भाजपा ने 1989 में अपनी जीत का खाता खोला था। हजारीबाग सीट से सबसे पहले भाजपा ने 1989 में अपनी जीत का खाता खोला था। उस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी यदुनाथ पाण्डेय ने 2,33,060 मत हासिल कर सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 43,419 मत के अंतर से पराजित कर पार्टी को पहली जीत दिलाई थी। इसके बाद 1991 एवं 2004 में हुये दो लोस चुनाव को छोड़ बाकी के सभी दंगल में भाजपा की जीत का परचम कायम रहा है। इसके दो साल बाद 1991 में हुये चुनाव में सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने 1,71,725 मत हासिल कर भाजपा के यदुनाथ पाण्डेय को 24,681 मतों के मामूली अंतर से पराजित कर विजयी हुये थे। इसके बाद के चुनाव में सीपीआई श्री मेहता अपनी जीत को कायम नहीं रख सके। 1996 में हुए चुनाव में भाजपा के महावीर लाल विश्वकर्मा ने 2,37,357 मत प्राप्त कर 71, 251 मतों के अंतर से सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को पराजित किया था।1998 के चुनाव में भाजपा ने महावीर लाल विश्वकर्मा की जगह यशवंत सिन्हा का चुनावी मैदान में उतारा। वह 3,23, 283 वोट प्राप्त कर भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 1,63,506 मतों से शिकस्त देने में कामयाब हुये। सन 1999 के चुनाव में भी यशवंत सिन्हा ने 2,83,956 मत प्राप्त कर तब चुनावी मैदान में उतरे राजद प्रत्याशी अकलू राम महतो को 1,82,642 मतों से पराजित करने में सफल हुये। इसके बाद के 2004 के आम चुनाव में यशवंत सिन्हा की जीत पर ब्रेक लगाने में सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सफल हो गये। उन्होंने 3,56,058 मत हासिल कर भाजपा के श्री सिन्हा को 1,05,328 मतों से हरा कर सांसद चुने गये थे। बाद के आम चुनावों में श्री सिन्हा एवं उनके पुत्र की जीत बतौर भाजपा प्रत्याशी दर्ज होती रही। 2009 में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में पुनः उतरे यशवंत सिन्हा ने 2,19,810 मत प्राप्त कर कांगेस के सौरभ नारायण सिंह को 40,164 मतों से हराने में सफल हुये। वहीं 2014 के आम चुनाव में भाजपा ने श्री सिन्हा की जगह उनके पुत्र जयंत सिन्हा को चुनाव मैदान में उतारा और उनकी जीत हुई।

जयंत सिन्हा ने भी 4,06,931 मत प्राप्त कर कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह को 1,59,108 मतों से पराजित करने में सफल हुये। 2019 के आम चुनाव में भी जयंत सिन्हा ने पूर्व की जीत के सारे रिकार्ड तोड़ते हुये 7,28,798 मत प्राप्त कर कांग्रेस के गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 के बड़े अंतर से पराजित कर विजयी हुये थे। इस बार जयंत सिन्हा ने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है। इस बार भाजपा के उम्मीदवार के रूप में विधायक मनीष जायसवाल मैदान में हैं। इसके पूर्व के चुनाव में 1984 में कांग्रेस के दामोदर पाण्डेय ने सीपीआई के श्री मेहता को, 1980 में जनता पार्टी के कुंवर बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस के अजीमा हुसैन को, 1977 में जनता पार्टी के कुंवर बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस के दामोदर पाण्डेय को पराजित कर जीत दर्ज की थी। 1971 में दामोदर पाण्डेय विजयी हुये थे।

### झारखंड में राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी

**रांची।** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधि राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की भी सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन अभी आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रार्थी राजकुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि अगर सूचना आयुक्त समेत अन्य ने संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए कोर्ट आदेश देती है तो ये नियुक्ति हो सकती है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की है।

स्पीड न्यूज



## कान्वाई चालकों का धरना 19वें दिन भी जारी

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स जमशेदपुर के खिलाफ कान्वाई संगठन, दिनांक 1 मार्च 2024 से चालकों के संवैधानिक अधिकार न्यूनतम मजदूरी, सालाना बोनस, एक्सीडेंट मुआवजा एवं अन्य मांगों को लागू करने के लिए आज 19वां दिन धरने पर बैठ जमशेदपुर जैसे शहर में मजदूर आंदोलन खड़ा कर दिया है। मजदूरों की जिस अधिकार को सरकार एवं न्यायालय ने तय कर रखा है उसी अधिकार, को जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण अनिवार्य किया-सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी, बोनस,पीएफ, एक्सीडेंट मुआवजा-जिस पर आज 19 दिनों से आंदोलन चल रहा है।

## गोविंदपुर जनता मार्केट के महेंद्र झा को आग से लाखों की चपत



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर जनता मार्केट स्थित मकान संख्या 70 , नियर ग्रामीण बैंक के समीप महेंद्र झा जी के आवास आज दोपहर 1 बजे की करीब किचन में कार्य करते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे किचन पूरी तरह जल कर बर्बाद हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर गोविंदपुर थाना, टाटा मोटर्स की दमकल एवम स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह पहुंच कर घटना की जानकारी ली और उनको उचित मुवाबजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

## झारखंड आंदोलनकारी जयदेव दास का निधन



**जादूगोड़ा।** सड़क दुर्घटना में घायल झारखंड आंदोलनकारी जयदेव दास का मंगलवार को टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। इधर, उनके निधन की खबर से नरवा पहाड़ व उसके आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। जयदेव दास अपने पीछे दो पुत्र विजय दास (32) मनोज दास (28) व पत्नी सारती दास समेत पूरा हरा-भरा परिवार छोड़ कर चले गये। घटना के बाबत झामुमो कार्यकर्ता धरनी दास ने बताया कि पांच दिन पूर्व वे पोटका से अपने घर घर बाघमारा (नरवा) लौट रहे थे कि दामुडीह मुख्य सड़क किनारे कुत्ते को बचाने में उनकी गाड़ी फिसल गयी। इस हादसे में उन्हे गहरा चोट लगा। जिसके बाद उन्हें टाटा मेन अस्पताल पहुंचाया गया जहां पाच दिन जिंदगी व मौत के बीच संघर्ष करते-करते आज हार गए। उनके निधन पर अखिल भारतीय वैष्ण बैरागी समिति के अध्यक्ष चितरंजन दास, नंद लाल दास उनके निधन पर गहरा शोक जताया है व समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

## एनएच 33 पाटा टोल कर्मी के कई मांगों पर बनी सहमति



**चांडिल।** कई दिनों से एनएच 33 स्थित पाटा टोल प्लाजा के कर्मी वेतन वृद्धि, पीएफ सहित कई अन्य मांग कर रहे थे। कर्मियों ने इसकी जानकारी ओमप्रकाश को दी। ओमप्रकाश ने पहल करते हुए मंगलवार को एनएच 33 स्थित पाटा टोल प्लाजा में गुरुचरण किस्कू, अरुप सिंह सहित कई लोगों के साथ टोल प्लाजा के मैनेजर गोबिंद भदोरिया और अश्विनी सिंह के साथ बैठक की। इसमें टोल कर्मियों की कई मांगों पर सहमति बनी। इसमें न्यूनतम वेतनमान 9500 से बढ़ाकर 11500, पीएफ, ईएसआईसी के लाभ सहित कई मांगों पर सहमति बनी।

# सफल होने के लिए एक गुरु व अच्छा नेटवर्क बनायें और जुनूनी बनें : निशात एम उस्मानी

## एक्सएलआरआइ में मेंटर मीट का हुआ आयोजन







**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में संचालित होने वाले पीजीडीएम ( जीएम ) के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही एक मेंटर प्रदान करने की तैयारी की गयी है। इसी के तहत 2021 से प्रोफेशनल मेंटरशिप कमेटी की लांचिंग की गयी है। इसके तहत विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स के जरिए किताबी ज्ञान के साथ ही इंडस्ट्री की जरूरतों से भी अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कैंपस मे दो दिवसीय मेंटरशिप प्रोग्राम सरथाना 2024 का आयोजन किया गया।

पहले दिन एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर कनगराज, प्रोफेसर सुनील सारंगी और आइआइएम इंदौर की पूर्ववर्ती छात्रा डॉ. (मेजर) रूपिंदर कौर ने हिस्सा लिया। इस दौरान तीनों प्रोफेसरों ने पीजीडीएम (जीएम) के विद्यार्थियों को संबोधित मुख्य रूप से यह बताया कि करियर निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उन्हें ना सिर्फ विषयों की अच्छी जानकारी हो बल्कि उनका एक्सपोजर भी जरूरी है। साथ ही उन्हें बताया गया कि हमेशा एक मेंटर जरूर बनाएं, जो जीवन के कठिन दौर में भी आपके साथ हो और बेहतर सलाह दे सके। वहीं, पढ़ाई के साथ ही इंडस्ट्री के लोगों के साथ अच्छी नेटवर्किंग का भी आह्वान किया गया।

दूसरे दिन की शुरुआत योगा के जरिए हुई। आर्ट ऑफ लिविंग की कोच सह एक्सएलआरआइ की छात्रा शताक्षी ने सभी को योग के विभिन्न आसनों को करवाया। दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में केपीएमजी के एसोसिएट पार्टनर निशात मोहेब उस्मानी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कई अहम बातें बतायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफल होने के लिए यह जरूरी है कि एक अच्छा मेंटर जरूर बनाएं। अच्छा सर्किल बनायें और किसी काम के प्रति जुनूनी बनें। इससे पूर्व छात्रों के बैंड (ओइंद्रिला मुखर्जी, अमन खनेजा, दीपक महराना और रोहित कुमार) ने बेहतर परफॉमेंस दिया। संचालन मीतू गांधी और देवेश लाल ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में भावना रुकमणी, रामनाथन, प्रणव वर्मा, शताक्षी कौशल, सूरज मिश्रा और ऋषिकेश जी आर का अहम योगदान रहा।

### विधायक सरयू राय ने जारी किया आधिकारिक बयान, स्थिति स्पष्ट करते हुए बोले

# धनबाद या चतरा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात महज अटकल

- मेरी पहली प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की जनता का ऋण चुकाना

**विशेष संवाददाता**

## आखिर सरयू राय को क्यों देनी पड़ रही है सफाई



सरयू राय, विधायक जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र।

सरयू राय का कहना है- मैं इस बात को लेकर संतुष्ट हूं कि कोविड काल 2 साल के अवरोध के बाद भी शेष 2 वर्षों में विकास के जितने भी कार्य मैंने किए, उतने कार्य विगत 25 वर्षों में नहीं हुए थे। इस क्षेत्र की जनता का मुझ पर जो ऋण है मैं उसे चुकाने का प्रयास कर रहा हूं। विकास कार्यों और जनसुविधाओं के लिए मेरी अनेकों योजनाएं स्वीकृत हैं, कुछ योजनाओं पर काम चल रहा है कुछ पर शुरू होने वाला है और कई योजनाओं का खाका बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि जब भी धनबाद और चतरा से मेरे लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरें आयीं हैं उन तत्वों का मनोबल बढ़ जाता है, जिन्हें जनता ने सबक सिखा दिया था। इसलिए मैंने यह जरूरी समझा कि एक आधिकारिक प्रेस वक्तव्य जारी कर यह साफ कर दूं कि मैं धनबाद अथवा चतरा से लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा हूं।

श्री राय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता में झारखंड विधानसभा का चुनाव सर्वोपरि है। जमशेदपुर पूर्वी की जनता जिस तरह से भय, आतंक, रंगदारी और दबांगई के खिलाफ मेरे लिए वोट किय है, उसी तरीके से पूरे झारखंड में ऐसे लोगों को चुनाव में विजय दिलाना है जो भ्रष्टाचार और आपसी सामाजिक वैमनस्यता की स्थिति खत्म कर सामाजिक समरसता और विकास को गति दिलाना है।

मैं धनबाद और चतरा के अपने सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देता हूं। मैं उनके प्रेम और स्नेह का आभारी हूं पर मैं उन्हें भी यह बताना चाहता हूं कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र है जहां के लोगों का ऋण चुकाना मेरी पहली प्राथमिकता है।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्पष्ट किया है कि धनबाद अथवा चतरा से उनके लोकसभा का चुनाव लड़ने की बातें महज राजनीतिक अटकल है। इस बारे में किसी भी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल के किसी नेता ने उनसे बात नहीं की है और न उन्होंने ही इस बारे में किसी से कभी भी कोई बात की। यहां जारी आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में उन्होंने कहा है कि उनके पास रोज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों फोन आ रहे हैं। इसी तरह चतरा से भी बड़ी संख्या में फोन आ रहे हैं कि वे वहाँ से लोकसभा चुनाव लड़ें। इसके कारण कई तरह की भ्रांतियां फैल गई हैं। अभी तक मुझे धनबाद अथवा चतरा से चुनाव लड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसी भी राष्ट्रीय स्तर के नेता ने संपर्क नहीं किया है। मैंने भी अपनी तरफ से भाजपा के किसी भी बड़े नेता से एक बार भी संपर्क नहीं किया है। कुछ दिनों से जनता दल यूनाइटेड से भी मेरे चुनाव लड़ने की बातें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में आ रही है। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार जी मेरे व्यक्तिगत मित्र हैं, इसलिए वह धनबाद की सीट भाजपा से लेकर मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इस संबंध में एक बार भी नीतीश जी से मेरी कोई चर्चा नहीं हुई है और न तो उन्होंने इस बारे में मुझसे बात की है और न मैंने कभी उनसे इस बारे में बात किया है। फिर भी धनबाद या चतरा से मेरे चुनाव लड़ने की खबर राष्ट्रीय और प्रादेशिक मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरी प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी से विधानसभा का अगला चुनाव लड़ना है। इसलिए अब ऐसी अटकलबाजियों पर विराम लगना चाहिए। सरयू राय ने कहा कि जिन तत्वों से छुटकारा पाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी की जनता ने मुझे विधायक चुना, उन तत्वों के अवशेष विविध रंग रूप में फिर से सिर उठाने लगे हैं।

## जेल में बंद कैदियों को भी मतदान का मौका दे चुनाव आयोग : मिश्रा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांगों को घर से ही वोट देने की सुविधा बहाल करने के साथ ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रत्येक वर्ष रिपोर्ट कार्ड जारी किये जाने चाहिए, ताकि मतदाताओं के प्रति किसी भी जन प्रतिनिधि की जबाबदेही तय हो सके और उनकी मनमानी पर रोक लगायी जा सके। उक्त बातें उपायुक्त कार्यालय मे झारखंड मानवाधिकार संगठन जेएचआरसी द्वारा मतदाताओं के पक्ष मे राज्य निर्वाचन आयोग के नाम चार सूत्री मांग पत्र सौपने के क्रम संगठन प्रमुख मनोज मिश्रा ने पत्रकारों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव मे बुजुर्गो एवं दिव्यांगों को घर से वोट देने की व्यवस्था को तेलंगाना में लागु किया जा चूका, जो काफी सफल भी रहा। तेलंगाना के तर्ज पर इसे झारखंड मे भी लागू किया जाना चाहिए, जिससे ना सिर्फ वोट का प्रतिशत बढेगा अपितु सम्बंधित वर्ग को भी काफी आराम मिलेगा। बताया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मतदाताओं के प्रति जिम्मेवार बनाने के लिए उनका हर वर्ष रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाना चाहिए।

# श्री श्याम निशान यात्रा आज

## महिलाओं ने रचायी श्याम नाम की मेहंदी

- महिलाएं अपने हाथों से तैयार कर रहीं छत्तीस व्यंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्री श्याम मासिक रात्रि निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रस्तावित श्री श्याम निशान यात्रा बुधवार 20 मार्च को साकची शिवमंदिर से जुगसलाई बैकुंठधाम मंदिर तक शाम 6.30 बजे से निकाली जायेगी। इस यात्रा में 3000 से अधिक श्याम भक्त महिला-पुरुष नौजवान नाचते-गाते चलेंगे। निशान यात्रा के सबसे आगे सिंगा बाजा टीम रहेगी जबकि दोनों ओर वाहन पर श्री राणी सती सत्संग समिति के सदस्य लाइव भजन गाते हुए अध्यात्मिक माहौल बनायेंगे।

इधर, आयोजन समिति से जुडे अनिल मोदी ने बताया कि श्याम यात्रा के एक दिन पूर्व मंडल की महिलाओं नें जुगसलाई के शिव घाट रोड स्थित खंडेलवाल भवन में मेहंदी उत्सव मनाया।इस संदर्भ में मंडल के अनिल मोदी ने बताया की निशान यात्रा को लेकर श्याम भक्तों विशेषकर महिलाओं में खासा उत्साह है।महिला श्रद्धालु अपने श्याम प्रभु को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।श्याम प्रभु को रिझाने हेतु मंडल की महिलाओं ने आज बाबा श्याम के नाम की मेहंदी एक दूसरे के हाथों में लगाई और बाबा श्याम के चरणों में मेहंदी को समर्पित किया। आम तौर पर यह धारणा है कि जिसकी मेहंदी ज्यादा रचती है उसे ईश्वर कृपा ज्यादा प्राप्त होती है।

## एनएमएल में पीआई-चेक कार्यक्रम का समापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर द्वारा फेनोम इंडियाः सीएसआईआर हेल्थ कोहॉर्ट नॉलेज बेस (पीआई-सीएचके) अध्ययन कार्यक्रम का 18 मार्च, 2024 को सफलतापूर्वक समापन किया गया।

सात दिवसीय कार्यक्रम, 12 मार्च से शुरू हुआ और 18 मार्च 2024 तक चलता रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य लॉगीट्यूडिनल मोलेक्यूलर, बायोकेमिकल और अवयव स्कैनिंग डेटा को कैप्चर करना है; यह कार्यक्रम इन डेटा को कटिंग-एज एआई/एमएल मॉडल्स के साथ एकीकृत करके लक्षित नैदानिक और पूवार्नुमानित प्रौद्योगिकियों के विकास का लक्ष्य रखता है, जिससे भारत में और शायद वैश्विक रूप से प्रेसिजन मेडिसिन का मार्ग खुल सके। इस परियोजना के समन्वयक, डॉ अंसु जे कैलाथ, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर-एनएमएल, और उनकी टीम, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ कृष्ण कुमार, श्री कोगपु सुधाकर राव, डॉ नवनीत सिंह रंधावा और श्री रोशन कुमार ने इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभव को साझा किया तथा धन्यवाद दिया और आगे आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त किया।

## जन सुनवाई के दौरान प्रोजेक्ट द सफायर में जुस्को की बिजली देने का मिला आश्वासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्युत वितरण दर निर्धारण हेतु झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज (पूर्व नाम जुस्को) के विद्युत दर निर्धारण के लिए आदित्यपुर आटो कलस्टर में सुनवाई हुई। सुनवाई में मैसर्स समय होम्स के निदेशक राजेश सिंह ने सक्षम प्राधिकार के समक्ष आदित्यपुर के सातबोहनी स्थित प्रोजेक्ट द सफायर मे जुस्को की बिजली से संबंधित मामले को उठाया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उन्होंने प्रोजेक्ट में बिजली का आवेदन दिया है लेकिन संबंधित प्राधिकार द्वारा बिजली की कमी बताकर अभी तक बिजली नहीं दी गई। प्रोजेक्ट द सफायर में लगभग 900 से ज्यादा यूनिट को तैयार किया जाना है। आवेदन के साथ सभी अनिवार्यताएं पूरी करने के बाद भी बिजली नहीं मिलने से काफी दिक्कतें आ रही हैं जबकि सरकार उद्योग और व्यवसायियों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने को कृतसंकल्पित होने की बात करती है।

## भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क, संवाद और समन्वय पर दें जोर : विद्युतवरण

- लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर महानगर भाजपा की समीक्षा बैठक में बोले सांसद
- लोकसभा चुनाव को लेकर संपर्क अभियान तेज करने पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समीक्षा बैठक को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य नेता।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर लगातार संपर्क कर रहे हैं। भाजपा की इस राष्ट्रव्यापी अभियान में लोगों का उत्साह चरम पर है। जमशेदपुर महानगर में भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान महानगर के चारों विधानसभा के विभिन्न मंडलों में जारी है। मंगलवार को पुर्वी और पश्चिमी विधानसभा में अभियान के सफल क्रियान्वयन, समीक्षा और सुझावों को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांसद विद्युत वरण महतो, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्षगण एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के जिला सह संयोजक नीरज सिंह, मंडल संयोजक एवं सह संयोजक मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में अभियान की वर्तमान स्थिति पर मंडल अध्यक्षों के संग विस्तृत चर्चा कर अभियान की समीक्षा की गयी। बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान को तेज करने और बूथ स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर रणनीति बनायी गयी। इस दौरान वक्ताओं ने लाभार्थियों के फोटो, उनके अनुभवों के वीडियो को सोशल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप पर अपलोड करने का आह्वान किया।

इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक देशवासी गरीबी से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत उनसे संवाद और समन्वय स्थापित

### एक नजर में

## मिथिला सामूहिक उपनयन संस्कार आज



**जमशेदपुर।** ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा सम्प्रति आयोजित हो रहे मिथिला महोत्सव-24 सह सामूहिक उपनयन संस्कार के चौथे दिन उपनयन के तीसरे प्रक्रम में आज माटिमंगल एवं कुमरम की विधि पूरी कराई गई। एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मड़वा की पूजा की गयी। फिर गोधन से लीप कर महिलाओं ने मड़वा का शुद्धिकरण किया। पुन : सारे बटुकों को जलकुंड ले जाकर हल्दीलेपन के पश्चात स्नान कराया गया। इसमे बटुकों के संबंधियों ने भी सहयोग किया। मड़वा को मिथिला की संस्कृति के अनुसार अरिपन आदि से सजाया गया। संध्याकाल समस्त बटुकों का परम्परा के अनुरूप जुटिका (चोटी) बंधन सम्पन्न हुआ। समिति ने मैथिली गीत-नाद एवं मंत्रोच्चार का लगातार प्रसारण किया गया जो उपस्थित जनों के मध्य काफी पसंद किया गया। 20 मार्च को उपनयन का मुख्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत झा, विजय चंद्र झा, पूरण झा संजीव झा, सुरेश झा, राजीव ठाकुर, अरुण कुमार झा, निवास झा, जयप्रकाश झा, अशोक झा पंकज, विक्रम आदित्य सिंह, अश्विनी ठाकुर, राघव मिश्र समेत समस्त कार्यकारिणी का सराहनीय योगदान रहा।

## विभाष शुक्ला ने 22वीं बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रक्त जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले इसके लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार सक्रिय है। मंगलवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में टाटा स्टील कोक प्लांट के यूनियन कमिटी मेंबर श्री विभाष शुक्ला ने 22वीं बार प्लेटलेट्स का दान किया। श्री शुक्ला नियमित रक्तदाता है एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सदैव तत्पर रहते हैं। श्री शुक्ला कोरोना महामारी के समय 02 बार कंवलेसेन्ट प्लाज्मा एवं अबतक 18 बार रक्तदान कर चुके है। मौके पर रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं डिजिटल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेड क्रॉस परिवार सभी युवाओं से आग्रह करता है कि बढ़-चढ़कर रक्तदान कर पीड़ित मानवता की रक्षा में योगदान दे।

## मस्ती की पाठशाला में हैप्पी रुम का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने मस्ती की पाठशाला में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन, डॉ रागिनी रानी ने एक हैप्पी रूम का उद्घाटन किया, जो बागुनहातु में वंचित लड़कियों के लिए संचालित एक स्कूल है। हमारी सक्रिय सदस्य डॉ नीलम ने इस परियोजना को निष्पादित करने के लिए प्रायोजक ढूंढने में हमारी मदद की। प्रायोजक रोहित खेमका और रुचिका छाबड़ा थे। दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों पर की गई पेंटिंग से लड़कियों के लिए एक हैप्पी रूम बनाया गया है। पुस्तकों के साथ एक अध्ययन इकाई; एक बड़ी पुस्तक शेल्फ; खेल सामग्री; दीवार कला पेंटिंग; कमरे में नोटिस बोर्ड आदि भी उपलब्ध कराये गये हैं। यह हैप्पी रूम सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में मदद करेगा, जिससे छात्राएं खुश होंगे। स्कूल के समन्वयकों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के प्रयासों ने हमें इस परियोजना को सफल बनाने में मदद की। इससे पहले भी जमशेदपुर के सभी चार इनर व्हील क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से एक परियोजना संचालित की गई थी, जिसका उद्घाटन भी डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन द्वारा किया गया था। जहां क्लब ने आदित्यपुर में एक कोचिंग सेंटर में छात्रों के लिए टेबल और कुर्सियां दान की थीं और चार सब्जी विक्रेताओं को चिलचिलाती गर्मी से बचाने के लिए, इनर व्हील छाते भी दिये गये थे।

## एसडीओ से मिल जाम से मुक्ति दिलाने की मांग



**चांडिल।** बाजार में आये दिन लगने वाले सड़क जाम से मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर श्री श्याम कला भवन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एसडीओ सुभ्रा रानी से मिला। कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने एसडीओ को चांडिल मुख्य बाजार एवं डैम रोड पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की। संजय चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार लग रहे जाम के कारण व्यवसाय पर इसका प्रतिकुल असर पड़ रहा है, वही आम लोगों एवं स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने फिलहाल जाम से मुक्ति के लिए ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की। चांडिल में 21 मार्च को आयोजित होने वाले श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एसडीओ को न्योता भी दिया। इस मौके पर कला भवन के उपाध्यक्ष राजीव कुमार साव उपस्थित थे।

## टाटानगर से सहरसा के लिए होली स्पेशल ट्रेन शुरू



**जमशेदपुर।** रेलवे ने होली में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए टाटानगर से बिहार के सहरसा जंक्शन तक होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस फैसले पर एक ओर जहां मिथिलावासी हर्षित हैं। तो वहीं, मिथिला क्षेत्र के लिए टाटानगर से दूसरी ट्रेन सेवा प्रारंभ होने पर मंगलवार को मिथिलावासियों ने सांसद विद्युत वरण महतो का अभिनंदन किया। इस दौरान दर्जनों मिथिलावासियों ने सांसद विद्युत महतो को पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार जताया। इस दौरान सभी लोगों ने ट्रेन परिचालन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी आभार व्यक्त किया।

## स्पीड न्यूज

### बैकुंठ वास को लेकर भंडारा आयोजित



**मोहम्मदगंज पलामू।** श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्रीगोपालाचार्य जी महाराज के बैकुंठ वास के बाद प्रखंड के राणाडीह पचपोखरी गांव में पूजा अर्चना और भंडारा किया गया। इसमें पूज्य श्री मोहन स्वामी जी का योगदान रहा। मौके पर राजीव सिंह, शंभू सिंह, सत्यनारायण सिंह, विश्वनाथ सिंह, कुंडल सिंह, सिंटू सिंह, मुखिया विकास सिंह, शुभम सिंह, धीरज सिंह, राजू चंद्रवंशी, आचार्य सुरेश पाठक, राजू सिंह ने भाग लिया।

### जीएलए कॉलेज में मिलेगा प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में लोकसभा आम चुनाव- 2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में मतदान पदाधिकारियों को विभिन्न तिथियों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पुनः छूटे हुए/अनुपस्थित पुरूष मतदान कर्मियों एवं महिला मतदान कर्मियों को दिनांक 20 मार्च को अंतिम रूप से गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज मेदिनीनगर में 10:30 बजे पूर्वाह्न में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### पशु शेड के लिए पैसे मांगने का आरोप

**पाटन पलामू।** प्रखंड के गंगतुआ निवासी राकेश पांडेय पिता किशुन पांडेय ने पाटन बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत प्रतिनिधि पर पशु शेड निर्माण के एवज में पैसे मांगने का आरोप लगाया है। कहा है कि मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत सभी कागजात तैयार है। बावजूद पंचायत प्रतिनिधि पशु शेड दिलाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जब मैंने पंचायत प्रतिनिधि से मिल कारण पूछा तो उन्होंने पैसे की मांग की।

### भीम चूल्हा पर्यटन स्थल का किया भ्रमण



**मोहम्मदगंज पलामू।** ऐतिहासिक भीम चूल्हा पर्यटन स्थल का गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक दल को मोहम्मदगंज के ग्रामीण सत्येंद्र चंद्रवंशी ने भीम चूल्हा स्थल के महत्व और महाभारतकालीन इतिहास से जुड़ी कहानी बतायी। छात्राएं उक्त स्थल का अवलोकन कर काफी उत्साहित दिखी और भविष्य में पुनः भ्रमण पर आने की ललक संजोये लौटी।

### परमार खादी प्राकृतिक पेंट दुकान खुला



**मोहम्मदगंज पलामू।** गाय के गोबर से बननेवाले प्राकृतिक पेंट की फ्रेंचाइजी दुकान मोहम्मदगंज स्टेशन रोड बस्ती चौक के पास खोला गया। जिसका उद्घाटन मंगलवार को हुआ। उक्त जैविक पेंट परमार खादी प्राकृतिक पेंट के ब्रांड नाम से बाजार में उपलब्ध है। प्रोपराइटर दिलीप सिंह मुन्ना ने बताया कि पीएम मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में लोकल फॉर वोकल सहित छोटे लघु उद्योगों की स्थापना के लिए किये जा रहे कार्य के तहत बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा थाना क्षेत्र के चकुआ में गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बन रहा है। उक्त पेंट पूर्णतः प्राकृतिक गंधहीन, घर के दीवारों को फंगस से बचाता है।

### चुनाव को लेकर सतबरवा में हुई बैठक



**सतबरवा।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर शिक्षकों के साथ बूथ सत्यापन कार्य को लेकर बैठक की गयी। अध्यक्षता सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने की। श्री तिर्की ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली तथा शौचालय के अलावा अन्य तरह के मूलभूत सुविधा होनी चाहिए ताकि मतदाताओं को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि संभवतः 23 मार्च को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार सतबरवा के बूथों का निरीक्षण कर सकते हैं। मौके पर पांकी विस के पर्यवेक्षक सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, पंचायत सचिव अखिलेश्वर महतो, डाल्टनगंज विस पर्यवेक्षक सह बीएओ धर्मेंद्र कुमार, संतोष तिवारी, मनिका विस के पर्यवेक्षक सुरेश ठाकुर, नीरज पाठक आदि भी थे।

### जपला मुख्य मार्ग से हटायें अतिक्रमण



**हुसैनाबाद पलामू।** एक सप्ताह से हुसैनाबाद नगर कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी के ताबड़तोड़ ऐक्शन से शहर के कुछ हिस्सों में जाम से मुक्ति मिली है। लेकिन जपला मुख्य बाजार घुसते ही सड़क पर सड़ी गली सब्जियों और मिर्च के डस्ट से भारी परेशानी हो रही है। अंबेडकर चौक से महावीर जी भवन एवं खैरुल इस्लाम मदरसा के सामने सभी दुकान सड़क के बीचों बीच लगती हैं। नगर के अधिकारियों और अन्य अधिकारी भी उसी रास्ते से गुजरते हैं लेकिन दुकानदारों को मनोबल इतना बढ़ा है कि एक बाइक या पैदल चलना दूभर हो गया है।

### बिनोद ने थामा बसपा का दामन



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पुराने ब्लॉक परिसर में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सदस्यता ग्रहण समारोह कार्यक्रम किया। जिसकी अध्यक्षता अजय भारती व संचालन युगल किशोर राम ने किया। इसमें सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद कुमार ने समर्थकों संग बसपा का दामन थामा। उससे पहले बहुजन महापुरुष डॉ भीम राव अंबेडकर मान्यवर कांशी राम के साथ पांकी विस के पूर्व प्रत्याशी गणेश महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा जिला के जिलाध्यक्ष ने बिनोद को बहुजन समाज पार्टी का पट्टा देकर सदस्यता दिलायी।

# पलामू संसदीय क्षेत्र में 10 वर्षों में हुए कई ऐतिहासिक कार्य : सांसद बीडी राम

**सत्येंद्र मिश्र**

**मेदिनीनगर।** सांसद बीडी राम पलामू संसदीय क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की दहलीज पर खड़े हैं। वरिष्ठ नौकरशाह के पद से सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति की पिच पर भी बीडी राम सफल रहे। अपनी सक्रियता, कर्त्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सेवा कार्य के बल पर न सिर्फ अपनी एक अलग छवि गढ़ी है, बल्कि श्री राम ने आम जनों के मन में पूर्व के सांसदों के प्रति जो नकारात्मक छवि बनी थी, उस धारणा को भी सेवा, सक्रियता, समर्पण भाव से बदल दिया है।

बात हम पूर्व के किसी भी सांसद के प्रदर्शन की करें, तो लोकसभा में उनकी भूमिका मौनी बाबा की होती थी और जहां तक क्षेत्र में मौजूदगी का सवाल तो यह लोकोक्ति कही जाती थी। नीलकंठ की तरह यदि साल में एक बार सांसद के दर्शन हो जायें यही अधिक है। सांसद के रूप में बीडी राम ने न सिर्फ इस धारणा को बदला, बल्कि सदन के अंदर अपनी योग्यता और बात रखने की विशिष्ट शैली की वजह से पलामू को स्थापित भी किया।

न सिर्फ सदन के अंदर बल्कि लोकसभा के संसदीय मंडल के सदस्य के तौर पर विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो यह बताने के लिए पर्याप्त है कि पलामू की आवाज देश के सदन से विदेशों तक पहुंची। सदन में श्री राम की सजगता और सक्रियता का ही प्रतिफल है कि पलामू संसदीय क्षेत्र की परिधि में आने वाले दोनों जिले पलामू और गढ़वा देश के 115 आकांक्षी जिलों में शामिल है।

इन दोनों जिलों को पिछड़े जिले से बाहर निकाल कर विकसित जिला बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा विशेष तौर पर व्यापक कार्य किया जा रहा है। सांसद श्री राम निरंतर अपने कार्य के प्रति सजग रहे हैं। इस बात को उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। 2014 के पहले की बात करें तो पलामू सांसद होने का मतलब क्या था? सांसद कोटे की योजना के कमीशन का रेट फिक्स था।

सांसद के लेटर पैड पर कुछ खास लोगों का कब्जा था। सांसद से मुलाकात के बाद भी यदि खास लोगों की इच्छा न हो तो काम होना मुमकिन नहीं था। पर पलामू में सांसद बनते ही बीडी राम ने इस धारणा को बदला, एक नयी कार्य संस्कृति विकसित की जनता से सीधे मिले, जो मुमकिन था कार्य किया। जिला स्तरीय निगरानी अनुश्रवण समिति को प्रभावी बनाया। सच कहा जाये तो बीडी राम ने पिछले 10 वर्षों से अपनी सेवा और सक्रियता के बल पर सांसद होने के मायने को पलामू संसदीय क्षेत्र के आम अवाम व जनमानस को समझाया है।

## लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाना संसदीय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल

- बहुत जल्द आकांक्षी जिला से विकसित जिला की सूची में आयेगा पलामू
- रोजगार व स्वरोजगार पर होगा विशेष फोकस
- देश के सर्वोच्च सदन में अधिकाधिक प्रश्न पूछनेवाले सांसद हैं बीडी राम
- काम को दिया है प्राथमिकता
- क्षेत्र में रहने पर 17 से 18 घंटे तक किया है काम
- अपनी योग्यता, कर्मठता से खींची है विकास की लंबी लकीर
- संसदीय क्षेत्र के मीडिया के प्रति जताया आभार

पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने पर श्री राम ने कहा कि भाजपा देश की एक ऐसी पार्टी है जो सरकार के सारे मंत्रियों, सांसदों, विधायकों से लेकर आम कार्यकर्ताओं के कार्यकलाप पर निगरानी रखती है। पार्टी के हाई नेतृत्व विभिन्न प्रकार के माध्यमों से जानकारी प्राप्त करती है। तब जाकर किसी प्रकार का निर्णय लेती है। श्री राम ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी 195 प्रत्याशियों की सूची में स्वयं को पाकर आह्लादित हुआ। साथ ही सुखद अनुभूति हुई। श्री राम ने लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने पर इसका सारा श्रेय पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को देते हुए जनता जनार्दन के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। तीसरी बार हैट्रिक लगाने के सवाल पर श्री राम ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की जनता का भरपूर आशीर्वाद है। क्षेत्र की जनता ने पहले चुनाव में लगभग दो लाख 77 हजार व दूसरे चुनाव में चार लाख 77 हजार के भारी अंतर से विजयी बनाकर प्रतिनिधित्व का मौका दिया। इस बार पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए उससे भी अधिक मतों से जितायेगी।

### एनआइसीडीसी के तहत अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन का हब बनेगा पलामू और गढ़वा जिला



बीडी राम, पलामू सांसद।

- सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू व गढ़वा जिला को आकांक्षी जिला से विकसित जिला बनाने की दिशा में मन में एक संकल्प है। निश्चित तौर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों से मिलकर कोशिश होगी कि विकास के तय पैमाने पलामू, गढ़वा पूरा करे। ताकि जल्द आकांक्षी जिला से विकसित जिला की सूची में आ जाये।
- क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के सवाल पर सांसद श्री राम ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्रिंग कॉरपोरेशन का पलामू एवं गढ़वा हब बनेगा। बड़े पैमाने पर दोनों जिलों में कल कारखानों की स्थापना हो, गांव में कुटीर उद्योग लगे ताकि बड़ी संख्या में लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। इसके लिए गांव में पारिवारिक व परंपरागत व्यवसाय को बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस किया जायेगा।
- बताया कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के ब्यूरो सदस्य के रूप में आठ देशों में प्रतिनिधित्व का मौका मिलना पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का सौभाग्य है। वर्ष 2014 के पहले पलामू का प्रतिनिधित्व करनेवाले जहां देश के सर्वोच्च सदन में केवल हाजिरी जगाते रहे। वहीं झारखंड प्रदेश से सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने वाले सांसद श्री राम ने सामाजिक सरोकार से लेकर विकास तक की सेवा का श्रेय संसदीय क्षेत्र की जनता को दिया है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक सांसद सुविधा केंद्र भी नहीं था। पासपोर्ट ऑफिस रांची में था। हमने काम को प्राथमिकता दिया। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच विशेष छाप व छवि बनाने वाले सांसद श्री राम वर्ष 2014 से अब तक संसदीय क्षेत्र में रहते हुए प्रतिदिन 17 - 18 घंटा तक काम करने वाले पहले सांसद हैं। सूबे के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद डीजीपी से सेवानिवृति के बाद भाजपा के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए जनसेवा की तमन्ना रखने वाले श्री राम को क्षेत्र की जनता ने भी सर आंखों में बिठाया है। अपनी योग्यता, कर्मठता व ईमानदारी के भरोसे श्री राम ने राजनीत की पिच पर भी विकास के महत्व को समझाते हुए एक लंबा लकीर खीचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासनप्रिय व पदानुक्रम संगठन है इसमें गांव के एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का विशेष महत्व व सम्मान है।

# पीएम का वंदन और बीडी राम का अभिनंदन : चेंबर

- नई योजनाओं के साथ पूरे होंगे अधूरे कार्य : बीडी राम
- इतिहास रचेगा सांसद का अगला सत्र : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सांसद व अन्य।

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में सोमवार की रात चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा बीडी राम को तीसरी बार भी पलामू लोकसभा का नेतृत्व करने हेतु भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री का वंदन और बी डी राम का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर व्यवसायियों ने श्री राम को सम्मानित किया। इस अवसर पर मेदिनीनगर चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, व्यवसायिक संगठन के एक्जीक्यूटिव सदस्य गणेश गिरी, मारवाड़ी समाज से समाजसेवी दीपू सिंघानिया, समाजसेवी नवल तुलसियान, प्रमुख अमित जायसवाल, चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट जय शर्मा, शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल जैन, गिरधारी गर्ग, अमिताभ मिश्रा रिंकू दुबे, पप्पू सर्राफ एवं चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर सांसद का अभिनंदन किया। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं नगर अध्यक्ष छोटू सिंहा को बुके देकर स्वागत किया गया। व्यवसायियों ने अपनी बातों में सांसद बीडी राम के कार्यकाल को काफी सराहा और कहा कि पिछले सत्र में हमारे देश के लोकसभा एवं राज्यसभा में बैठने का सौभाग्य चार आईपीएस एवं दो आईएएस अधिकारी को प्राप्त हुआ, जिसमें एक हमारे पलामू के सांसद भी हैं जो हम पलामू वासियों के लिए गौरव की बात है। व्यवसायियों ने कहा कि यह हम सबों के लिए फक्र की बात है। पलामू लोकसभा का नेतृत्व एक आईपीएस अनुभवी अधिकारी कर रहा है तभी हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है।

**क्या बोले सांसद :** सांसद बीडी राम ने कहा कि मैंने पिछले कार्यकाल में पलामू गढ़वा रांची फोरलेन का काम शुरू कराया जो मेदिनीनगर से रांची की दूरी 4 से ढाई घंटा कर देगा। कार्य प्रगति पर है, सोन से पानी लाने की योजना शुरू कराई, प्रतिदिन रांची आने जाने के लिए इंटरसिटी ट्रेन शुरू कराई, दूसरा नया कोयल पुल का निर्माण पुरनचंद सेतु के बगल में प्रारंभ होने जा रहा है।

### उपायुक्त ने रक्तदान कर किया ट्रस्ट के शिविर का शुभारंभ

# रक्तदान एक नेक कार्य, प्रशासन करेगा हमेशा सहयोग : उपायुक्त

- डीडीसी, प्रशिक्षु आइएएस और सिविल सर्जन ने भी किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रक्तदान करते उपायुक्त व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को एमएमसीएच परिसर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने फीता काटकर व स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया।

इसके बाद उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार व सिविल सर्जन डा अनिल सिंह समेत अन्य ने भी रक्तदान किया। मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने रक्तदान शिविर में शामिल हुए रक्तदाताओं की भूमिका को सराहनीय व नेक कार्य बताते हुए उन सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया।

उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है और इस नेक कार्य में शामिल हुए हर व्यक्ति का विशेष महत्व है मेरी शुभकामनाएं हैं। आगे भी ऐसे नेक कार्य करते रहें प्रशासन आप सबका हमेशा सहयोग करेगा।

**खास बातें :** इसके अलावे उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रत्येक ब्लॉक/सीएचसी स्तर पर भी इस तरह का रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक 19 यूनिट रक्तदान हो चुका था। उपायुक्त ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित ब्लड डोनेट कैंप जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सिविल सर्जन डा अनिल सिंह ने बताया कि ब्लड डोनेशन से थैलेसीमिया के मरीजों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ दिया जा सकेगा। ब्लड डोनेट का कार्य सभी को करना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि जनकल्याण ट्रस्ट निरंतर गरीबों के लिए कार्य करते आया है। ट्रस्ट परिवार की ओर से श्री दूबे ने मुख्य अतिथि उपायुक्त को बधाई दी। साथ ही सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने जनकल्याण ट्रस्ट के बैनर तले एवं समाज के लिए अपना रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, निरीक्षक अनुज झा, विक्की सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, अध्यक्ष अजीतदुबे, वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक, ट्रस्ट के सचिव रंजीत कुमार रंजन और जिला सचिव हेमंत कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष जिंदल कुमार, मनदीप सिंह भी थे।

## 101 छात्रों का चेन्नई सीएट टायर्स लिमिटेड में हुआ चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** सीएट टायर्स के अधिकारियों की एक टीम ने 15 मार्च को कॉलेज में एक ऑन लाइन कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया था। जिसके लिए 2022 या 2023 में संस्थान से स्नातक करने वाले 210 छात्रों ने भर्ती अभियान के लिए पंजीकरण कराया था। भर्ती प्रक्रिया से गुजरने के बाद आरसीआईटी के 101 छात्रों ने सीएट टायर्स के साथ नौकरी हासिल की। आरसीआईटी सेमिनार हॉल में सीईएटी टायर्स द्वारा ऑन लाईन कैंपस ड्राइव में रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिच्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के सभी छात्रों ने भाग लिया था। कैंपस प्लेसमेंट कैंप का 17 व 18 मार्च को परिणाम प्रकाशित होने के बाद 107 छात्रों ने सफलता पायी। यह सफलता विश्रामपुर में स्थानों में एक पहल आम नहीं है। कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी व प्लेसमेंट सेल की मुख्य अधिकारी मनीषा सिंह के प्रयास से विभिन्न कंपनियां आरसीयू का दौरा कर रही है।

## युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**उंटारी रोड पलामू।** थाना क्षेत्र के बिंदुआ गांव निवासी कुदूस अंसारी के 30 वर्षीय पत्नी सहाना बीबी की मौत सोमवार की देर शाम लगभग 9 बजे के आस पास संदेहास्पद स्तिथि में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त मृतका अपने घर में अकेले थी मृतका का पति चेन्नई में कार्य करता है। वहीं एकलौता पुत्र गांव में ही मस्जिद में नमाज अदा करने गया हुआ था। मस्जिद से वापस आने पर अपनी मां को मृत जमीन पर देख ग्रामीणों को बताया। जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये।

## लोकसभा में पलामू की आवाज बनकर गूंजूंगी : ममता भुइयां

- भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुई ममता भुइयां लड़ेंगी पलामू लोकसभा चुनाव
- राजद कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार तरीके से स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री ममता भुइयां खुद को उपेक्षित महसूस करते हुए राजद का दामन थाम ली है। ममता राजद सुप्रीमो लालू यादव से भेंट कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। लालू ने पलामू संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का भरोसा दिया है। मंगलवार को ममता पलामू पहुंची, तो उनका स्वागत हरिहरगंज, छतरपुर, नावा बाजार, पंडवा समेत विभिन्न स्थानों पर उत्साहित राजद कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद डालटनगंज बाईपास रोड स्थित जिला कार्यालय में राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने पार्टी का चुनाव चिह्न लालटेन हाथ में थमाकर स्वागत किया। ममता ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ हमें पलामू प्रत्याशी बनाया है उस विश्वास पर खरा उतर लोकसभा में पलामू की जनता की आवाज बनूंगी।

### नवपदस्थापित सीओ पंकज कुमार ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद पलामू।** बहुत दिनों से प्रभार में चल रहे अंचल कार्यालय हुसैनाबाद में मंगलवार को नवपदस्थापित सीओ पंकज कुमार ने योगदान दिया है। मौके पर सीओ को राजस्व कर्मियों और अन्य लोगों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हर कार्य निष्पक्ष रूप से होगा और जमीन संबंधित पेंडिंग कार्य में बहुत जल्द तेजी आयेगी। मौके पर अंचल निरीक्षक औसाफ अहमद खां, अंचल सहायक कामेश्वर पहाड़िया, संतोष कुमार रवि, अंचल अमीन कृष्णा मांझी, राजस्व उपनिरीक्षक कौशिक कुमार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर सूर्य प्रताप थे।

### मार्शल आर्ट वुशु बॉक्सिंग जूनियर गेम 20 मार्च को



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास कॉलेज परिसर में 20 मार्च को फिट इंडिया एथेलेटिक्स व मार्शल आर्ट वुशु बॉक्सिंग जूनियर गेम रखा गया है। इसकी जानकारी झारखंड पी एस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो हुसैन सिद्दीकी ने मंगलवार को बी मोड़ में प्रेसवार्ता कर दी। बताया कि फिट इंडिया यूथ गेम्स एजुकेशन फोडरेशन जूनियर गेम अंतर्गत 12 से 16 वर्ष के बालक-बालिकाएं शामिल होंगी। जिसमें विश्रामपुर व पांडु प्रखंड के कई विद्यालयों से लगभग 100 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# प्रदेश प्रभारी से मिले भाजपा नेता पलामू के राजनीतिक हालात पर चर्चा

- श्री बाजपेई ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को मिशन 2024 के लक्ष्य चार सौ पार में जुट जाने को कहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ वाजपेई के साथ भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर।

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई से मुलाकात किया। दोनो नेताओं की यह मुलाकात दिल्ली में हुई। श्री चंद्रवंशी ने प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई को पलामू सहित पूरे झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया। श्री बाजपेई ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को मिशन 2024 के लक्ष्य चार सौ पार में जुट जाने को कहा। श्री चंद्रवंशी ने उन्हें आश्वस्त किया कि पलामू सहित झारखंड के सभी 14 लोक सभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी अपना परचम लहराएंगे। मौके पर कई भाजपा नेता मौजूद थे।

# निर्दोष बने यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष

- श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक के दौरान यज्ञ कमेटी के पदधारी व सदस्य।

**सतबरवा पलामू।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर सोमवार को सूर्य मंदिर रामघाट सतबरवा में ग्रामवासियों की बैठक हुई। बैठक में यज्ञ का आयोजन 4 मई से 8 मई 2024 तक कराने का निर्णय लिया गया। यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया।

अध्यक्ष निर्दोष कुमार, सचिव संतोष प्रसाद, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति तथा संतोष प्रजापति, महामंत्री भीम प्रसाद, निगरानी अध्यक्ष प्रकाश कुमार ददन, संगठन मंत्री श्रवण गुप्ता के अलावा निगरानी सदस्य प्रेमचंद पासवान, महेंद्र सिंह, मनीष सिंह, उमेश प्रसाद, राकेश कुमार, सुनील प्रजापति, शिव मांझी, वीरेंद्र प्रसाद, बिगन, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र रजक को बनाया गया है। यज्ञ के दौरान रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपाध्यक्ष बीरेंद्र प्रजापति ने बताया की श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञा के आयोजन को ले तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गयी है। महायज्ञ ऐतिहासिक होगा। नवगठित महायज्ञ समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर पूरी निष्ठां के साथ लगे हैं। महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान गोड्डा विधानसभा बूथ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गोड्डा सांसद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ निशी कांत दुबे ने जेएमएम नेत्री सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने की सूचना देकर कार्यकर्ताओं में खुशियां बांटी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** मंगलवार को गोड्डा के नहर चौक स्थित मीरा चित्र मंदिर में गोड्डा विधानसभा बुथ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गोड्डा नगर गोड्डा ग्रामीण गायछांद मंडल और नुनबट्टा मंडल को रखा गया था। इस सम्मेलन में गोड्डा लोक सभा के निवर्तमान सांसद और 2024 गोड्डा लोक सभा में भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुख्य अतिथि डॉक्टर निशिकांत दुबे, लोकसभा प्रभारी गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, सह संयोजक सह गोड्डा विधायक अमित मंडल, जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अजीत सिंह राज्य केंद्रीय सदस्य भाजपा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, राघवेन्द्र सिंह, लक्ष्मी चक्रवर्ती, गोपाल पाठक, श्रीकांत साह, अंजनी झा अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा मोतिया, मुन्ना झा कार्यकर्ता वेदा नंद ठाकुर, जय प्रकाश यादव, आदि बहुरिया, मंच संचालन का कार्य जिला महा सचिव कृष्ण कन्हैया ने बखूबी किया, स्थान मीरा चित्र मंदिर, नहर चौक के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान के साथ प्रारंभ किया गया। वक्ताओं में गोड्डा विधायक अमित मंडल, पूर्व मंत्री लुइस सोरेन, लोक सभा प्रभारी गणेश मिश्र और लोक सभा प्रत्याशी निशी कांत दुबे ने विधान सभा के सभी बूथों से आए कार्यकर्ताओं मंडल अध्यक्षों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को आवाज देकर बारी बारी से उनकी उपस्थिति ली।

वक्ताओं में गणेश मिश्र ने अपने भाषण में अपने सांसद के विकास की रफ्तार पर चर्चा की और कहा कि देश के 543 सांसदों में सबसे तेज तर्रार और नंबर वन सांसद गोड्डा सांसद को बताया। उन्होंने कहा 2009 से लगातार इस सीट पर विजय माल पहनकर इस क्षेत्र की जनता के लिए कई विकास कार्य किए। जिनमे रेल, सड़क, एम्स, एयर पोर्ट फोर लेन पासपोर्ट ऑफिस, डाक भवन, कई रेलों की सौगात देकर जनता को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि इससे अच्छा प्रत्यासी और कौन हो सकता है ।प्रधान मंत्री मोदीजी के नेतृत्व में देश की इज्जत मान मयार्दा बढ़ने के साथ देश सशक्त हुआ है। आज चीन और पाकिस्तान को हिम्मत नही है भारत से टकराने की। बालाशोर्ट की घटना पर करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान को उनके घर में घुसकर मारा और उनके आतंकी अड्डों को हमारे जवानों ने ध्वस्त किया, जो देश पहले हथियार विदेशों से खरीदता था आज हम अपने देश में बनाकर बेचते हैं। इससे हमारी अर्थ व्यवस्था 11वे नंबर से पांचवे नंबर पर आई है। 2029 तक हमारा देश विकसित हो जायेगा, किसान गरीब मजदूरों को रोजगार मिलेगा। धारा 370 हटाया, तीन तलाक जैसे कानून हटाए वर्षों से विवादित, राम मन्दिर को न्यायालय द्वारा फैसला देने के बाद राम मंदिर का निर्माण 80 करोड़ देश वाशियो को 5 वर्षों तक मुफ्त राशन, शौचालय गैस, बैंक खाता खोलवाने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। देश के टुकड़े करने वाले लोगों को देश की जनता ने नकार दिया है विपक्ष को। इंडी गठबंधन को इस बार देश की जनता तड़ी पार कर देगी। इंडी गठबंधन में दागी चेहरे देश को लूटने वाले पार्टियों का समूह है। ईडी और एनआइए, सीबीआई हर दिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों के घरों से नोट निकाले जा रहे हैं, उनके नेता शक्ति से लड़ रहे हैं, जो शक्ति हमारे देश की महिलाएं बेटियां है उनकी रक्षा के लिएं तो हमारी जान भी समर्पित है। पूरा देश भाजपा को इस बार 400 पार कराएगी और गोड्डा लोक सभा से इस बार इस क्षेत्र की जनता 9 लाख मतों से भी ज्यादा मत देकर रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराएगी। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा आप लोगों को जोश में रहना है लेकिन होश नही खोना है।

## एक नजर में

### डीपीएस बोकारो में नव नामांकित छात्रों के अभिभावकों हेतु इन्सेप्शन प्रोग्राम

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में नव नामांकित विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए भरतमुनि कला भवन में आयोजित इन्सेप्शन प्रोग्राम में अभिभावकों को विद्यालय इसकी शैक्षिक पद्धति तथा नियमों व प्रावधानों से अवगत कराया गया। अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि बच्चों को समग्र शिक्षा देना और उनका सर्वांगीण विकास ही डीपीएस बोकारो का उद्देश्य है। इसके लिए जरूरी है कि अभिभावकों का भी समुचित सहयोग मिले। शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी तालमेल से ही बच्चों का संपूर्ण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपनी आकांक्षाएं अपने बच्चों पर न थोपें। उनकी भावनाओं की कद्र करें और उनके स्वाभाविक विकास को महत्व दें। शिक्षकों के दिशा निर्देश का पालन हो इसके लिए अभिभावक नियमित रूप से बच्चों की स्कूल डायरी चेक करते रहें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ समय बिताने की अपील करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग को दिया। मौके पर संबंधित शिक्षकों से अभिभावकों का परिचय भी कराया गया।

### बीएकेएस यूनियन ने बीएसएल के जनस्वास्थ्य विभाग को दिये सुझाव

**बोकारो।** बीएकेएस यूनियन ने बीएसएल प्रबंधन को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा और यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा कि नगर सेवाएं विभाग के अधीन जन स्वास्थ्य अनुभाग की कार्यप्रणाली से नगरवासी सहित सभी संयंत्र कार्मिक प्रत्यक्ष रुप से प्रभावित होते हैं। इस समय बोकारो नगर में मच्छरों के प्रकोप से हर नगरवासी परिचित है। जन स्वास्थ्य अनुभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने हेतु सेक्टरों में कहीं कहीं जल जमाव अत्याधिक है जिसे रोकने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सेक्टरों में शौचालयो तथा ड्रेनेज चेंबरों की व्यवस्था सुचारू करने खुले में रखी डस्टबिन को नियत समय मे खाली कराने प्रत्येक सेक्टर के हिसाब से फॉगिंग मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करने बरसात के दिनों में कम से कम दिन में दो बार फॉगिंग सहित अन्य सुझाव यूनियन के दिए हैं। हरिओम ने कहा कि फॉगिंग मशीन सभी जगह चल रही है कि नहीं इसकी पुष्टि वहां रह रहे नागरिकों को फीडबैक फॉर्म भरवाकर की जाय। सड़क किनारे व खुले मैदानों के आसपास तथा नालियो का आस पास अनावश्यक झाड़ियो का मासिक कटाव हो। नगरवासियो मे स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए प्रत्येक सेक्टर/सब सेक्टर में जन स्वास्थ्य कमेटी बने साथ ही स्वच्छ जनवृत, स्वच्छ सब सेक्टर वार्षिक, मासिक पुरस्कार योजना शुरू की जाय।

### फुसरो में चेंबर का गठन, आर उनेश बने अध्यक्ष



**बेरमो।** मंगलवार को फसरो बाजार के दुकानदारों की एक बैठक फुसरो स्थित राजेंद्र स्मृति भवन के सभागार में प्रतिष्ठित व्यवसाई ओम प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बेरमो चेंबर का गठन पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से आर उनेश को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्षीय भाषण में ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सचिव और कोषाध्यक्ष सहित 21कार्यकारिणी सदस्य का गठन जल्द से जल्द करें। बेरमो चेंबर का रजिस्ट्रेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से कराए और उसके बाद बैलेट पेपर से चुनाव कराना है। कहा कि व्यवसाइयों के अंदर नेतृत्व भावना का भी विकास जरूरी है। जिससे भविष्य में चेंबर को मजबूती प्रदान कर उद्योग एवं व्यापार को सही तरीके से चला सके। कहा कि चेंबर के गठन के बाद फसरो बाजार के विकास में तेजी आएगी। नवमनोनीत अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि व्यापारियों के हित में काम कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। कहा कि संगठन ही व्यापारियो की शक्ति है। व्यापारियों एक प्लेटफार्म के नीचे रहकर कार्य करते हुए अपनी शक्ति का एहसास शासन एवं प्रशासन को कराया सकता है। इस अवसर पर रामावतार केजरीवाल, नेमीचंद गोयल, दिलीप गोयल, ओम प्रसाद अग्रवाल, दिनेश सिंह, कृष्ण कुमार चांडक, मोहम्मद रियाज अंसारी, मोहमद रईस मिया, सूरज मित्तल, सुशांत राइका, भोला सोनी, प्रमोद अग्रवाल, दयानंद बरनवाल, छित्तरमल अग्रवाल, विकाश अग्रवाल, संतोष मित्तल, एखलाख खान, एस्तियाक अंसारी, मोहमद रफिक, कृष्ण प्रजापति, संतोष श्रीवास्तव, मुदस्सर हुसैन, पारसंजीत मुखर्जी, अंजन चैटर्जी,सुबोध कुमार सोनी ,नवल किशोर, अमित कुमार वर्मा, आनंद कुमार सोनी, छित्तरमल बंसल, विक्रम कुमार, सूरज कुमार, आनंद कुमार सोनी, आनंद सोनी, अकीब जावेद, प्रवीण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, इश्तियाक हुसैन, लाला चांद ठाकुर, चंदन सोनी, चांद आलम, मुकुंद सोनी, विजय प्रजापति, टिंकू कुमार, रियाज अंसारी, टिंकू कुरेशी, अंकित प्रधान, विकाश सोनी, भीम शर्मा, अरविंद कुमार, श्याम कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### युवा व्यवसायी संघ फुसरो के पूर्व संरक्षक सह समाजसेवी कैलाश महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी



बेरमो। युवा व्यवसायी संघ फुसरो के पूर्व संरक्षक सह समाजसेवी कैलाश महतो की दसवीं पुण्यतिथि उनके आवास पर मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर उनकी पत्नी सावित्री देवी ने माल्यार्पण तथा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात आगंतुकों ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए ।।पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए मजदूर नेता इंद्रदेव महतो ने कहा कि स्व कैलाश महतो सच्चे रूप में समाज के गरीबो ,पीड़ितों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया ।चिंतामणि महतो ने कहा कि स्व कैलाश महतो नेक और मृदुभाषी थे। किसी भी तरह के पीड़ित व्यक्ति उनके पास आते थे तो वो हरसंभव मदद करने का प्रयास किया करते थे। बेरमो प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक और भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवीदास ने कहा कि स्व महतो के साथ संघ के माध्यम से काफी काम समाजहित में करने का अवसर मिला था। इस अवसर पर चिंतामणि महतो, मोहन महतो, सुरेश महतो,कृष्ण कुमार चांडक, जयप्रकाश महतो, सेवा महतो, घनश्याम प्रसाद, अशोक कुमार जैन, हरि महतो, धनेश्वर महतो, विश्वनाथ रजवार, प्रदीप महतो, पीयूष पटेल, सावित्री देवी, भानु देवी,सरिता देवी, तुलसी देवी, सिमरन कुमारी, रोहिणी देवी, मनीषा कुमारी, ईश्वर महतो, नसीम अंसारी,आयुष पटेल, प्रिया कुमारी, आदि उपस्थित थे।

### हाइवा की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**बेरमो/जारंगडीह।** मंगलवार को अहले सुबह बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना के कांटा घर के समीप एक ह्रदय विदायक घटना ने लोगो को अंदर से हिला कर रख दिया। मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खेतको निवासी लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति विनोद यादव कांटा घर के समीप हाइवा संख्या जेएच 09 एआर 9194 पर चढ़ा मगर किसी तरह वह हाइवा के उपर से सिधा निचे गिरा और उक्त हाइवा के पिछले चक्के के निचे आ गया जिस कारण घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वही घटना के बाद हाइवा चालक गाड़ी छोड़ वहां से फरार हो गया। वही घटना की खबर फैलते ही खेतको व जारंगडीह के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। इसी बीच घटना की जानकारी बोकारो थर्मल पुलिस को मिली और थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह एस आई सत्येंद्र सिंह, एस आई बैजून मरांडी, एस आई धंनजय कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : रोटरी द्वारा आयोजित क्विज के विजेता हुए पुरस्कृत



बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी में क्लब के सदस्यों के लिए आयोजित रोटरी क्विज में सदस्यों ने अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया। क्विज का संचालन क्विज मास्टर रोटेरियन प्रदीप नारायण ने किया। क्विज मास्टर प्रदीप नारायण ने बताया कि यह क्विज प्रत्येक वर्ष क्लब के सदस्यों के रोटरी ज्ञान को बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इस मे क्लब के करीब 50 सदस्यों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास द्वितीय पीडीजी महेश केजरीवाल एवं तृतीय रोटेरियन अनिल त्रेहन को प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में प्रथम स्थान नीलम द्वितीय चंद्रिमा एवं तृतीय स्थान टाई होने के चलते सीमा और प्रीताशा को प्राप्त हुआ।

### अधिवक्ता जसबीर सिंह के निधन पर वकीलों ने जताया शोक

बोकारो। बोकारो जिला के चास निवासी अधिवक्ता जसबीर सिंह गुजराल का रोड एक्सीडेंट पश्चात इलाज के दौरान बीजीएच में निधन हो गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरि ने बताया कि वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ता बासुदेव गोस्वामी सोमनाथ शेखर अतुल कुमार संजीव ओझा विनोद कुमार सिंह दिनेश प्रसाद शर्मा संजीत कुमार सिंह मो हसनैन आलम दीपिका सिंह शंकर दे संजय कुमार प्रसाद फटीक चंद्र सिंह रंजन कुमार मिश्रा कमल कुमार सिन्हा वंशिका सहाय सुकमती हेसा बबीता कुमारी सुनील चांडक धनजी चौधरी विभा कुमारी ज्योति प्रकाश चौधरी इंद्रनील चटर्जी निखिल कुमार डे सुभाष नायक राणा प्रताप शर्मा विष्णु चरण महाराज धुर्वेश्वर मंडल अशोक कुमार पांडेय कौशल किशोर संदीप पूर्ती राणा प्रताप शर्मा हिमांशु शेखर विष्णु प्रसाद नायक प्रीति श्रीवास्तव रेणु कुमारी कमल कुमार सिन्हा गोविंद नारायण सिंह मिथिलेश कुमार अशोक कुमार यादव रीना कुमारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

### मां अंबे गार्डन में संकल्प सृजन का मातृशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न



**बोकारो।** नारी शक्ति तब और बढ़ जाती है जब बहनें संगठित होकर समाज हित में निकल पड़ती हैं। राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने के क्रम में गतिशील संकल्प सृजन के कार्य अनुकरणीय व वंदनीय हैं। उक्त उदगार व्यक्त किया बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने। स्थानीय मां अंबे गार्डन में आयोजित संकल्प सृजन के मातृशक्ति संगम कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सेवा प्रमुख धनबाद विभाग ने मातृ शक्ति का वंदन करते हुए अपने विचार प्रकट किया। समूह की बहनों द्वारा स्वनिर्मित खाद्य वस्तुओं का प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र आकर्षण का केंद्र रहा। वार्षिक लेखा जोखा एवं समूह संचालन हेतु कमला महिला सृजन श्री सेक्टर 9 को प्रथम स्वरूपरानी समूह जोशी एवं राधा रानी समूह हार्टिंग बस्ती को द्वितीय तथा माहेश्वरी महिला समूह को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। वस्त्र एकरूपता में पचौरा की तक्षशिला गंजुडीह की अनंता व सेक्टर 9 की दीपशिखा समूह को सम्मानित किया।

# जारंगडीह मे कोयला चोरों के हौसले बुलंद सीआइएसएफ जवानों पर किया जानलेवा हमला

**चार जवान घायल, तीन महिलाएं व एक पुरुष, ढोरी रिजनल अस्पताल में चल रहा है इलाज**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जारंगडीह।** पिछले दिनों जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर एक से कोयला चोरी रोकने व सीसीएल बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा के निर्देश पर जारंगडीह रेलवे साइडिंग में सीआईएसएफ की तैनाती की गई थी। जिसके बाद से कोयला चोरी की घटना मे लगातार गिरावट देखने को मिल रही थी। मगर यह बात कोयला चोरो को इतना ना गवार गुजरा की कोयला चोरो के एक बड़े समुह ने साइडिंग में तैनात सीआईएसएफ जवानो पर ही जानलेवा हमला कर दिया जिसमे इंस्पेक्टर आरती सिंह, हेड कांस्टेबल सावित्री कुमारी, कांस्टेबल सोनी कुमारी व जवान बीएन मिश्रा बुरी तरह घायल हो गया जिनका इलाज फिलवक्त सीसीएल ढोरी रिजनल अस्पताल में चल रहा है। घायल महिला सीआईएसएफ ने जानकारी देते हुए बताई की वे लोग अहले सुबह साइडिंग में पेट्रोलिंग ड्युटी कर रही थी और लोडिंग मे रेलवे रैक लगी थी इसी बीच रैक के निचे से लगभग सौ लोगो का समुह लाठी डंडे से उन लोगो पर हमला कर दिया। यह देख हम लोग जान बचाने के लिए अपने बैरक की ओर भागे तो वे लोग हमारे उपर पत्थर चलाने लगे और कुछ ही देर में वे लोग हम सभी को घेर लिया और लाठी डंडे, बैट आदि से हम लोगों के उपर हमला कर दिया। हम लोग बचाव करने के स्थिति में नही थे क्योंकि उन लोगो की संख्या काफी थी और सभी लाठी डंडे से लैस थे। हम लोगों ने जान बचाने के लिए उन लोगो से काफी आरजू मिन्नते की मगर वह एक नही सुना और हम लोगो को बुरी तरह पिटना शुरू कर दिया। जब हम लोग मुरझित होकर गिर पड़े तो वे लोग वहां से चले गए। जाते जाते उन लोगो ने साइडिंग में खड़ी मोटरसाइकिल को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर गया। सुबह होते ही इस घटना की जानकारी सीआईएसएफ कमांडेंट को हुई आनन फानन मे भारी संख्या में सीआईएसएफ जवानो की टीम लेकर जारंगडीह रेलवे साइडिंग पहुचे और घायल जवानो को अस्पताल भेजवाने के साथ साथ भारी संख्या में उक्त रेलवे साइडिंग में जवानो की तैनाती कर दी। इस संबंध में उन से बात करने की काफी कोशिश की गई मगर उन्होंने मिडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। वही यह पुरा घटना क्रम रेलवे साइडिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है अब सीआईएसएफ उसे खंगालने मे जुटी हैं तथा हमलावरों का पहचान किया जा रहा है। बताता चलू की जब से उक्त रेलवे साइडिंग में सीआईएसएफ की तैनाती हुई है तब से कोयला चोरों के लिए काफी दिक्कत हो गई है। रात दिन कोयला चोरी को एकाएक ब्रेक लग गया है। बताता चलू की पहले दिन रात एक सामान इस साइडिंग से खुले आम कोयला ढोया जाता था मगर सीआईएसएफ की तैनाती के बाद यह एक दम से रुक गया। लोगों का अनुमान है कि कोयला चोरो के समुह ने ही सीआईएसएफ जवानो पर हमला किया होगा क्योंकि उसके अवैध धंधे का रुकावट ये सुरक्षा कर्मी बने हुए थे। फिलवक्त यहां भारी संख्या में सीआईएसएफ हथियार बंद जवानो की तैनाती है निश्चित ही किसी अनहोनी की ओर इशारा कर रही है। दुसरी तरह घटना ने यह बता दिया है कि यहां के कोयला चोरो का हौसला इतना बुलंद ही पर सीआईएसएफ जैसी मजबूत संस्था के जवानो भी हमला करने की जुर्रत कर सकते हैं। बहरहाल देखना बाकि होगा कि अब सीआईएसएफ इन कोयला चोरो से कैसे निपटती है।

# गोड्डा मंडल कारा में तलाशी अभियान आपत्तिजनक सामान बरामद नही

**कैदी वार्ड एवं अन्य जगहों पर जांच की गयी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छापामारी अभियान उपायुक्त और एसएसपी के निर्देश पर किया गया**

**गोड्डा।** मंगलवार को गोड्डा मंडल कारा के हर कैदी वार्ड, परिसर एवं अन्य समन्धित जगहों पर विधिवत जांच की गई। कोई आपत्ति जनक समान बरामद नही हुई। यह छापामारी अभियान उपायुक्त और एसएसपी के निर्देश पर किया गया। मंडल कारा गोड्डा का औचक निरीक्षण में एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, एसडीपीओ जे पी एन चौधरी, डीसीएलआर मिथलेश कुमार, डीएलए रितेश जयशवाल, डीपीआरओ आलोक वरण केशरी, ईएम मोनिका वासकी, डीपीओ फैजान सरवर डीएसपी (प्रशिक्षु) कुमार गौरव, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, पुलिस निरीक्षक नगर थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक कामलेश प्रसाद, मेजर धर्मेंद्र राम सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

# डीवीसी प्रबंधन कौशल विकास के तहत बॉयलर अटेंडेंट की तैयारी को प्रयासरत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन कौशल विकास योजना के तहत क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए बॉयलर अटेंडेंट प्रशिक्षण की तैयारी को प्रयासरत है।

इस प्रशिक्षण के लिए युवकों को स्वयं अध्ययन कर परीक्षा में शामिल होना होगा। झारखंड सरकार के मुख्य बॉयलर निरीक्षक शंभू नाथ वर्मा और डीवीसी सीटीपीएस के वरिष्ठ जीएम व प्रोजेक्ट हेड मनोज कुमार ठाकुर ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि डीवीसी प्रबंधन युवाओं के स्वावलंबन तथा उनके कौशल विकास के जरिए रोजगार में उनकी सहायता को लेकर कटिबद्ध है और इसी के तहत क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए पहल करेगा।

10वीं या 12वीं पास छात्रों का बॉयलर अटेंडेंट का प्रशिक्षण लेकर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद रोजगार से जुड़ना आसान हो जाएगा। वर्मा ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में इस जॉब के लिए काफी संभावना है। प्रशिक्षित वेल्डर या वेल्डिंग का कार्य कर रहे युवक या इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल केमिकल वेल्डर आदि ट्रेड के विद्यार्थी भी इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

चंद्रपुरा में करीब 500 ग्रैजुएट इंजीनियर इसके लिए परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पत्रकार सम्मेलन में दिलीप कुमार रविंद्र कुमार अक्षय कुमार आदि शामिल थे।

# बोकारो : बीएसएल कर्मियों को दिया गया दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 23 अधिशासी व 265 अनाधिशासी कर्मियों को एचआरडी के प्रेक्षागृह में आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट व अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट अतानु भौमिक ईडी संकार्य बीके तिवारी ईडी सीआर महापात्रा सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सीजीएम तथा अन्य वरीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में दीर्घकालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए। मौके पर श्री भौमिक ने पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्होंने दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे कर्मियों को अपने अनुभव से उत्पादन लागत को नियंत्रित करने का आह्वान भी किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी एवं प्रबंधक नीरज कुमार त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम पी सेन ने किया।

# चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त कथित प्रेमी समेत दो दोष सिद्ध





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त शारूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू दोषी सिद्ध पाया गया। सजा की बिन्दु पर 28 मार्च को सुनवाई होगी। फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम रमेश चंद्रा के न्यायालय ने सुनाया। घटना 23 अगस्त 2022 की है। नगर थाना क्षेत्र के जरुवाडीह की है। जहां इनकार करने पर सोए अवस्था मे पेट्रोल डाल मारने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान पीड़िता की 27 अगस्त को रांची में मौत हो गई थी। न्यायालय ने दोनों हत्या एवं हत्या का साजिश करने का दोषी पाया गया। शारूख धमकाने और पोक्सो 12 के तहत दोषी पाया गया। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न्यायालय के समक्ष अभियुक्त की पेशी हुई।

## लंबा चुनाव

देश में 18वीं लोकसभा के लिये चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी है। एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है। खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें। देश के विकास और आम लोगों के जनजीवन में बदलाव के समर्पित हो यह आवश्यक है।

## 5-जी प्रोद्यागिकी की बात

देश के 21वीं सदी में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। 5जी प्रौद्योगिकी देश के शासन, जीवन की सुगमता और व्यापार की सुगमता में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है और इससे खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, संरचना और हर क्षेत्र में प्रगति को बल मिलेगा। अब ये बात समझना होगा कि जो चीजें पहले से सुगम हैं, उनमें सकारात्मक बदलाव कैसे आएगा। देश में शासन, जीवन और व्यापार सब पहले से सुगम हैं, तो फिर उसमें और क्या अच्छा बदलाव होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि आने वाले डेढ़ दशकों में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे प्रगति और रोजगार निर्माण की गति बढ़ेगी।

वैसे 5जी के बाद इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए एक कार्य बल काम करना शुरू कर चुका है, ऐसा दावा भी किया जा रहा है। इस अवसर पर पिछली सरकार को कोसने का मौका भी प्रधानमंत्री मोदी ने नहीं छोड़ा और 2जी को हताशा और निराशा का पर्याय बताते हुए पूर्ववर्ती सरकार के लिए कहा कि वह कालखंड भ्रष्टाचार और नीतिगत पंगुता के लिए जाना जाता था। गौरतलब है कि यूपीए सरकार के वक्त 2जी घोटाले का विवाद खड़ा हुआ था। बात सही भी है, देश दूरसंचार के क्षेत्र में तो तेजी से एक-दूसरे से जुड़ रहा है, लेकिन समाज के रूप में हम भीतर से कितना बिखरते जा रहे हैं, इसकी सुध भी सरकार को ले लेनी चाहिए। तभी कोई भी तकनीकी क्रांति वाकई सकारात्मक बदलाव ला सकेगी। सरकार का ये दावा भी है कि 5जी से खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में प्रगति होगी। ये सब कब होगा, और कैसे नजर आएगा।

## होली का उत्सव ईश्वरीय कृपा का धन्यवाद अर्पण है



होली भारत का बहुत ही लोकप्रिय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्यौहार है। लोग चन्दन और गुलाल से होली खेलते हैं। प्रत्येक वर्ष मार्च माह के आरंभ में यह त्यौहार मनाया जाता है। लोगों का विश्वास है कि होली के चटक रंग ऊर्जा, जीवंतता और आनंद के सूचक हैं। होली की पूर्व संध्या पर बड़ी मात्रा में होलिका दहन किया जाता है और लोग अग्नि की पूजा करते हैं।

होलिका दहन की कहानी

प्रह्लाद से जुड़ी एक किंवदंति के अनुसार तभी से होली का त्यौहार आरंभ हुआ था। प्रह्लाद ईश्वर को समर्पित एक बालक था। परन्तु उसके पिता ईश्वर को नहीं मानते थे। वह बहुत घमंडी और क्रूर राजा थे। तो कहानी कुछ इस तरह से आगे बढ़ती है कि प्रह्लाद के पिता एक नास्तिक राजा थे और उनका ही पुत्र हर समय ईश्वर का नाम जपता रहता था। इस बात से आहात हो कर वह अपने पुत्र को सबक सिखाना चाहते थे। उन्होंने अपने पुत्र को समझाने के सारे प्रयास किए, परन्तु प्रह्लाद में कोई परिवर्तन नहीं आया। जब वह प्रह्लाद को बदल नहीं पाए तो उन्होंने उसे मारने की सोची। इसलिए उन्होंने अपनी एक बहन की मदद ली। उनकी बहन को यह वरदान प्राप्त था कि यदि वह अपनी गोद में किसी को भी लेकर अग्नि में प्रवेश करेगी तो स्वयं उसे कुछ नहीं होगा परन्तु उसकी गोद में बैठा व्यक्ति भस्म हो जाएगा। राजा की बहन का नाम होलिका था। होलिका ने प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में बिठाया, परन्तु प्रह्लाद के स्थान पर वह स्वयं जल गई और ह्लहरि ओम्ह्ल का जाप करने एवं ईश्वर को समर्पित होने के कारण, प्रह्लाद की आग से रक्षा हो गई और वह सुरक्षित बाहर आ गया।

कुछ गावों में लोग अंगारों पर से हो कर गुजर जाते हैं और उन्हें कुछ भी नहीं होता। उनके पैरों में छाले/फफोले भी नहीं पड़ते! विश्वास में बहुत शक्ति होती है। जीवन में विश्वास का बड़ा योगदान होता है। आने वाले मानसून पर होलिका दहन का प्रभाव पड़ता है।

होलिका भूतकाल के बोझ का सूचक है जो प्रह्लाद की निश्छलता को जला देना चाहती थी। परन्तु नारायण भक्ति से गहराई तक जुड़े हुए प्रह्लाद ने सभी पुराने संस्कारों को स्वाहा कर दिया और फिर नए रंगों के साथ आनंद का उद्गम हुआ। जीवन एक उत्सव बन जाता है। भूतकाल को छोड़ कर हम एक नई शुरूआत की तरफ बढ़ते हैं। हमारी भावनाएं आग की तरह हमें जला देती हैं, परन्तु जब रंगों का फव्वारा फूटता है तब हमारे जीवन में आकर्षण आ जाता है। अज्ञानता में भावनाएं एक बोझ के समान होती हैं, जबकि ज्ञान में वही भावनाएं जीवन में रंग भर देती हैं। सभी भावनाओं का संबंध अलग अलग रंगों से होता है जैसे कि झ लाल रंग क्रोध से, हरा इर्ष्या से, पीला पुलकित होने या प्रसन्नता से, गुलाबी प्रेम से, नीला रंग विशालता से, श्वेत शान्ति से और केसरिया संतोष या फिर त्याग से एवं बैंगनी ज्ञान से जुड़ा हुआ है। त्यौहार का सार जान कर ज्ञान में होली का आनंद उठाएं।

होली क्यों मनाई जाती है और क्या सिखाती है।

जीवन रंगों से भरा होना चाहिए! प्रत्येक रंग अलग-अलग देखने और आनंद उठाने के लिए बनाए गए हैं। यदि सभी रंगों को एक में मिला कर देखा जाए तो वे सभी काले दिखेंगे। लाल, पीला, हरा आदि सभी रंग अलग-अलग होने चाहिएं, पर साथ ही हमें इनका आनंद भी एक साथ उठाना चाहिए। इसी प्रकार व्यक्तियों द्वारा जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाएं, उनके भीतर शांतिपूर्ण एवं पृथक रूप से अलग-अलग विद्यमान होनी चाहिए। उदाहरण के लिए यदि कोई व्यक्ति अपनी ह्लपिताह्ल वाली भूमिका कार्यालय में भी निभाने लगे तो भगवान ही मालिक है। पर हमारे देश में कभी-कभी नेता पहले पिता बन कर और बाद में नेता बन कर सोचते हैं।

हम चाहे जिस भी परिस्थिति में हों, हमें अपना योगदान शत-प्रतिशत देना चाहिए और तब हमारा जीवन रंगों से भरा रहेगा! प्राचीन भारत में इसी संकल्पना को वर्णाश्रम कहा गया है। इसका अर्थ है - प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह डाक्टर, अध्यापक, पिता या कुछ और हो, उससे उसकी भूमिका पूरे उत्साह के साथ निभाने की अपेक्षा की जाती है। व्यवसायों को आपस में मिला देने से उत्पादनियता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि कोई डाक्टर व्यापार करना चाहता है तो उसे अपने डाक्टर पेशे को प्राथमिकता न देते हुए, अलग से व्यापार करना चाहिए न कि चिकित्सा को ही अपना व्यापार बना लेना चाहिए। मन के इन भिन्न पात्रों को अलग एवं पृथक रखना सुखी जीवन का रहस्य है और होली हमें यही सिखाती है।

सभी रंगों का उद्गम सफेद रंग से हुआ है पर इन सभी रंगों को आपस में मिलाने पर ये काले रंग में परिवर्तित हो जाते हैं। जब हमारा मन उज्जवल और चेतना शुद्ध, शांत, प्रसन्न एवं ध्यानस्थ हो तो विभिन्न रंगों एवं भूमिकाओं का जन्म होता है। हमें वास्तविक रूप से अपनी सभी भूमिकाओं को निभाने की शक्ति प्राप्त होती है। हमें अपनी चेतना में बार-बार डुबकी लगानी होगी। यदि हम केवल बाहर ही देखते रहे और आस-पास के बाहरी रंगों से खेलते रहे तो हम अपने चारों ओर अन्धकार पाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अपनी सभी भूमिकाओं को पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ निभाने के लिए हमें भूमिकाओं के मध्य गहन विश्राम लेना होगा। गहन विश्राम में बाधा पंहुचाने वाला सबसे बड़ा कारक इच्छाएं हैं। इच्छाएं तनाव की द्योतक हैं। यहां तक कि छोटी सी या तुच्छ इच्छा भी बड़ा तनाव देती है। बड़े-बड़े लक्ष्य अक्सर कम चिंताएं देते हैं ! अधिकतर, इच्छाएं मन को कष्ट देती हैं।

एक ही रास्ता है कि इच्छाओं पर ध्यान ले जाएं और उन्हें समर्पित कर दें। इच्छाओं अथवा कर्म के प्रति सजग होने या ध्यान ले जाने को ह्लकामाक्षीह्ल कहा जाता है। सजगता से इच्छाओं की पकड़ कम हो जाती है, और आसानी से समर्पण हो जाता है और तब अपने भीतर अमृत धारा फूट पड़ती है। देवी कामाक्षी ने अपने एक हाथ में गन्ना पकड़ रखा है और दूसरे में एक फूल। गन्ना काफी सख्त होता है और उसकी मिठास प्राप्त करने के लिए उसे निचोड़ना पड़ता है। जबकि फूल कोमल होता है और इससे रस निकालना बेहद आसान है। वास्तव में जीवन में भी तो यही होता है।



- श्री श्रीरविशंकर

> जीवन रंगों से भरा होना चाहिए! प्रत्येक रंग अलग-अलग देखने और आनंद उठाने के लिए बनाए गए हैं। यदि सभी रंगों को एक में मिला कर देखा जाए तो वे सभी काले दिखेंगे। लाल, पीला, हरा आदि सभी रंग अलग-अलग होने चाहिएं, पर साथ ही हमें इनका आनंद भी एक साथ उठाना चाहिए। इसी प्रकार व्यक्तियों द्वारा जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाएं, उनके भीतर शांतिपूर्ण एवं पृथक रूप से अलग-अलग ।

### खास बात

## योग का उदेश्य



**स्वामी मुक्तरथ**

समाधिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के उदेश्य और लक्षण क्या हैं और उसका साधन किस प्रकार होता है। साधनपाद में क्लेश, कर्मविपाक और कर्मफल आदि का विवेचन है। विभूतिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के अंग क्या हैं, उसका परिणाम क्या होता है और उसके द्वारा अणिमा, महिमा आदि सिद्धियों की किस प्रकार प्राप्ति होती है। कैवल्यपाद में कैवल्य या मोक्ष का विवेचन किया गया है। संक्षेप में योग दर्शन का मत यह है कि मनुष्य को अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच प्रकार के क्लेश होते हैं, और उसे कर्म के फलों के अनुसार जन्म लेकर आयु व्यतीत करनी पड़ती है तथा भोग भोगना पड़ता है। पतंजलि ने इन सबसे बचने और मोक्ष प्राप्त करने का उपाय योग बतलाया है और कहा है कि क्रमशः योग के अंगों का साधन करते हुए मनुष्य सिद्ध हो जाता है और अंत में मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ईश्वर के संबंध में पतंजलि का मत है कि वह नित्यमुक्त, एक, अद्वितीय और तीनों कालों से अतीत है और देवताओं तथा ऋषियों आदि को उसी से ज्ञान प्राप्त होता है। योगदर्शन में संसार को दुःखमय और हेय माना गया है। पुरुष या जीवात्मा के मोक्ष के लिये वे योग को ही एकमात्र उपाय मानते हैं।

पतंजलि ने चित्त की क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, निरुद्ध और एकाग्र ये पाँच प्रकार की वृत्तियाँ मानी है, जिनका नाम उन्होंने 'चित्तभूमि' रखा है। उन्होंने कहा है कि आरंभ की तीन चित्तभूमियों में योग नहीं हो सकता, केवल अंतिम दो में हो सकता है। इन दो भूमियों में संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात ये दो प्रकार के योग हो सकते हैं। जिस अवस्था में ध्येय का रूप प्रत्यक्ष रहता हो, उसे संप्रज्ञात कहते हैं। यह योग पाँच प्रकार के क्लेशों का नाश करनेवाला है। असंप्रज्ञात उस अवस्था को कहते हैं, जिसमें किसी प्रकार की वृत्ति का उदय नहीं होता अर्थात ज्ञाता और ज्ञेय का भेद नहीं रह जाता, संस्कारमात्र बचा रहता है। यही योग की चरम भूमि मानी जाती है और इसकी सिद्धि हो जाने पर मोक्ष प्राप्त होता है।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

## विचारों का सम्मान

### विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

झारखण्ड में आयोजित 34 वें राष्ट्रीय खेल की उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी उसमें हुए भ्रष्टाचार की।

पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा चयन एक अनोखा तरीका है - अपनी मनमर्जी करने का। खेद है कि आर. के. आनन्द जैसे वरिष्ठ वकील की अध्यक्षता में ये सब हुआ!

**- महेश पोद्दार, सांसद**

### आपके ट्वीट

समय मूल्यवान सत्ता है। समय का सदुपयोग जीवन की महानतम संभावनाओं को प्रकट करने में समर्थ है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

**- अवधेशानंद गिरी**





जब मैं गुजरात में सीएम था तब नर्मदा बांध के लिये केन्द्र को कई बार पत्र लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आपलोगों ने मुझे ही वहां भेज दिया तब मैंने उस काम को करने मे सफलता पाई।

**- नरेन्द्र मोदी**

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### बेलगाम महंगाई

**देश** ने पिछले सालों में, कई बदलाव देखे, जो कि अपने आप में ऐतिहासिक और अचंभित करने वाले थे। लेकिन, बेलगाम महंगाई ने कम आय वाले तबके के लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। ऐसे में सवाल है कि क्या शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरत की चीजों पर कुछ सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे? सरकार आम लोगों का हित नहीं सोचती क्यों?

**-अमन जायसवाल, रांची**

#### जनता का विश्वास

**सरकारी** कर्मचारी हो या अन्य क्षेत्र, आज हर कदम पर रिश्वत का बोलबाला लगता है। इसके बजाय देश में कानून व्यवस्था इतनी मजबूत होनी चाहिए कि कोई भी गलत तरह से काम न करे। हाल ही में आप सरकार के एक मंत्री का भ्रष्टाचार में लिप्त होना और उसे कानून के शिकंजे में कसना एक स्वागतयोग्य कदम है। जनता का विश्वास कानून व्यवस्था पर बना रहना चाहिए। **- सृष्टि ,हजारीबाग**

## श्रमिकों की हालत में लगातार सुधार जारी है

### सामयिक

**महेश व्यास**

**सीएमआईई** के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे (सीपीएचएस) के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि हाल के समय में औद्योगिक श्रमिकों के रोजगार में काफी सुधार हुआ है। इसमें कारखानों के कर्मचारी और प्रशिक्षक, प्लांट ऑपरेटर, असेंबलर और असेंबली लाइन में काम करने वाले, मिल श्रमिक, खदान कर्मी, औद्योगिक मशीन संचालक और औद्योगिक उपकरण ऑपरेटर आदि शामिल होते हैं। बंदरगाहों में काम करने वालों को भी औद्योगिक श्रमिक माना गया है। ये अपेक्षाकृत अच्छे काम होते हैं, इसलिए हाल के दिनों में इनकी तादाद में बढ़ोतरी प्रसन्न करने वाली घटना है।

सीपीएचएस में पेशे की प्रकृति के हिसाब से रोजगार को अलग-अलग करने पर यह उभरता रुझान सामने आया। आकलन की आवृत्ति चार माह की अवधि की है जिसे वेव कहते हैं। इस दौरान सीपीएचएस का 178,600 परिवारों पर आधारित सर्वे किया गया। ऐसे सर्वेक्षण के आंकड़े यह अनुमति देते हैं कि इनकेआधार पर वैसा अनुमान लगाया जा सके जो सीपीएचएस के मासिक नमूने के साथ संभव नहीं है। मासिक नमूने में केवल 44,500 परिवार शामिल होते हैं। ताजा सीपीएचएस वेव जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान हुई। इसके आंकड़े बताते हैं कि सितंबर-दिसंबर 2021 की पिछली वेव की तुलना में औद्योगिक श्रमिकों की तादाद 4.4 प्रतिशत बढ़ी। सितंबर-दिसंबर 2021 की वेव में औद्योगिक कर्मियों की तादाद में 11 फीसदी का इजाफा हुआ था। रोजगार में यह इजाफा अहम है। इसके अलावा बीती दो वेव इसलिए भी अहम हैं क्योंकि इस दौरान यह कोविड के पहले के समय से अधिक स्तर पर रहा।

औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार जनवरी-अप्रैल 2019 में शीर्ष स्तर पर था। यह कोविड के कारण लगने वाले लॉकडाउन से एक वर्ष पहले की बात है। उस लॉकडाउन ने देश की अर्थव्यवस्था को घुटनों पर ला दिया था। जनवरी-अप्रैल 2019 की वेव में 1.94 करोड़ श्रमिक इस क्षेत्र में रोजगारशुदा थे। इसके बाद गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ। मई-अगस्त 2019 में इस क्षेत्र में श्रमिकों की तादाद घटकर 1.92 करोड़ और सितंबर-दिसंबर 2019 में 1.91 करोड़ रह गई। जनवरी-अप्रैल 2020 की अगली सीपीएचएस वेव पहले लॉकडाउन से आंशिक तौर पर प्रभावित थी। इस वेव के दौरान औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार घटकर 1.87 करोड़ रह गया। लॉकडाउन का पूरा असर मई-अगस्त 2020 की वेव में नजर आया जब औद्योगिक श्रमिकों में से करीब एक तिहाई ने रोजगार गंवा दिया और उनकी तादाद घटकर 1.42 करोड़ रह गई। यह आंकड़ा जनवरी-अप्रैल 2019 के उच्चतम स्तर से 52 लाख कम था।

अधिकांश सुधार बाद वाली दो वेव में हुआ। मई-अगस्त 2021 तक औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार दोबारा बढ़कर 1.84 करोड़ हो गया। अगली वेव में यानी सितंबर-दिसंबर 2021 तक औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार और सुधरकर 2.05 करोड़ पहुंच गया। यह आंकड़ा 1.94 करोड़ के पिछले उच्चतम स्तर से 10 लाख अधिक था। जनवरी-अप्रैल 2022 में इसमें 10 लाख का और इजाफा हुआ और इनकी तादाद बढ़कर 2.14 करोड़ पहुंच गई। यह पिछले उच्चतम स्तर से 20 लाख अधिक था। सीपीएचएस के आंकड़ों में जो 2.14 करोड़ औद्योगिक श्रमिक नजर आते हैं उनमें संगठित और असंगठित क्षेत्र दोनों के श्रमिक शामिल हैं। तुलना के लिए संगठित क्षेत्र के औद्योगिक श्रमिकों की तादाद 2018-19 में 1.28 करोड़ थी (ताजा आंकड़े इसी वर्ष के उपलब्ध हैं)। सीपीएचएस के अनुसार उसी वर्ष संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक कुल

## हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरैया

### विशेष

(विश्व गौरैया दिवस/20 मार्च/विशेष)

प्रभुनाथ शुक्ल

गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु-पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं, वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता।

गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती है। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे, लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरुकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पाई जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिकतम दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गई।

गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कार्यकर्ताओं के बदौलत ही जीतेंगे चुनाव : कर्मवीर सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ मतदाताओं के घरों का दरवाजा खटखटाएं : आदित्य साहू

▸▸ क्षेत्र की विकास संग जनसेवा करूंगा : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर भाजपा द्वारा हजारीबाग स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में आयोजित हजारीबाग लोकसभा स्तरीय बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें मुख्य रूप में भाजपा झारखण्ड प्रदेश के संगठन महामंत्र कर्मवीर सिंह, भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित अन्य गणमान्य नेता शामिल हुए। सभी आगंतुक अतिथियों का मंच पर पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग- वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया गया । प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह चुनाव एक युद्ध है और युद्ध जब भी होता है धर्म और अधर्म के बीच होता है। वर्तमान लोकसभा चुनाव भी धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है। ऐसे में हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता बरकरार रखते हुए मतदाताओं तक पहुंच बनानी है ताकि हम सत्ता पर काबिज रह सके और समाज की व्यवस्था बदलते हुए अंत्योदय के सपने को सरकार कर सके। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा को 400 पार करना है और इसके लिए हम सभी कार्यकताओं को अपने बूथ को मजबूत बनाना होगा। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में हमारी जीत सुनिश्चित है लेकिन हमें मार्जिन बढ़ने पर ध्यान देना होगा।

राकेश प्रसाद ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता को सकारात्मक सोच के साथ निष्ठापूर्वक चुनाव में ध्यान देना चाहिए तभी हमारा सपना साकार होगा। प्रो. के.पी.शर्मा ने कहा की हम सभी कार्यकताओं को ऐसा कार्य करना ऐसा कार्य करना चाहिए की प्रतिद्वंदी चाहे कोई भी हो उसकी जमानत जप्त हो जाए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हमारा प्रत्याशी कमल फूल है और मैं सिर्फ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कमल फूल का वाहक हूं। मैंने अपने स्तर से हर प्रयास शुरू कर दिया है और टिकट मिलने के बाद करीब 80% लोकसभा क्षेत्र में दौरा भी कर लिया है। हमारा जनसंपर्क अभियान निर्बाध रूप से जारी रहेगा और हमारी कोशिश होगी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एक-एक जगहों तक पहुंच बनाना। अपने सेवा क्षेत्र का विस्तार में को कोई कमी नहीं करूंगा और पार्टी कार्यकताओं के मान- सम्मान के साथ, पार्टी के सिद्धांतों पर खरा उतरते हुए सिद्दत से क्षेत्र का विकास एवं जनसेवा करूंगा ।

कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ,लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप ,लोक सभा सह प्रभारी अशोक उपाध्याय ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, कुंटू बाबू ,अमरदीप यादव, केपी शर्मा द्वारा संबोधन की गई।



## स्पीड न्यूज

### संजय शाह बने वैश्य समाज के युवा मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष



**रामगढ़ ।** झारखंड वैश्य समाज की बैठक होटल शिवम इन में हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष नंदू गुप्ता ने की और संचालन शिव शंकर साहू ने किया। रामगढ़ निवासी अनिल कुमार को झारखंड वैश्य समाज का रामगढ़ जिला अध्यक्ष एवं सेंवटा निवासी संजय शाह को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा नेता राजीव जायसवाल, अजीत जायसवाल, राधेश्याम साहू, यमुना साहू, दीनदयाल कुमार साहू, देवेंद्र प्रसाद, विजय जायसवाल, संदीप साहू, अशोक गुप्ता, संतोष रंजन, सुनील बर्नवाल,रॉबिन गुप्ता, जितेंद्र कुमार उर्फ डब्लू, गजाधर साहू, सूरज मोदी इत्यादि उपस्थित थे।

### बीएड व डीएलएड की दी जानकारी



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप-प्रवजल्लित महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के द्वारा किया गया। इंडक्शन प्रोग्राम का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो के द्वारा किया गया। बीएड एवं डीएलएड के संपूर्ण पाठ्यक्रम की जानकारी डॉ. अशोक राम, क्रमशः बीएड एवं डीएलएड के जॉब ओरिएंटड की जानकारी संजु उरांव के द्वारा किया गया। मंच का संचालन एवं देखरेख सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा किया गया।ब मो. परवेज अख्तर, सुश्री संजु रंजना होरो, सुप्रिया वर्मन, सुलेखा कुमारी, प्रेम नारायण कटियार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी में निकिता कुमारी, श्रेया गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### निर्भीक होकर वोट करें : संजय रजक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में सुनिश्चित कराने को लेकर भदानीनगर पुलिस ने रामगढ़ एसपी डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर मंगलवार को भदानीनगर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक के नेतृत्व में चोरधरा, महुआ टोला सहित भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत आसपास गांव का एरिया डोमिनेशन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, 208 डी कंपनी के कमांडर रामनारायण यादव, एसआई अनीश प्रसाद, सीआरपीएफ के जवानो व शस्त्र बल के साथ एरिया डोमिनेशन, रूट सैनिटाइजेशन, डाइमिनिंग पेट्रोलिंग एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को ले एरिया डोमिनेशन के तहत पुलिस प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में ताकत का अहसास कराया। मौके पर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने गड़बड़ी के इरादे पालने वालों को सीधे लहजे में चेतावनी दी कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मतदाताओं से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में आपसभी शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। पुलिस-प्रशासन आपकी रक्षा के लिए खड़ा है। निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाएं और वोट करें।

### रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने दीपक मिश्रा



**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित किला मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्री श्री रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंच संचालन समिति के महासचिव तुलेश्वर पासवान ने किया। दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में भव्यता के साथ रामनवमी जुलूस निकाले जाने सहित शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाए जाने पर चर्चा किया। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया द्वारा इस बैठक में नए कमिटी के चयन पर विचार के साथ नए अध्यक्ष हेतु दीपक मिश्रा के नाम का घोषणा की गई। जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जय श्री राम के ध्वनि से समर्थन किया । दीपक मिश्रा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस बार बिलकुल अनुशासित ढंग से एवं धूमधाम से रामनवमी मनाया जायेगा। जिसमे पुलिस प्रशासन से सहयोग की भी अपेक्षा रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया,संरक्षक सह पूर्व मुखिया छोटू सिंह,मुखिया ओरला पंचायत बुच बाबा,रमेश महतो,बिनोद मिश्रा,राजेश ठाकुर,प्रभात अग्रवाल विशाल जयसवाल,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,शंकर यादव, नीरज गोयल,पंकज भारती,मणिशंकर ठाकुर,विक्की बाबा,सूरज वर्णवाल,आयुष,मनीष,प्रेम करमाली,सरोज कुमार,सचिन चंद्रवाशी,अमन राजा,राहुल पासवान,शुभम सिंह,शंभू सिंह,अमित कुमार,अंकित सिंह,मोनू गुप्ता,पावन पासवान, गोलू पासवान,रोहित,प्रियांशु गोस्वामी,सुनील कुमार,आकाश यादव,सोनू कुमार, पब्बी बजरंगी,रवि चंद्रवंशी,संतोष बेदिया,कुणाल राम,आनंद राम,राहुल मालाकार,चंदन सिंह,सागर श्रीवास्तव,राहुल सिंह,कांतेश्वर मिश्र,नवनीत कुमार,लालबाबू आदि मौजूद थे ।

# वोटर अवेयरनेस को ले कॉलेजों के कैंपस ब्रांड एंबेसडरों की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की की अध्यक्षता में फ्यूचर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न महाविद्यालयों के स्वीप नोडल पदाधिकारियों व स्वीप के तहत बनाए गए कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ से मुन्ना कुमार व शहजादी, इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ से रिया कुमारी व खुशी कुमारी, राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ से अनुरोन चौधरी व पूजा पटेल, गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज गोला से शुभांशु शुभम व रानी कुमारी, सीपीसी इंटर कॉलेज कामता गोला से आशीष कुमार व मनीष कुमार, रिजु नाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज दुलमी से रोशन कुमार व मालती कुमारी, डॉ एस राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज चितरपुर से विवेक कुमार एवं मुस्कान कुमारी, जीएम कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से शत्रुघ्न गिरी, जुबली कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से अजय कुमार व कुमकुम कुमारी को स्वीप के तहत कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर हेतु चयन किया गया है।

### कोषांग टीम ने कई स्कूलों का किया दौरा

**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मंगलवार को हजारीबाग जिला कोषांग की टीम ने नापोखुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नापो खुर्द पंचायत भवन, चौपदार बलिया पंचायत अंतर्गत गोसाई बलिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौपदार बलिया पंचायत भवन में संचालित मूलभूत सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण किया। चुनाव से संबंधित पोलिंग अफसर ,सीआरपीएफ बल के रहने के लिए विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया ।जिसमें मुख्य रूप से शौचालय, कमरा, बिजली आवागमन मार्ग व अन्य सुविधाओं को लेकर भौतिक निरीक्षण किया गया। मौके पर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, 2आईसी सीआरपीएफ मनमोहन ठाकुर, बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, नापोखुर्द पंचायत मुखिया गणेश साव, पंसस गणेश साव के अलावा बीएलओ समेत कई लोग उपस्थित थे।

### खनन विभाग ने बालू यार्ड में की छापेमारी

बड़कागांव। जिला खनन विभाग एवं बड़कागांव पुलिस के संयुक्त रूप से झारखंड खनिज अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन 2017 की धारा 9/13 के तहत बड़कागांव के बालू यार्ड में छापामारी की गई। इस छापामारी में नयाटांड़ मेसर्स सूर्या बालू यार्ड मालिक शिवाडीह गांव निवासी कार्तिक प्रसाद पिता बैजनाथ प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में बड़कागांव थाना कांड संख्या 73/ 24 धारा 379, 411 भादवी खान एवं खनिज एमएमडीआर की धारा 4/21 जेएमएमसी रूल 54 के तहत मामला दर्ज करते हुए की गई। छापामारी में जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, एसआई वरुण कुमार सहित जवान शामिल थे।

# मुखिया ने पंचायत सचिव की शिकायत पतरातू बीडीओ से की

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू को पत्र लिखकर पंचायत सचिव सागर कुमार पर घूस की रकम नहीं मिलने पर योजनाओं का जियो टैग नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। मालूम हो कि किसी भी योजना को आरंभ करने हेतु पंचायत सचिव को जिओ टैग करने का कार्य मिला हुआ है। मुखिया ने पत्र के माध्यम से बताया है की ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या काफी बढ़ जाती है। पंचायत के अधिकांश निवासी सीसीएल प्रबंधन के जल आपूर्ति पर निर्भर है। गर्मी के दिनों में सीसीएल प्रबंधन द्वारा जल की आपूर्ति प्रत्येक वर्ष बाधित हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को नदी-नालों का गंदा पानी पीने पर विवश होना पड़ता है। प्रदूषित पानी के कारण कई ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियां हो जाती है। वहीं बीमारियों के कारण कई लोगों की मृत्यु तक हो जाती है। पंचायत में जल आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा विगत दिनों राशि भेजी गई थी। उक्त राशि को खर्च करने हेतु ग्राम पंचायत में ग्रामसभा कर लाभुक समिति को पेयजल आपूर्ति करने के लिए समय से कार्यदेश भी दे दिया गया था। लेकिन पंचायत सचिव सागर कुमार द्वारा लाभुक समिति से प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से 25 हजार रूपया घूस मांगने के कारण कार्य आरंभ करने हेतु जियो टैग नहीं किया गया। साथ ही आम चुनाव के निमित्त आदर्श आचार संहिता का अधिसूचना भी जारी हो गया है।

### सीसीएल वीटीसी से शुरू किया मोटर वाहन प्रशिक्षण

**चरही ।**सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष सीएसआर मद से अपने कमांड क्षेत्र में लगभग करोड़ रुपए तक खर्च कर डालती है। सत्र 2023-24 में सीएसआर मद से 1.17 करोड़ रुपए का खर्च चरही जीएम मुख्यालय से लेकर तापीन साउथ,तापीन नॉर्थ,परेज,केदला, झारखंड,बसंतपुर आदि कमांड क्षेत्र में की है। महिला उत्थान से लेकर बेरोजगार युवा वर्ग को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम चलाई। सबसे अधिक युवाओं ने मोटर प्रशिक्षण का लाभ से संतुष्ट हुए। क्षेत्र के विभिन्न एसीसी सदस्यों ने सीसीएल से मोटर वाहन प्रशिक्षण की व्यवस्था निरंतर चलाने की मांग की है। पूरे क्षेत्र के लिए तापीन साउथ स्थित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर वर्षों से विभिन्न प्रशिक्षण हेतु ही बना हुआ है। इस केंद्र से पूरे क्षेत्र के लोगों को आने -जाने की सुविधा होती है। इस हेतु इस केंद्र में युवाओं के लिए सतत प्रशिक्षण देने की मांग की गई है।

# कुजू में अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से जारी

**ज्योति सिन्हा**

▸▸ चारकोल मिलाकर रेलवे रैक से कई पावर प्लांटों में भेजा जा रहा कोयला

**रामगढ़ ।** कुजू रेलवे साइडिंग से अवैध कोयले का कारोबार वर्षों से बदस्तूर जारी है। जिससे राज्य सरकार को तो चूना लग ही रहा है, धंधे मे संलिप्त चंद सप्लायर और लिफ्टर की चांदी कट रही है। पूरे मामले में जिला प्रशासन व स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मौन है। बताया जाता है कि पहुंच व पैरवी जिले से लेकर सरकार में बैठे चंद मंत्रियों तक है। जिसके कारण धंधेबाजों द्वारा रेलवे नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ कोयले में चारकोल मिलावटी का धंधा किया जा रहा है। कुजू रेलवे साइडिंग में यार्ड बनाकर कोयले का स्टॉक किया जाता है। जिसमें कोलियरियों के अच्छी किस्म के कोयले को बाहर बाहर बेचकर उसके स्थान पर घटिया किस्म के कोयले को गिराकर विभिन्न पावर प्लांटों के लिए रैक के माध्यम से भेजा जाता है। इसकी सप्लाई के लिए कुछ लोगों ने ठेका ले रखा है। इसी ठेके की आड़ में ठेका कंपनी व उसके लिफ्टर कोयले में चारकोल मिलाकर रेलवे रैक के माध्यम से पावर प्लांटों में मिक्सिंग कोयले को भेजते हैं। बताया जाता है कि इस मिक्सिंग के धंधे में जो चारकोल को कोयले में मिलाया जाता है वह एक तरह से फैक्ट्री का बर्बाद पदार्थ होता है। जिसे ट्रांसपोर्टिंग कर साइडिंग में गिराया जाता है।

चारकोल के इस धंधे में कुछ स्थानीय लोग भी शामिल हैं जो यार्ड बनाकर तथा चारकोल गिराकर उसे कोयले में मिक्सिंग कर पावर प्लांट में भेजकर मोटी कमाई कर रहे हैं। यह धंधा कोई नया नहीं है। सूत्र बताते हैं कि जब से साइडिंग खुला है, मिक्सिंग व कोयले की हेराफेरी का धंधा जारी है। इस धंधे में वर्चस्व की भी लड़ाई जारी है। जो कभी भी खूनी संघर्ष का कारण बन सकता है। बताते चलें कि इस धंधे की मलाई खाने के लिए 1 साल पहले दो सप्लायर के बीच खूनी संघर्ष भी हुआ था। जिसमें दोनों ओर से कई लोग घायल हुए थे। कुजू रेलवे साइडिंग में चारकोल मिक्सिंग के साथ-साथ अवैध कोयले का कारोबार भी हो रहा है। बताया जाता है कि कोयले की जगह चारकोल मिलाने के बाद उस बचे कोयले को स्थानीय फैक्ट्रियों में गिराया जाता है। जिससे धंधेबाजों को दोहरा लाभ हो रहा है। कुजू रेलवे साइडिंग से हो रहे अवैध कोयले के कारोबार का पुख्ता प्रमाण एक दिन पूर्व प्रशासन द्वारा जब्त किए गए कोयला लदे 6 हाईवा की कार्रवाई है।हालांकि इस मामले में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उसके अलावे बबलू यादव और नेपाल यादव सहित झामुमो के एक ऊंची रसूखदार नेता भी इस धंधे के मास्टरमाइंड बताए जाते हैं, जो फिलहाल पुलिसिया कार्रवाई से अछूते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की तह तक पहुंचने पर इनके ऊपर भी गाज गिर सकती है। इधर मामले में नाम आने के बाद धंधेबाजों के भूमिगत होने की बात कही जा रही है। अब देखना है कि पुलिस की कार्रवाई से कुजू रेलवे साइडिंग में वर्षों से चल रहे इस गोरख धंधे पर विराम लगता है या फिर मात्र खानापूर्ति। यह आने वाला समय बताएगा। लेकिन फिलहाल क्षेत्र में सब की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है।



## एक नजर में

### होली को ले थाना में शांति समिति की बैठक



**टाटीझरिया ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में की गई ।मुख्य रूप से टाटीझरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि खुशबू मिंज टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,सर्किल इंस्पेक्टर शहजादा एलपी पीपीरजा ,थाना प्रभारी सुजीत कुमार प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए प्रमुख श्री मंडल ने कहा की होली पर्व मेल-मिलाप से मनाने की जो टाटीझरिया में परंपरा रही है इस का निर्वहन करते हुए आपसी भाईचारे के साथ व सौहार्दपूर्ण परिवेश में मनाएं । एसडीपीओ बैजनाथ महतो ने कहा की होली पर्व अचार संहिता के नियमो को पालन करते हुए मनाए। हुड़दंगियो और आपत्ति जनक पोष्ट शोशल मीडिया पर डालने वालों को बक्शा नही जयेगा । उनको चिन्हित कर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी । बैठक में टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल , मुखिया सुरेश यादव ,परमेश्वर यादव ,कृपा शंकर पांडेय मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल मिथलेश पाठक बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र पाण्डेय कयूम अंसारी , मो आलम ,रजाक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### होली में नशापान नहीं करें : थाना प्रभारी



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना परिसर में होली और रमजान त्यौहार को शांति और सद्भावपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने किया। उन्होंने सभी उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को होली, रमजान व रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि त्यौहार सादगी व प्यार का होता है होली व रमजान गले मिलकर मनाए वैमनस्य को दूर भगाए हमारा देश एको ब्रह्म दूजौ न कोई मतलब ईश्वर एक है सभी की आस्था अपने अपने ईश्वर पर है त्यौहार मनाने के दौरान किसी की भावनाएं आहत न हो इसकी विशेष चिंता कीजिये। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, इंस्पेक्टर मो इमदाद अंसारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन धीरेंद्र कुमार पांडेय ने की बैठक में थाना प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि त्यौहार को अपने परिवार के साथ अच्छे से मनाये, नशापान से दूर रहे साथ ही डीजे व अश्लील गीत बजाना सख्त मना है होली के त्यौहार में बच्चों को मोटरसाइकिल ना दे। बच्चों को अपनी देखरेख में रखें । मौके पर माले नेता शेर मोहम्मद, कुंजलाल मेहता, मौलवी रमजान, मो शफीक, लोकनाथ राणा, लखन महतो, हरिलाल मांझी, मुस्लिम मियां रामतीर्थ पांडेय समेत बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

### टाटीझरिया में अवैध कोयले का धंधा जोरों पर

टाटीझरिया। इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में अवैध कोयला का धंधा खूब फल - फूल रहा है। यह धंधा थाना के नाक के नीचे से गुजरते हुए किया जा रहा है। आए दिन प्रखंड क्षेत्र से दर्जनों ट्रेक्टर और पिक अप द्वारा बेड़म - टाटीझरिया सड़क होते हुए अवैध कोयला की ढुलाई की जा रही है। पेटो - झरपो के रास्ते भी अवैध कोयले की ढुलाई लगातार हो रही है। रात भर इस अवैध व्यापार से टाटीझरिया , डहरभंगा, डूंगो,खरिका, झरपो, बेड़मक्का,नारायणपुर, खैरा, करमा, बेड़म,मुरकी समेत अन्य गांव के ग्रामीणों की नींद हराम हो रही है। इस धंधे से प्रशासनिक पदाधिकारियों की चुप्पी से कई प्रकार के प्रश्न उठ रहें हैं। इधर लोकसभा के चुनाव की बिगुल बजने का भी इस धंधे पर कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। इन अवैध कोयले का इस्तेमाल क्षेत्र में बनाए जा रहे बंगला भट्ठे की ईंट में किया जा रहा है। लोग धड्डले से इसका इस्तेमाल कर रहें हैं ।इस काले हीरे की तस्करी के वजह से सरकार को हानि हो रही है।

### दारू में होली को लेकर शांति समिति की बैठक



दारू। दारू थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद, अंचला अधिकारी नवीन भूषण कुलु, प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, सर्किल इंस्पेक्टर साहिद रजा,थाना प्रभारी सफीक अंसारी एवम जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, तथा प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ ने किया तथा संचालन थाना प्रभारी सफीक खान ने किया । एसडीपीओ ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने की बात कही तथा लोगो को बताया कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कोई जाति विशेष को ठेस पहुंचे। सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर कोई भड़काऊ मैसेज ना डालें यदि कोई ऐसा करता है तो उसे खंडन करें और आगे फॉरवर्ड ना करें अन्यथा तात्कालिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्यरूप से दारू पंचायत मुखिया सुनील कुमार, इरगा पंचायत मुखिया अनिता देवी , प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, रामाशीष कुमार, मनोहर कुमार, सरफराज अहमद , अल्ताफ, एनुल हक, दिलीप मियां , सुलेमान मिया, करीम मियां, सुरेश साव, सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित थे।

### बिजली विभाग बड़कागांव व केरेडारी में लगायेगा कैंप

**बड़कागांव।** बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में बिजली संबंधित शिविर लगाई जाएगी। जिसकी तारीख एवं स्थान निर्धारित किया गया है । उक्त आशय जानकारी बिजली विभाग के कनिय अभियंता प्रभास कुमार ने दी है उन्होंने बताया कि बड़कागांव प्रखंड में 20 मार्च को नापोखुर्द पंचायत भवन ,21 मार्च को चौपदार बलिया चौक पर, 22 मार्च को हरली चौक पर, 23 मार्च को कोईलंग निमिया टोला स्थित पूर्व मुखिया शुक्ला तूरी के घर के पास, 27 मार्च को सांड दुर्गा मंडप के पास, 28 मार्च को महुगाई कला पीपल पेड़ के पास, 29 मार्च को चेपाकला पंचायत भवन के पास, 30 मार्च को गोंदलपुरा दुर्गा मंडप के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं केरेडारी प्रखंड में 20 मार्च को पचड़ा दुर्गा मंडप के पास, 21 मार्च को पांडू हरिजन मोहल्ला, 22 मार्च को पगार तालाब के समीप, 23 मार्च को चट्टी पेटो दुर्गा मंडप के पास, 27 मार्च को बेलतू दुर्गा मंडप के पास, 28 मार्च को गरीकला स्थित होरील महतो के घर के पास, 29 मार्च को कंडाबेर दुर्गा मंडप के पास, और 30 मार्च को बेंगवरी पंचायत भवन के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### मध्य विद्यालय जमुआ में चौथी बार हुयी चोरी

**दारु।** थाना क्षेत्र के मेडकुरी खुर्द पंचायत के मध्य विद्यालय जमुआ में सोमवार रात को चौथी बार चोरी हुई। इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह उस समय हुई जब विद्यालय के शिक्षक और छात्र विद्यालय पहुंचे और एक कमरे का ताला टूटा हुआ पाया।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह लगातार चौथी बार चोरी की घटना घटी है। विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखे दो अलमीरा के लॉक को तोड़ कर साउंड सिस्टम एमली फायर , टेब क्रिकेट बैट, फुटबॉल , बैडमिंटन सेट हैंडबॉल वजन मापने की मशीन, रजिस्टर, सहित कई अन्य कीमती समान ले गये। इस घटना की लिखित सूचना दारु थाना प्रभारी शफीक खान को दी गयी है।

# अवैध रूप से विस्फोटक रखने के आरोपी को 8 वर्ष सश्रम कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा

**50 हजार जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कोडरमा। अवैध रूप से विस्फोटक जमा कर रखने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी मनजीत कुमार मेहता उर्फ मंटू मेहता पिता भारत नारायण मेहता, दाब रोड डोमचांच निवासी को 5 एक्सप्लोसिव सब्सटास एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 8 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2015 का है। इस मामले को लेकर डोमचाच थाना कांड संख्या 48/2015 एवं एसटी-41/2017 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया।

इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया, वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रकाश राम ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। बताते चलें कि न्यायालय ने एक दिन पूर्व आरोपी को दोषी ठहराया था।



### क्या है मामला

तत्कालीन डोमचांच थाना प्रभारी सुधीर कुमार पोद्दार ने अपने लिखित ब्यान में कहा था कि उन्हें सुबह 6 बजे गुप्त सूचना मिली थी की चंबल पहाड़ स्थित मंटू मेहता के क्रेशर पर एक पिकअप गाड़ी से अवैध रूप से विस्फोटक उतारा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ तत्काल पहुंचा। पहुंचने पर गोदाम के बाहर में दो-तीन पीस विस्फोटक गिरा हुआ पाया गया और एक गाड़ी का तुरंत का (ताजा) गाड़ी का चक्का का दाग दिखाई दिया। वहीं उपस्थित दो गवाहों के साथ गोदाम का दरवाजा खुलवाकर देखा तो एक बोरा में पावर जेल छोटा 635 पीस, बड़ा पावर जेल 18 पीस कार्टून में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर लाल 1601 पीस बोरा में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर उजला 840 पीस व नोनेल डेटोनेटर 175 पीस बोरा से जप्त किया। इसके संबंध में कागजात मांगने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। उसी समय मंटू मेहता वहां पहुंच गये तभी उनसे भी कागजात मांगने पर कोई कागजात नहीं पेश किया गया। वहीं अवैध विस्फोटक रखने पर धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चतरा।** हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। उद्घाटन के बाद शांति और सद्भाव का संदेश देने के लिए कबूतर उड़ाए गए और राष्ट्रगान गाया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ में लड़कों और लड़कियों ने भाग लिया, जिसमें से फाइनल के लिए तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिलती है और नए ऊर्जा का प्रवाह होता है, जो प्रतिस्पर्धा में बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अब देश के हर विभाग और सभी तरह के खेलों में लड़कियां अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही हैं।प्रतियोगिता के नेतृत्वकर्ता प्रो फखरुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह प्रतियोगिता कई मायनों में महत्वपूर्ण और लाभकारी साबित होगी, क्योंकि यह न केवल खेल कूद के प्रति सकारात्मकता बढ़ाती है बल्कि रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। इस खेल के माध्यम से आपसी दूरी को मिटाने और लिंग भेद तथा जाति-धर्म की खाई को पाटने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### मधुमक्खी के हमले से चरवाहा जख्मी

**गिद्धौर।** प्रखंड के सिंदुआरी कला जंगल में 65 वर्षीय मुला यादव नामक एक वृद्ध व्यक्ति मवेशी चरा रहा था तभी अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। खेल मैदान में खेल रहे बच्चों ने उसे बेहोशी की हालत में देखा और समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और बताया कि वह अब खतरे से बाहर है।

### उपमुखिया ने एसपी से शिष्टाचार मुलाकात



गिद्धौर। प्रखंड के बरिसाखी पंचायत के उप मुखिया विकास पांडेय, यदुनंदन पांडेय और गौतम पांडेय ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने पंचायत और गिद्धौर प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया। उप मुखिया ने पंचायत की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया और समाधान के लिए अनुरोध किया। जिला पुलिस अधीक्षक ने उप मुखिया और कार्यकारिणी सदस्यों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे पंचायत की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### पुलिस ने 640 लीटर अवैध महुआ शराब किया जब्त



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी जगल में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गई। इस दौरान लगभग 32 गैलेन जप्त किया गया। प्रत्येक गैलेन में 20 लीटर कुल 640 लीटर देशी महुआ शराब जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त शराब बनाने का उपकरण, सामग्री विनिष्ट किया गया। छापेमारी दल में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, एसआई रामवृक्ष राम, सशस्त्र बल एवं पैंथर जवान शामिल थे।

## जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाएं व्यापक जागरूकता अभियान: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा हुई। दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष तैयारी करने का निर्णय लिया गया। दिव्यांग स्वीप आइकन ने कुछ मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

ऐसे दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने पर उन्हें चिन्हित कर समय पर सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला सूचना विज्ञापन पदाधिकारी, सचिव नेहरू युवा केंद्र समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## डीसी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला अध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में आदर्श आचार संहिता से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए और चुनाव प्रचार-प्रसार/रैली/बैठक प्रचार-प्रसार आदि के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले सामाग्रियों के दर निर्धारण पर चर्चा हुई। सभी को सुविधा पोर्टल के माध्यम से रैली/सभा समेत अन्य कार्यक्रमों के लिए अनुमति प्रदान करने की जानकारी दी गई और प्रतिबंधित स्थानों पर रैली/बैठक/सभा न करने के निर्देश दिए गए। पार्टी के प्रचार-प्रसार हेतु आने वाले स्टार प्रचारकों की सूची नोटिफिकेशन जारी होने के 07 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा गया। सरकारी परिसर में कोई राजनीतिक कार्यक्रम न हो, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया। रैली से ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो, इसका खास ख्याल रखने को कहा गया। पेड न्यूज पर निगरानी के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मोनिटरिंग कमिटि गठित होने की जानकारी दी गई और मीडिया से संबंधित किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार प्रकाशित कराने के लिए इस कमिटि से स्वीकृति लेना अनिवार्य बताया गया। फेक न्यूज पर निगरानी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही, उन मतदाताओं से अपील की गई जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है, वे अपने नजदीकी बूथ स्तर के पदाधिकारी के साथ संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं।



## पुलिस ने मवेशी लदे एक पिकअप वैन को पकड़ा, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध मवेशी लदे एक पिकअप वैन को पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई रोड होते हुए अवैध मवेशी वाहन पर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद एसपी द्वारा एएसआई मो. इसराफिल, पुलिस नियंत्रण कक्ष के नेतृत्व में एक छापामारी ठीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार की सुबह करीब सात बजे मेघातरी घाटी में पिकअप संख्या जेएच12एफ/9513 में लदे पांच पशुओं को जप्त करते हुए एक अभियुक्त तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह निवासी 36 वर्षीय मो. महताब कुरैसी पिता मो. जिरानी कुरैसी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड संख्या 52/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेजा जा रहा है।



## विधायक के शिलान्यास बोर्ड को जनसेवक ने तोड़ा

### विधायक समर्थकों ने विधायक की छवि खराब करने का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह बाजार में विधायक मद से बना शौचालय में लगे बोर्ड को जनसेवक अजय पंडित ने तोड़ दिया। वहीं विधायक समर्थकों ने कहा कि विधायक की छवि खराब करने की नियत से बोर्ड को तोड़ा गया है। बताया जाता है कि सतगावां में आदर्श आचार संहिता के नियमों को ताख पर रख कर हर काम किया जा रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। सरकारी नियमानुसार बोर्ड को सादे कागज से ढक देना चाहिए, मगर यहां बोर्ड को छेनी हथौड़ी से तोड़ दिया गया है। तोड़ने वाला सरकारी कर्मचारी हैं जो जनसेवक के पद पर कार्यरत हैं और कई ऐसे संवेदक हैं जो योजना स्थल पर लगे बोर्ड को आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड को खुला छोड़ दिये हैं और ऐसे संवेदक पर आचार संहिता उलंघन का अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।



## एक नजर में

### घर लौट रहे यात्री का उच्चके ले उड़े बैग

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** होली मनाने परिजन संग घर लौट रहे यात्री का उच्चकों ने कपड़ों से भरा बैग ले उड़े। बैग में यात्री का मोबाइल, परिजनों के कपड़े व कुछ पैसे भी थे। सारा लेनदेन ऑनलाइन होने की वजह से यात्री को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं यात्री को अपना गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए पॉकेट में एक भी रुपया नहीं था। थाना में आवेदन देने के लिए भी उसे आम लोगों से सहयोग लेना पड़ा। इस संबंध में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए देवरी थाना, गिरिडीह निवासी कामेश्वर तुरी पिता भुनेश्वर तुरी ने बताया कि होली की छुट्टी मनाने को लेकर मंगलवार की सुबह 11 बजे नई दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस से कोडरमा लौटे, जहां से बस पकड़ने के लिए महाराणा प्रताप चौक स्थित बस स्टैंड पहुंचे, बस में सवार होने के पूर्व उसने बगल के एक चाय दुकान में अपने पिट्ठू बैग को नीचे रखकर चाय पीने लगे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए और पिट्ठू बैग को लेकर फरार हो गए। इसकी सूचना उसने तत्काल ट्रैफिक में लगे एक जवान को दी, जिसके बाद ट्रैफिक जवान ने उसे थाने जाने को कहा। वहीं थाना पहुंच कर युवक द्वारा आवेदन दिया गया। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### दीपक नवीन को आईएसओ द्वारा इंटरनेशनल ग्लोबल अवार्ड से किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** कौन कहता है कि आसमां में सुराग नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। यह एक बहुत ही प्रेरणादायक कविता है जो दुष्यंत कुमार ने लिखी है। इसका सीधा मतलब है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता, बस जरूरत है सही मन और पक्के इरादे से उस कार्य को पूरा करने की कोशिश करना। इस दुनिया में ऐसा कोई असंभव कार्य नही जो मनुष्य के हौसलों से बड़ा हो। हां है एक ऐसा शक्स कोडरमा छोटकीबागी निवासी अति पिछड़ा वर्ग का बेटा चंद्रवंशी दीपक नवीन अब तक के इतने कम उम्र में अपने जीवन काल में कई ऐसे कार्य तेजतर्रार सीए का स्टूडेंट, झारखंड की पहली खोरठा फिल्म के निमार्ता जिन्होंने इन सारे कार्य को करते हुए सामाजिक क्षेत्र में नई उड़ान, नई जोश, नई उमंग के साथ 2020 से सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भारत सरकार का उपक्रम आईएसओ के द्वारा इंटरनेशनल ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसके लिए रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, प्रवीण रवानी, अभिषेक चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, बिरेंद्र राम, मनोहर राम, राहुल चंद्रवंशी, महेश भारती, राजेंद्र वर्मा, प्रभात राम समेत कई लोगों ने बधाई दिया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया एमसीएमसी का गठन

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए 5 कोडरमा लोकसभा में गठित सभी कोषांगों ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार लोक सभा चुनाव में पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है, जिसमें 6 सदस्य हैं। (एमसीएमसी) के माध्यम से समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क मैसेज, सोशल मीडिया प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों व समाचारों पर नजर रखी जाएगी।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**चतरा।** सदर प्रखंड कार्यालय के सामने प्लॉट नंबर 44 और खाता नंबर छह की कई कट्ठा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। 1956 में सरकार द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लिए इस जमीन को अधिग्रहित किया गया था। वर्तमान में इस जमीन पर ईंटों से चारदीवारी बनाई जा रही है और जमीन की खरीद-बिक्री भी हो रही है। दो महीने पहले झारखंड आंदोलनकारी लक्ष्मीकांत शुक्ल ने भी सदर प्रखंड के सामने श्मशान घाट को भू-माफियाओं से मुक्त कराने की मांग एसडीओ से की थी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब लोगों ने उपायुक्त रमेश घोलप से सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। इस मामले में सीओ अनिल कुमार ने कहा है कि उन्हें इसकी जानकारी मिल गई है और उन्होंने कर्मचारी को जमीन की नापी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।

# श्री श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर हुआ झंडा खड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित ग्राम गरगड़िहा में 11 अप्रैल से आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर मंगलवार को झंडा खड़ा किया गया। यज्ञाचार्य दिनेशा जी महाराज अयोध्या धाम, उपयज्ञाचार्य चंदन पंडित ने झंडे का विधिवत पूजा अर्चना की, तत्पश्चात झंडा को नावाडीह दुर्गा मंडप, पिपराडीह शिव मंदिर होते हुए ग्राम दरदाही हनुमान मंदिर तक डीजे एवं ढोल नगाड़ा के साथ घुमाया गया। इस दौरान धर्म से संबंधित गगनचुंबी नारे लगाए जा रहे थे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष बबून यादव, उपाध्यक्ष बलदेव यादव, सचिव शंकर यादव, उपसचिव कारू यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव मुख्य पुजारी के रूप में राजू यादव शामिल हैं। वहीं यज्ञाचार्य दिनेशा आचार्य जी महाराज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से पूरे गांव में मांस व मदिरा यज्ञ समाप्ति तक वर्जित रहेगा। मौके पर बसंत साव, सुरेश साव, धानेश्वर यादव, संतोष यादव, बनवारी यादव, किशुन यादव, रामु यादव, बासुदेव यादव, जानकी साव, यमुना यादव, मनोज यादव, दुखन यादव, दामोदर यादव, उमेश यादव, जितेंद्र यादव, लाल्लू यादव, पवन यादव, सुबेश यादव, सुदामा यादव, मनोज यादव, खूबलाल यादव आदि मौजूद थे।



## डीडीसी की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक

**कोडरमा।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी से लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर चर्चा की गई। वहीं डीडीसी ने मानव श्रृंखला बनाकर व मतदान दिन की तिथि का नक्शा बनाकर एवं मतदान करने की अपील की गयी। इसके अलावा साइकिल रैली, बाइक रैली, कैंडल मार्च, संगीत संध्या, मतदाता जागरूकता संदेश से संबंधित हाइड्रोलिक बैलून का अधिष्ठापन एवं मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, लोकसभा इलेक्शन कार्निवाल, रन फॉर वोट आदि कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही। इसके लिए सभी लोगों की सहभागिता की अपील की। वहीं पोस्टर, बैनर, सेल्फी प्वाइंट, स्टीकर व स्टाम्प के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाएं जाने का सुझाव दिया गया। मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का आदि लोग मौजूद थे।

## खुदाई के दौरान मिली भगवान बुद्ध की प्रतिमा



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत के सलैया गांव में आदित्य यादव को मनरेगा से प्राप्त कुआं की खुदाई के दौरान 15 फीट की गहराई पर भगवान बुद्ध की एक प्रतिमा मिली है। प्रतिमा मिलने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उसे देखने और पूजा करने के लिए पहुंच रहे हैं। फिलहाल प्रतिमा को कुएं के पास ही रखा गया है और लोग वहीं पर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मुखिया मनोज पासवान ने बताया कि प्रतिमा मिलने के बाद से ही लोग पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

# बाल विवाह के खिलाफ पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** संस्था आसा, गिर्ल्स नॉट बड्र्स एवं समर्पण के तत्वावधान में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र बेंदी में बाल विवाह के खिलाफ विभिन्न हितधारकों के साथ एक दिवसीय पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बेंदी पंचायत के मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि कम उम्र में बच्चों का विवाह करना जघन्य अपराध है, कम उम्र वाले बच्चियों के शरीर पूर्ण रूप से विकसित नही हुआ रहता है, जिससे उन्हें शारिरीक परेशानियों का पीड़ा झेलना पड़ता है, साथ में जच्चा बच्चा भी खतरे में रहता है, इसके लिए खासकर महिलाओं को ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है। वहीं समाज सेवी कृष्ण सिंह घटवार के द्वारा कहा गया कि पूरे समाज में एक साथ बैठकर जागरूक किया जाय तो कुछ हद तक बाल विवाह रोका जा सकता है। वहीं समाज सेवी रमण यादव ने कहा कि जिस प्रकार कुएं में रस्सी अपने आप को घिसकर पत्थर पर दाग छोड़ जाता है उसी प्रकार बाल विवाह के खिलाफ हमलोगों को समाज में घिसने की जरूरत है, तभी बाल विवाह मुक्त गांव का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षक राजेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि गांव में एक साथ मिलकर जागरूकता अभियान चालू करने की जरूरत है। इसी दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक पदाधिकारी संतोष कुमार ठाकुर के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, एवं बाल तस्करी को लेकर विशेष रूप से जागरूक करने एवं कानून प्रावधान को लेकर विस्तार रूप से बताया गया। मौके पर सत्येन्द्र यादव, बद्री यादव, कविता देवी, बुधलाल सिंह, सुरेश भुइयां, राजेश सिंह, काली रविदास, चंद्रिका सिंग, नारायण सिंग, अर्जुन सिंह, दसरथ भुइयां, प्रतिमा देवी, नागिया देवी, कविलास देवी, रीता देवी, बबिता देवी, कविता देवी, कारू अगेरी, भोला प्रसाद सिंह, रखी कुमारी, सुषमा कुमारी, निशा कुमारी, सरजू भुइयां, ज्ञान प्रकाश सिंह, दामोदर सिंह, आलोक कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, मनीष लहेरी, नीलेश यादव आदि मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### बैनर लगाने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**गुमला।** लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदातओं को जागरूक करने के लिए होर्डिंग पर बैनर लगाने के क्रम में मंगलवार को एक मजदूर की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। गुरू कृपा फ्लैकस को स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर में बैनर लगाने का कार्य मिला है। मंगलवार को कचहरी मोड़ में गुरूकृपा फ्लैक्स के लोग एक होर्डिंग में मतदाता जागरूकता को लेकर बैनर लगा रहा था। इसी दौरान मजदूर गुमला थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर निवासी अशोक साहु बिजली तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह कचहरी के दीवार के पीछे जा गिरा। जहां दीवारों पर कटीला तार लगा हुआ है। करंट लगने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से कीटले तार को काटकर अशोक को बाहर निकाला गया और तत्काल उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुमला डीडीसी के चालक मो जावेद ने हिम्मत दिखाते हुए घायल मजदूर को तत्काल दीवार से इस पार किया। वहीं बैनर लगा रहे मृतक मजदूर के साथ भय से वहां से भाग गये।

### लोकसभा चुनाव को लेकर एआरओ ने घाघरा बीडीओ व कर्मियों से की बैठक



**घाघरा।** घाघरा बीडीओ के कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंगलवार को एआरओ राजीव कुमार ने पदाधिकारी और कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा शौचालय, पानी, बिजली फर्नीचर की व्यवस्था करने की निर्देश दिया। वहीं राजीव कुमार ने कहा की मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा पूर्ण रूपेण बेहतर हो ताकि चुनाव कर्मियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिसे लेकर सभी पदाधिकारी और कर्मी मतदान केंद्रो में घूम-घूम कर भौतिक स्थिति का सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट दे। साथ ही चुनाव गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करने की बात कही। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ आशीष मंडल, बीपीआरओ शंकर साहू, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी प्रदीप कच्छप, सहायक कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, प्रभारी कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक



**घाघरा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड के विद्यालयों में बने बूथ केंद्र के शिक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने मूलभूत सुविधा की जानकारी एक-एक कर बूथ केंद्र से आए शिक्षकों से लिया। इस क्रम में कई शिक्षकों ने कमरा कम होने, शौचालय, बिजली व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था में कमी होने की बात कही। जिस पर बीडीओ ने निर्देश देते हुए मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। वहीं जिनका भी मूलभूत सुविधा है उसे और चुस्त, दुरुस्त रखने की बात कही। साथी फर्नीचर से संबंधित भी जानकारी लिया। इस मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### रौनियार समाज का होली मिलन 22 को

**गुमला।** रौनियार वैश्य समाज गुमला के द्वारा 22 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला गुमला में किया गया है। कार्यक्रम 22 मार्च को संध्या 7:30 बजे से आरंभ होगी। जिसमें समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार कार्यक्रम में शरीक होने की अपील की गई है। यह जानकारी रौनियार समाज के सचिव अनमोल कुमार गुप्ता ने दी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहनों में चुनाव जागरूकता संबंधित लगाये गये पोस्टर



**गुमला।** लोकतंत्र के महापर्व को लेकर गुमला जिले में चहुंओर लोगों में उत्साह देखने का मिल रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले में कहीं रंगोली बनाकर, कहीं मेहंदी लगाकर तो कहीं शपथ दिलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान शहर से लेकर गांव तक में चल रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सहित स्वीप सेल के प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने पटेल चौक के समीप लगे सभी ऑटो एवं बस में चुनाव जागरूकता संबंधित पोस्टर व बैनर लगाया। इसके साथ ही कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में मतदान संबंधी जानकारी देने वाले पोस्टर-बैनर लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही आम नागरिकों को मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है। वहीं जिन युवाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनके नाम जुड़वाने के लिए भी आम नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है।

### बारिश के कारण कुगांव में दस एकड़ में लगे तरबूज की खेती हुई बर्बाद

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुगांव गांव में तेज बारिश के कारण दस एकड़ भूमि में लगे किसान परमेश्वर टाना भगत और घुरन सिंह की तरबूज की खेती बर्बाद हो गया। वहीं उन्हें आर्थिक नुकसान हो हुआ। इस आशय की जानकारी दोनो किसानों ने मंगलवार को देते हुए बताया कि दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण 10 एकड़ में लगाए गए तरबूज की खेती पूरी तरह बर्बाद हो गई। जिससे लगभग साढ़े 5 लाख की आर्थिक नुकसान हुई है। वहीं किसानों ने कहा कि बाजारों से कर्ज लेकर खेती की थी लेकिन तेज बारिश के कारण सब बर्बाद हो गया। वहीं किसानों ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की गुहार भी लगाई है।

### लक्ष्य बनाकर प्रयास करें, सफलता आपके कदम चूमेगी : अभिनव आनंद



लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम और सरस्वती मां के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय ने सिद्धांत ज्योतिष विषय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए, वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय और प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा अभिनव आनंद पाण्डेय और उनकी माताजी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने कहा कि विद्यार्थी अगर लक्ष्य बनाकर प्रयास करें तो उन्हें शीघ्र ही सफलता मिलती है व गुरुजनों की मार्गदर्शन से विद्यार्थी प्रयास करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे बीच के पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने मेहनत के कारण स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि ज्योतिष विज्ञान अपने आप में संपूर्ण विज्ञान माना गया हैं। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जटिलता से भागना नहीं चाहिए।

### उपायुक्त गुमला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

# उम्मीदवार चुनाव में कर सकते हैं 95 लाख रूपये तक खर्च

- जिला स्तर पर निर्वाचन शिकायत सेल 1950 का हुआ है गठन
- उम्मीदवारों के नामांकन प्रक्रिय को सरल बनाने को लेकर भी दी गई जानकारी



बैठक में डीसी, एसपी, डीडीसी, उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को सूचना भवन सभागार में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक हुई। मौके पर उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया।

साथ ही निर्वाचन कार्यक्रम, निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर सामूहिक प्रयास के माध्यम से स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की अपेक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभा, जुलूस व रैली इत्यादि के आयोजन व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की भी जानकारी दी। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को प्रदान की जाने वाली होम वोटिंग की सुविधा और बेहतर निर्वाचन प्रशिक्षण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी बताया गया। इस दौरान बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन में चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए निर्धारित है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला स्तर पर निर्वाचन शिकायत सेल 1950 भी गठित है। किसी भी शिकायत पर 24 घण्टे में अनिवार्य रूप से जांच के बाद निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न टीमों के गठन, संपत्ति विरूपण की कार्यवाही, डाक मतपत्र से मतदान की त्रुटिरहित प्रक्रिया सुनिश्चित करवाने व प्रशिक्षण स्थल पर फेसिलिटेशन सेन्टर के माध्यम से मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने की भी जानकारी दी गई।

# आचार संहिता को लेकर डीसी ने की बैंक अधिकारियो के साथ बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में बैंक प्रबंधकों को आदर्श आचार संहिता लागू की स्थिति में कैश की निर्धारित सीमा, कैश से संबंधित ग्राहक को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना, सी-विजिल पर आवश्यक डेटा इंट्री व संबंधित पदाधिकारियों व टीम को सूचना हेतु रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई। निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से निकासी व जमा में आवश्यक निगरानी हेतु प्रशिक्षण भी बैंक प्रबंधकों को बैठक के दौरान दिया गया। बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बैंकों में सरकारी योजनाओं की योजनाओं का बैनर/पोस्टर सभी हटवा लें। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहित का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, बैंक प्रबंधक नवेंदू कुमार, उत्पाद अधीक्षक आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देवदरिया शक्ति केंद्र में हुई भाजपा की बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**किस्को।** भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल के देवदरिया शक्ति केंद्र की बैठक कैलाश सिह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बालकृष्ण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में पूरा देश विकास कर रहा है समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, निशुल्क हर माह खाद्यान्न मिल रहा है, हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर स्वच्छ जल पहुंच रहा है, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन कोविड से बचने के लिए निशुल्क वैक्सीन, गांव-गांव बिजली पहुंचाना, महिला दीदी लोग को समूह के माध्यम से लखपति बनाने की योजना चल रही है, साथ ही पीएम किसान योजना के तहत किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को दी जा रही है। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक ने कहा कि आजादी के 60 वर्षों तक अनुसूचित जाति, जनजाति लोगों को सिर्फ ठगने कार्य कांग्रेस सरकार ने किया। आज जो कार्य को 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने कर दिखाया। आने वाला समय में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में फिर एक बार भाजपा की सरकार बने आप हर घर से वोट के रूप में पार्टी को सहयोग करें। मंडल उपाध्यक्ष सुरेश बैठक में जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, मदन प्रसाद गुप्ता, चिंता मन सिह, भुनेश्वर सिह, लालू उरांव, नंदा साही, खरीदन सिंह, कृष्णा गंझु, फूलों देवी, चिंता देवी, पिंकी देवी, सरहुल सिंह, कैलाश लोहार, प्रतिमा देवी, सुखिया, संगीता देवी, चंद्रदेव सिंह बलकु तुरी, ओम प्रकाश लोहार, कैलाश मोची, जगमोहन सिंह विक्रम सिंह केवला भुइया सहित देवदरिया, तलसा, खडीया, जोबागं, बरपानी, उलदाग, सपारन, बूथ अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

# डायन बिसाही के शक में सुन्नी उराईन हत्याकांड का बसिया पुलिस ने किया उदभेदन

**घटना में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, महिला का सिर धड़ से अलग कर हुई थी हत्या**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के रामजडी डुमरटोली गांव में शनिवार की रात को हुए 65 वर्षीय महिला सुन्नी उराईन हत्याकांड का बसिया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्याकांड में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। सुन्नी उराईन कि हत्या डायन बिसाही होने के शक में गांव के ही चार युवकों ने भुजाली से काट कर दिया था। मंगलवार को बसिया थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में बसिया एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने बताया कि दिनांक 18 मार्च दिन सोमवार को दिन के लगभग 9:30 बजे बसिया थानेदार पुनीत मिंज को सूचना मिली कि बसिया थाना क्षेत्र के रामजडी डुमर टोली गांव में एक महिला का सिर कटी लाश मिली है। जिस पर सन्हा दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृव में एक एसआईटी टीम का गठन कर थानेदार पुनीत मिंज एवं टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची। तो पाया कि एक महिला का सिर कटा शव कलवट के गड्ढे में पड़ा हैं तथा सिर अलग से एक प्लास्टिक के बोरे में बंधा हुआ था। उक्त शव की पहचान मृतका की बहु जीरा उराईन द्वारा किया गया। जहां अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार सुकरा उरांव ने बताया कि उसके तीन बच्चे जो हमेशा बीमार रहते है। काफी दवा दारू के बाद भी ठीक नहीं हो रहे थे। जिस कारण सुकरा को शक था कि सुन्नी उराईन डाइन है। जिस कारण उसके बच्चे ठीक नहीं हो रहे है। इसलिए उसने सुन्नी उरांव की हत्या करने की योजना बनायी। इसके लिए गांव के तीन दोस्त अनिल उरांव, रोहित उरांव एवम तुलसी राम से मिलकर सुन्नी को जान से मारने की योजना बनायी। वहीं घटना में प्रयुक्त भुजली भी बरामद कर लिया है। आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसआईटी टीम में एसडीपीओ नाजीर अख्तर, थानेदार पुनीत मिंज, पुअनि संजय मुंडा, कृष्णा कुमार, मोहन सिंह, राजेंद्र उरांव, दीपक कुमार प्रमाणिक, गोपीकांत महतो, अल्बर्ट एक्का, कर्मा उरांव, अशोक कुमार, अभिनाश पूर्ति एवं अमित किंडो शामिल थे।

### चेंबर का होली मिलन 22 को, तैयारी को लेकर छह सदस्यों की कमेटी का गठन

**गुमला।** 22 मार्च को आयोजित चैंबर का होली मिलन समारोह को लेकर छः सदस्यी समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में संयोजक अजय सिंह राणा, सहयोगी सदस्य बबलू वर्मा, आनंद गुप्ता, विकास सिंह, प्रणव साहु व रितेश गुप्ता के नाम शामिल है। चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया कि होली मिलन समारोह इस वर्ष बेहतर ढंग से आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर समिति गठित कर तैयारी की जा रही है। 22 जनवरी को पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वाइंट में संध्या 7.30 बजे से होली मिलन समारोह होगा। कसेरा ने होली मिलन समारोह में सभी व्यापारियों से भाग लेने की अपील की है।

# कार्यकर्ता ईमानदारी से कार्य करें : समीर उरांव

### बसिया में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** बसिया प्रखंड स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बसिया मंडल अध्यक्ष विजय सिंह पिंटू की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पार्टी के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव मुख्य रूप ये शामिल हुए। जहां समीर उरांव का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करे। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दृढ़ संकल्प से कोरोना जैसी महामारी से देश एवं पूरे विश्व की मदद की। 2014 में मोदी सरकार ने अंत्योदय का सपना पूरा किया। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यो को पहुंचाने का काम किया। सभी कार्यकर्ताओं को लोहरदगा लोकसभा की जीत सुनिश्चित करना होगा। पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता को यह रणनीति बनाना होगा कि वोटर घर से बाहर निकलकर कैसे बूथों तक जाए ताकि हमारा जीत का लक्ष्य पूरा हो। इसके लिए हमे बूथ कमिटी को मजबूत करना होगा। मौके पर जिलापरिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, तेम्बू उरांव, प्रतिमा देवी, लालमोहन साहु, शिव प्रसाद साहु, अनिता बड़ाईक, अमर पांडेय, जगदम्बा साहु, बिनोद भगत, रमा शंकर पांडेय, कृष्णा गुप्ता सहित 79 बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश में विकास मोदी सरकार की देन : मनीर उरांव



**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर मंडल भाजपा की भटखिजरी शक्ति केंद्र की बैठक शक्ति केंद्र संयोजक राजेन्द्र उरांव की अध्यक्षता मे हुईं। बैठक मे मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा विस्तारक विकास मोदक, प्रखंड प्रभारी सुरज मोहन साहू, प्रखंड अध्यक्ष सुरज दशौन्धी ने शक्तिकेंद्र के मुंदो, ईरगांव, बकरनी एवं भटखिजरी बूथ के अध्यक्ष संयोजक एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल मे देश मे प्रतिदिन 12 किलोमीटर सड़के बनती थी, लेकिन भाजपा नीत नरेंद्र मोदी नेतृत्ववाली सरकार जब सत्ता मे आयी तो प्रतिदिन 37 किलोमीटर सड़के बन रही है। कांग्रेस के शासनकाल मे गिने चुने पहुंचवाले व्यक्ति या कांग्रेस के नेता के यहां गैस का कनेक्सन मिलता था। अब मोदी जी के शासनकाल मे 10 करोड़ से अधिक मुफ्त मे एलपीजी गैस मुहैया कराया गया। उन्होने कहा की आनेवाला लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जीतने के लिए कार्यकर्ता जुट जाए। बैठक मे शक्तिकेंद्र के अंजू सोन तिर्की, सुमित्रा तिर्की, सरिता कुमारी, दिनेश साहू, प्रदीप उरांव,भीम लोहरा, सोमरा महली, बुदू उरांव, जितेश्वर भगत, दिलीप लकड़ा, निकेश राम, ओम प्रकाश महतो, संदीप साहू, पुनई भगत, मंटू उरांव कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव आज लोहरदगा में

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा मंडल की कार्यसमिति बैठक थाना रोड बाजार टाढ़ के समीप पूर्वाह्न 11:30 बजे एवं दोपहर 2:30 बजे अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यसमिति की बैठक बख्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शामिल होगें।यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस ने दी।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड परिसर में लोहरदगा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनवाड़ी सहायिका का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की चर्चा की गई एवं मुख्यतः स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के बारे में बताया गया कि लोकसभा चुनाव में लोहरदगा जिला का मतदान प्रतिशत को बढ़ाना हैं तथा रंगोली के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह द्वारा सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा गया हैं आप गांव के एक मजबूत स्तंभ हैं एवं आपकी सहभागिता मतदान के प्रतिशत में निश्चित रूप से असर डालेगी और हमें आशा हैं कि इस बार हमारा लोहरदगा मतदान के प्रतिशत के आंकड़े को 90 % तक पंहुच सकेगा। डीडसी द्वारा उपस्थित जन समुदाय को मतदान हेतु शपथ भी दिलवाई गई। जिले के नगर पालिका प्रशासक जयपाल सिंह के द्वारा मतदान में युवा एवं वृद्ध लोगो की सहभागिता को विशेष जोर देने पर बल दिया गया। मौके पर स्वीप पदाधिकारी-सीता पुष्पा, स्वाति, पिरामल फाऊंडेशन, कृष्ण गुप्ता उपस्थित थे।

# कैरो : बीएलओ के साथ बीडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भटाचार्या ने बीएलओ संग बैठक किया। जिसमें आगामी चुनाव को लेकर सभी तैयारियों का समीक्षा के साथ साथ बीएलओ द्वारा होने वाली कार्यो के बारे में परिचर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ में अपने कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक भी किया। जिसमें प्रखण्ड व अंचल कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिक के हित की काम करना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। साथ ही अचार संहिता के कारण अब सरकारी कर्मियों का दायित्व व जिम्मेवारी भी बढ़ गई है इसे ध्यान में रखते हुए काम करने की जरूरत है। बैठक में किशोर उरांव, दिनेश कुमार, प्रदीप साहू, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, अमित कुमार, सनाउल्लाह अंसारी, परवेज आलम सहित प्रखंड व अंचल कर्मी एवं बीएलओ उपस्थित थे।

### दो दिनों से हो रही बारिश से तापमान में गिरावट फसलें हो रही है प्रभावित



**भंडरा।** प्रखंड में दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। तापमान में गिरावट से ठंडा बढ़ गया है। लोग ठंडा को समाप्त एवं गर्मी का अहसास कर रहे थे परंतु दो दिनों का बारिश के बाद फिर से गर्म कपड़ा की आवश्यकता पड़ने लगी है। त्योहार के समय रोजाना मौसम खराब रहने से बाजार में भी असर दिख रहा है। बेमौसम बरसात का असर खेती किसानी में भी दिख रहा है। एक सप्ताह पहले आए तूफान के कारण ईख, गेहूं का फसल जमीन में गिर गया है। इसके बाद अब बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान होने लगा है। किसान बता रहे हैं कि ईख का फसल को भी नुकसान हो रहा है। बेमोसम बरसात से कई तरह की परेशानी बढ़ गई है।

### होली मिलन समारोह आज

**लोहरदगा।** सुंडी एकता मंच उत्तरी पूर्वी क्षेत्र लोहरदगा का होली मिलन समारोह आज बुधवार को संध्या 5:00 बजे से कुटमू स्थित गीतांजलि पैलेस में आयोजित की गई है। कार्यक्रम में राधेश्याम वृंदावन रसिक मंडल के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शौडीक समाज के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता होंगे।

# घाघरा प्रखंड का जिलिंगसिरा व बाराडीह गांव, रायडीह प्रखंड का लालमाटी से पहाड़ टुडूरमा जहां आज तक नहीं बनी सड़क



- आजादी के बाद भी आज तक नहीं बदली कई गांवों की स्थिति आज भी है बदहाल
- सड़क की मांग को लेकर करते रहे हैं आंदोलन, वोट बहिष्कार की पूर्व में दे चुके हैं चेतावनी
- लोकतंत्र के महापर्व में बरसाती मेंढक की तरह दस्तक देने लगते हैं गांवों में नेता, वोट मांगने के बाद मुड़कर गांवों की ओर नहीं जाते हैं

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** बरसात आते ही मेढ़कों का टरटरना आरंभ हो जाता है और चुनाव आते ही गांवों में नेताओं की चहलकदमी आरंभ हो जाती है। लोकतंत्र के महापर्व में नेता गांवों में पहुंचकर विरासत में मिले आश्वासन की चासनी लोगों को चटना आरंभ कर देते हैं और चुनाव खत्म होने के बाद पलटकर भी गांव की ओर रूख करना पसंद नहीं करते हैं। यही कारण है कि आजादी के इतने लंबे अंतराल के बाद भी जिले के कई गांवों में या तो सड़क बनी ही नहीं या फिर सड़क की स्थिति बदहाल है। सड़क तो सड़क कई गांवों में आज भी बुनियादी सुविधा मयस्सर नहीं है। आज भी लोग पानी, बिजली, सड़क जैसी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। यही कारण है कि लोकतंत्र के महापर्व को देखते हुए नेताओं के आश्वासन से आजीज आयी जनता वोट बहिष्कार की चेतावनी देने लगते हैं। गुमला जिला का डुमरी प्रखंड का मिरचाय पाठ गांव ऐसा ही एक गांव है। जहां आज भी ग्रामीण पेयजल जैसी समस्या से झूज रहे हैं। वहीं गांव जाने के लिए एक बेहतर सड़क नहीं है। इसी तरह रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव लालमाटी से पहाड़ टुडूरमा से सोकराहातु तक सड़क ही नहीं है। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि इन गांवों के लोग पहाड़ चढ़ने के बाद दस किलो मीटर पैदल चलकर प्रखंड मुख्यालय किसी तरह आते हैं। विशुनपुर प्रखंड के पाट क्षेत्रों में अवस्थित कई गांवों में आज भी पेयजल की समस्या विद्यमान है। जबकि इस क्षेत्र में हिंडालको कंपनी सीएसआर के तहत काम करने के बड़े-बड़े दावे भी करती है। वहीं घाघरा प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव व बाराडीह गांव में भी सड़क की स्थिति बदहाल है। लंबे समय से इन दोनों गांवों के लोग सड़क की मांग कर रहे थे और वोट बहिष्कार की चेतावनी भी दी थी। वहीं गुमला सदर प्रखंड के कसीर गांव के लोग भी गांव जाने वाले बदहाल सड़क के निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं और वोट बहिष्कार की चोतवानी भी दी है। कसीरा के लोग डबल रोड बनाने की मांग कर रहे हैं। कसीरा जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हालत में है। कसीरा जाने वाले मार्ग में पड़ने वाले गांवों के लोग भी वोट बहिष्कार की चेतावनी दी है। चुनाव आयोग ने सभी से मतदान की अपील की है और जिले में मतदान का लक्ष्य 80 प्रतिशत रखा गया है। लोकतंत्र के महापर्व में जनता के पास मतदान का सबसे बड़ा हथियार है। वे अपने मत से बेहतर व मजबूत लोकतंत्र की स्थापना कर सकते हैं और अपने आकाक्षंओं के अनुरूप उम्मीदवार का चयन कर अपने गांव की विकास की बात उसके समक्ष रख सकते हैं।

# बार एसोसिएशन में शोकसभा का आयोजन



शोक व्यक्त करते अधिवक्तागण।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के आसमयिक निधन पर जिला बार एसोसिएशन के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा की बक्सी बाबू के नाम से जाने जाने वाले ब्रजकिशोर प्रसाद एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने के अलावा आम लोगों से भी खुले दिल से मिलना इनका स्वभाव था। इनके आसमयिक निधन से बार एसोसिएशन को जो क्षति हुई है वह पुरी नहीं की जा सकती हैं। लंबे समय से किडनी की समस्या से जूझ रहे बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद ने 18 मार्च को करीब तीन बजे अंतिम सांस ली। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने उनके घर पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के आसमयिक निधन को लेकर 19 मार्च को सिविल कोर्ट के कार्यों से अधिवक्ताओं ने खुद को अलग रखने का फैसला लिया। इस वजह से न्यायिक कार्य मंगलवार को बाधित रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, अमरेन्द्र सिंह, लाल दीपक कुमार, पवन कुमार, लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव, विक्रम कुमार, नरेंद्र मिंज, पुन्नी साहू,अजय लकड़ा, विपिन बिहारी दुबे, विनय साहू, राधाकृष्ण शर्मा, हेमंत सिन्हा, राकेश अखौरी, सतीश विधार्थी, अताउर रहमान, नसीम अंसारी, भोला प्रसाद, तरुण देवघरिया, देवाशीष कार, दीपक कुमार, इमरान गौसूल मिरदाहा, राखा साहू, लाल त्रिपुरारी नाथ शाहदेव, गौतम लेनिन, सुमन भगत, सचिन कुमार, सहायक संतोष उरांव, अनिल पांडेय सहित सभी अधिवक्तागण, और सहयोगी शोक सभा में शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक और उनकी पत्नी को उम्रकैद

**ढाका।** बांग्लादेश में मंगलवार को भ्रष्टाचार पर अहम कानूनी फैसला आया है। ढाका की एक अदालत ने सोनाली बैंक के लगभग 4,000 करोड़ रुपये के ऋण भ्रष्टाचार से संबंधित 11 मामलों में से एक में हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक तनवीर महमूद और उनकी पत्नी जैस्मीन इस्लाम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ढाका के विशेष न्यायाधीश कोर्ट-1 के जज मोहम्मद अबुल काशेम ने फैसले की घोषणा की। इन मामलों में जेल में बंद आरोपितों में तनवीर और उनकी पत्नी के अलावा हॉलमार्क के महाप्रबंधक तुषार अहमद, सोनाली बैंक के प्रधान कार्यालय के पूर्व जीएम मीर मोहिदुर रहमान, उप महाप्रबंधक मोहम्मद सफीउद्दीन अहमद, उप प्रबंध निदेशक मैनुल हक, एजीएम मोहम्मद कमरुल हुसैन खान और नक्शी निट के मोहम्मद अब्दुल मालेक शामिल हैं।

## गढ़चिरौली में मुठभेड़ चार नक्सली मारे गये

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोलामरका जंगल में मंगलवार तड़के तेलंगाना से गढ़चिरौली में घुसे नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। इनमें नक्सलवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य वर्गेश, मंगी इंद्रवेली क्षेत्र समिति के सचिव कुंमराम भीम, सिरपुर चेन्नूर क्षेत्र समिति के सदस्य राजू कुरसांग और कुट्टीमेट्टा व्यंकटेश शामिल हैं।

## बिहार के दो शूटर नेपाल में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बिहार के दो कुख्यात शूटरों को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया है। यह दोनों कुछ समय से सीमवर्ती सलार्ही के बरहथवा में किराये के मकान पर रह रहे थे। बिहार पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। सलार्ही के डीएसपी दीपेन्द्र पंजियार ने बताया कि सीतामढ़ी के सन्नी कुमार सिंह (28) और मोतिहारी के जीतेन्द्र राउत (24) को गिरफ्तार कर लिया।

## पाक में शक्तिशाली से हिली धरती, तीव्रता 5.6

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने कहा कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 रही। जीएफजेड के अनुसार, मंगलवार को 0035 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र 29.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 65.37 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था।

## अमेरिका के बोस्टन में भारतीय छात्र की मौत

**न्यूयार्क।** अमेरिका के बोस्टन में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई। इस वर्ष अब तक अमेरिका में कम से कम छह भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में हमलों की संख्या में बढ़ोतरी से वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं। न्यूयार्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू के निधन की खबर जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने बताया कि पारूचुरू के परिजन अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में रहते हैं और जांच अधिकारियों से सीधे संपर्क में हैं। शुरूआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है।

## दीपक कुमार बने यूपी के प्रमुख सचिव गृह

**लखनऊ।** सरकार ने मंगलवार को आईएएस दीपक कुमार को प्रमुख सचिव (गृह) की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रमुख सचिव (गृह) रहे संजय प्रसाद प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, सूचना और प्रोटोकाल के पदों पर बने रहेंगे। आयोग ने सोमवार को यूपी, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, झारखंड और हिमांचल प्रदेश के गृह सचिवों को हटाने के निर्देश दिए थे।

# तमिलनाडु में 10 सीटों पर लड़ेगी पीएमके

लोकसभा चुनाव

**भाजपा और पट्टाली मक्कल काची के बीच हुआ समझौता**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी और तमिलनाडु की पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के बीच मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर पर सीटों के बंटवारे पर समझौता हो गया। डॉ. एस रामदॉस के नेतृत्व वाली पीएमके राज्य की 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और पीएमके संस्थापक रामदॉस ने यहां थाइलापुरम स्थित आवास पर समझौते पर हस्ताक्षर किए। पीएमके वन्नियार समुदाय को अपील करने वाली पार्टी है। इसका उत्तर तमिलनाडु के जिलों में खासा प्रभाव है। सीट बंटवारे के समझौते के बाद पत्रकारों से बातचीत में के अन्नामलाई ने कहा कि पीएमके के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने से राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। अब दोनों नेता डॉ. एस रामदॉस और अंबुमणि रामदॉस सेलम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक सभा में हिस्सा लिया। वहीं, पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदॉस ने कहा कि आज पार्टी ने तमिलनाडु में एनडीए में शामिल होने का फैसला किया है। पिछले 57-58 वर्षों में राज्य पर शासन करने वाली पार्टियों ने तमिलनाडु को बर्बाद कर दिया है। लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पीएमके को तमिलनाडु में 10 सीटें मिली हैं और उन्हें विश्वास है कि तमिलनाडु के साथ-साथ पूरे देश में एनडीए को बड़ी जीत मिलेगी।






## पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े मौजूद रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद तरनजीत सिंह ने पत्रकारों से कहा कि पिछले 10 सालों में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम किया। खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ राजनयिक संबंधों के मामले में करीब से काम किया। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व विकास पर केंद्रित हैं। यह विकास अमृतसर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पार्टी में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें देश की सेवा के नए रास्ते पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# घोषणा पत्र जारी करने के लिए खड़गे अधिकृत

### कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी बैठक में 5 गारंटियों पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति इस मामले को लेकर गठित पार्टी की समिति द्वारा तैयार घोषणा पत्र को मंजूरी दे दी है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इसे जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्य समिति ने करीब साढे तीन घंटे तक इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया और सबकी राय सुमारी के बाद श्री खडगे को इसे जल्द से जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

उन्होंने बताया कि श्री खड़गे की अध्यक्षता में हुई कार्य समिति की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा अन्य नेता मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कार्य समिति ने घोषणापत्र को अंतिम मंजूरी देने के लिए श्री खड़गे को अधिकृत किया है। इसकी रिलीज की तारीख पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लिए गए निर्णय को आगे बढ़ाते हुए हमने पांच गारंटियों की जो घोषणा की है सीडब्ल्यूसी ने इन सभी गारंटियों के संदेश को जमीनी स्तर तक प्रसारित करने की योजना तैयार की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कार्य समिति की जो बैठक हुई वह सिर्फ घोषणा पत्र के लिए नहीं बल्कि हमारे न्याय पत्र के लिए है। भाजपा के पिछले 10 साल के अन्याय काल से देश को मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस तैयार है। उन्होंने कहा कि खड़गे व राहुल ने बीते दिनों में पांच न्याय को लेकर 25 गारंटियों की घोषणा की है।



### घोषणा पत्र हर वर्ग के जीवन को बदलाव की गारंटी : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने म्कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र महज दस्तावेज या गारंटी नहीं बल्कि इसमें जिन मुद्दों को शामिल किया गया है वे समाज के हर वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने की गारंटी हैं। श्री गांधी ने घोषणा पत्र में सभी वर्गों के हितों को सधा गया है और इसके क्रियान्वयन से हर वर्ग के जीवन में बदलाव सुनिश्चित हो सकेगा।

## संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा की हो रही कोशिश : टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस्तेमाल हो रहे 'मोदी की गारंटी' वाक्य को लेकर निशाना साधा। भाजपा पर हमला बोलते हुए टीएमसी ने मंगलवार को सवाल उठाया कि क्या मोदी की गारंटी वाले नारे का मतलब भाजपा का संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा जमाना है। देश की राजधानी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में तृणमूल की सागरिका घोष और बाबुल सुप्रियो ने अधिकारियों को हटाने के निर्वाचन आयोग के आदेश पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

बाबुल सुप्रियो ने कहा कि जिस तरह से चुनाव हो रहे हैं, पुलिस महानिदेशक का तबादला किया गया, ये क्या दर्शाता है ? देखा गया है कि जब मतदान लंबे समय तक चलता है तो लोगों की दिलचस्पी कम हो जाती है और बाद के चरणों में कम मतदान होता है। अगर आप चुनाव कार्यक्रम पर गौर करेंगे तो पाएंगे यह कार्यक्रम भी इसी आधार पर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी दलों को समान अवसर देना चाहिए। सागरिका घोष ने कहा कि मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली है और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी प्रधानमंत्री नहीं, चुनाव मंत्री हैं। वह चुनाव के समय वादे तो करते हैं,लेकिन उन्हें पूरा कभी नहीं करते। मोदी की गारंटी क्या है ? बंगाल में जिस तरह से अधिकारी बदले जा रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा जमाया जा रहा है, क्या यह मोदी की गारंटी है ?

# अमित शाह से मिले राज ठाकरे एनडीए में शामिल होगी मनसे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के साथ अटकलें लगाई जाने लगी कि भाजपा के अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में राज ठाकरे की पार्टी भी शामिल होगी।यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है तथा उनकी पार्टी की रक्षा कर सकती है। क्रैस्टो ने कहा कि यह आश्चर्यजनक नहीं है कि उन्होंने (ठाकरे) केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की क्योंकि भाजपा के साथ उनकी निकटता के पर्याप्त संकेत थे। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। भुजबल ने कहा कि जिस तरह से विपक्षी इंडिया गठबंधन में नये दल शामिल हो रहे हैं, उसी तरह महायुति में नये दलों के शामिल होने का सिलसिला जारी रहेगा। राकांपा नेता ने तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का उदाहरण भी दिया। ठाकरे सोमवार को दिल्ली पहुंचे थे और आज उनकी अमित शाह से मुलाकात हुई। जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी।



# 29 को रिलीज होगी रवि किशन की फिल्म महादेव का गोरखपुर

**मुंबई।** भोजपुरी, हिंदी , तमिल , तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ-साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिये तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72 , उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है।आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इसबार पुनः गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है ,वहअवर्णनीय है । फिल्म की पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है । महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म बनी है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म महादेव का गोरखपुर के लेखक साई नारायण हैं,फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है।



## राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान को चुनावी मुद्दा बनाएगी भाजपा

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह इसे चुनाव में एक जबरदस्त मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस को जवाब देना होगा कि वह बार बार हिन्दू आस्था, चिंतन एवं संस्कृति का अपमान क्यों करती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिन्दू आस्था, चिंतन, संस्कार, संस्कृति का अपमान करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब महात्मा गांधी की प्रेरणा से चलने वाली पार्टी नहीं रही है। श्री राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस अब माओवादी, विभाजनकारी, और अलगाववादी विचार लेकर चलती है। श्री प्रसाद ने कहा कि राहुल ऐसे तत्वों के प्रभाव में हैं। उन्होंने कहा है -हिन्दू धर्म में शक्ति का शब्द है।

# फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

**11 नवंबर 2006 को अंधेरी के वर्सोवा में शर्मा ने लखन भैया का किया था एनकाउंटर**

एजेंसी

**मुंबई।** बाम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुंबई में बहुचर्चित लखन भैया एनकाउंटर मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हाई कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को तीन सप्ताह के अंदर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार 11 नवंबर 2006 को अंधेरी के वर्सोवा में हुए रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया एनकाउंटर की एसआईटी जांच में खुलासा हुआ था कि एनकाउंटर फर्जी था। इस मामले में मुंबई पुलिस और पुलिस के 13 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें प्रदीप शर्मा भी शामिल थे। 2008 में उन्हें निलंबित भी कर दिया गया था लेकिन कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। रामनारायण के वकील भाई एडवोकेट राम प्रसाद गुप्ता की लगातार पैरवी के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर एसआईटी ने मामला दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई के बाद 2013 में सेशन कोर्ट ने 11 पुलिसकर्मियों समेत 21 लोगों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी लेकिन प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया गया। इसके बाद रामप्रसाद गुप्ता और राज्य सरकार ने निचले कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस गौरी गोडसे की पीठ के समक्ष 8 नवंबर, 2023 को पूरी हो गई और पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट की पीठ ने आज इस मामले में फैसला सुनाया है।



## बंगाल के 6 लोस क्षेत्र संवेदनशील

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने राज्य के छह लोकसभा क्षेत्रों को आर्थिक रूप से संवेदनशील घोषित किया है। आयोग ने केंद्र और राज्यों की 22 जांच एजेंसियों को उन इलाकों पर निगरानी रखने को कहा है। आयोग की वित्तीय रूप से संवेदनशील केंद्रों की सूची में दार्जिलिंग, मालदा उत्तर और दक्षिण, आसनसोल, बनगांव और कोलकाता उत्तर शामिल हैं। आयोग सूत्रों के मुताबिक पिछले चुनाव में उन केंद्रों से भारी मात्रा में रुपये और शराब की बरामदगी हुई थी। इसी वजह से उन इलाकों को आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील घोषित किया गया है। ऐसे केंद्रों पर अतिरिक्त ध्यान देने की बात कही गयी है। 22 जांच एजेंसियों के लिए 22 पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। यह एजेंसी पर्यवेक्षकों को रिपोर्ट करती है जहां से आयोग पर्यवेक्षकों से प्रतिदिन रिपोर्ट लेता है। आयोग ने बताया कि इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि चुनाव में धन बल के इस्तेमाल को रोका जा सके।

# गौना कराने ससुराल पहुंचे काशीपुराधिपति का रंगभरी ठंडई से स्वागत

**मथुरा के जेल में कैदियों द्वारा तैयार की गई खास हर्बल अबीर भी काशी पहुंची**

**आज शिव परिवार की निकलेगी रजत डोली,भक्त खेलेंगे अबीर की होली**

एजेंसी

**वाराणसी।** वाराणसी। रंगभरी एकादशी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को गौरा की बारात लेकर टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास (गौरा सदनिका) प्रतीक रूप से पहुंचे काशीपुराधिपति और बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। महंत आवास पर बारातियों का स्वागत रंगभरी ठंडई पिला कर किया गया। दूल्हा बने बाबा विश्वनाथ पर ठंडई और गुलाबजल की फुहार उड़ाई गई। इसके बाद फल, मेवा और बाबा के लिए खासतौर पर तैयार की गई रंगभरी ठंडई का भोग लगाया गया। बारात के साथ ही अयोध्या के पारंपरिक रामायणी परिवार के प्रतिनिधि पं. अनिल तिवारी ने रंगभरी एकादशी की तिथि पर शिव और गौरा की पालकी पर उड़ाने के लिए अबीर भेंट की। साथ ही मथुरा के जेल में कैदियों द्वारा तैयार की गई खास हर्बल अबीर भी काशी पहुंची। आवास पर बाबा विश्वनाथ के आगमन पर अनुष्ठान का विधान पं.सुनील त्रिपाठी के अचार्यत्व में किया गया। बाबा की ससुराल (गौरा सदनिका) में स्वागत श्री संकठा मंदिर के मंहत पं.अतुल शर्मा व रजनी शर्मा ने किया। वैदिक बटुकों ने मंत्रोचार के साथ बाबा का अभिषेक करने के बाद वैदिक सूक्तों का घनपाठ किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ कुलपति तिवारी के सानिध्य में संजीवरत्न मिश्र ने अनुष्ठान किया।

बाबा विश्वनाथ एवं माता पार्वती की गोद में प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमा को एक साथ सिंहासन पर विराजमान कराया गया। पूजन-आरती कर भोग लगाया गया। पहले डमरुओं की गर्जना हुई फिर महिलाओं और नगर के कलाकारों ने मंगल कामनाओं से परिपूर्ण पारंपरिक गीत, लोकनृत्य, संगीत से ससुराल पहुचे काशी पुराधिपति का स्वागत हुआ। रंगभरी एकादशी पर 20 मार्च को बाबा के पूजन का क्रम ब्रह्म मुहूर्त में मंहत आवास पर आरंभ होगा। बाबा के साथ माता गौरा की चल प्रतिमा का पंचगव्य तथा पंचामृत स्नान के बाद दुग्धाभिषेक किया जाएगा। दुग्धाभिषेक पं. वाचस्पति तिवारी और संजीवरत्न मिश्र करेंगे। सुबह पांच से साढ़े आठ बजे तक 11 वैदिक ब्रह्मणों द्वारा षोडशोपचार पूजन , फलाहार का भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। दस बजे चल प्रतिमाओं का राजसी श्रृंगार एवं पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे भोग आरती के बाद के बाबा का दर्शन आम श्रद्धालुओं के खोला जाएगा। जन सामान्य के लिए दर्शन सायं साढ़े चार बजे तक खुला रहेगा। डमरूदल के सदस्यों के लिए दोपहर दो से तीन बजे तक समय निर्धारित किया गया है। बाबा की पालकी शोभायात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास से विश्वनाथ मंदिर तक निकाली जाएगी। इससे पूर्व प्रातः साढ़े दस बजे से शिवांजलि के अन्तर्गत संक्षिप्त संगीत समारोह का परंपरागत आयोजन होगा। एएम. हर्ष के संयोजन में होने वाले शिवांजलि संगीत समारोह की शुरूआत महेंद्र प्रसन्ना शहनाई की मंगलध्वनि से करेंगे।



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !